संसेक्स 77,209.90 -269.03
डॉलर 83.568 -0.059
रांची सर्राफा
10 ग्राम 68,500
01 किलो 98,500

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

आषाढ़ कृष्ण पक्ष 01, संवत 2081 | रांची, रविवार, 23 जून 2024, वर्ष-25, अंक-141, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com






स्थिर और प्रगतिशील बांग्लादेश के लिए प्रतिबद्ध ...






## पीएम ने आचार्य लक्ष्मीकांत के निधन पर जताया दुख



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के गर्भगृह में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा कराने वाले काशी के प्रकांड पंडित आचार्य लक्ष्मीकांत दीक्षित के निधन पर दुख जताया है। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर पोस्ट किया, देश के मूर्धन्य विद्वान और साङ्गवेद विद्यालय के यजुवेर्दाध्यापक लक्ष्मीकान्त दीक्षित के निधन का दुःखद समाचार मिला। दीक्षित काशी की विद्वत्परंपरा के यशपुरुष थे। काशी विश्वनाथ धाम और राम मंदिर के लोकार्पण पर्व पर मुझे उनका सान्निध्य मिला। उनका निधन समाज के लिए अपूरणीय क्षति है।

## आज | कल




## व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें

**1994** से अनवरत हम आपके लिए समाचारों की प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर है, जिसमें आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में इस नंबर **82925 53444** पर भेज सकते हैं।

आपत्तिजनक सामग्री भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर **8292373444** संपर्क करें।

### नीट पेपर लीक मामला

# बिहार पुलिस ने देवघर से छह युवकों को हिरासत में लिया

1. सभी नालंदा के निवासी, किराए के मकान में छिपकर पर रहे थे
2. पेपर सॉल्वर गैंग रांची और हजारीबाग से कर रहा था ऑपरेट
3. बिहार में गिरफ्तार सिकंदर यादवेंदु रांची में करता था ठेकेदारी
4. रिम्स के एक कॉटेज में सिंकदर अनधिकृत रूप से रहता था
5. रिम्स में भी करा चुका है मेंटिनेंस और रिपेयरिंग का काम

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** नीट (यूजी) पेपर लीक मामले के तार झारखंड के हजारीबाग, रांची और देवघर से भी जुड़ गए हैं। बिहार पुलिस के इकोनॉमिक ऑफेंस विंग



(ईओयू) ने शनिवार को देवघर शहर से इस मामले में छह लोगों को हिरासत में लिया। ये सभी बिहार के नालंदा के रहने वाले हैं, जो देवघर में किराए के मकान में छिपकर रह रहे थे।

बिहार पुलिस की टीम ने हजारीबाग में भी नीट (यूजी) के लिए बनाए गए परीक्षा केंद्रों की जांच की है। बताया जा रहा है कि लीक हुए पेपर का सॉल्वर गैंग रांची और हजारीबाग से ऑपरेट कर रहा था।

देवघर शहर से जिन लोगों को हिरासत में लिया गया है, उसमें सींटू नामक युवक शामिल है। उसके साथ पांच अन्य लोग यहां पिछले कुछ दिनों से मजदूर बनकर टिके हुए थे। बिहार ईओयू की टीम इनसे पूछताछ कर रही है। पेपर लीक में **शेष पेज 11 पर**

## एनटीए महानिदेशक सुबोध कुमार हटाए गए, उच्च स्तरीय समिति गठित

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** नीट (यूजी) परीक्षा 2024 में कदाचार और गड़बड़ियों के आरोपों के बीच केंद्र सरकार ने एनटीए के महानिदेशक सुबोध कुमार सिंह को उनके पद से हटा दिया गया है। हालिया परीक्षाओं में अनियमितताओं के मद्देनजर केंद्र सरकार ने यह फैसला किया है। वहीं भारतीय व्यापार प्रचार संगठन के चेयरमैन और एमडी प्रदीप सिंह खरोला को एनटीए के महानिदेशक का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। एक और बड़ा कदम उठाते हुआ केंद्र सरकार ने एनटीए की ओर से आयोजित परीक्षाओं में पारदर्शिता लाने के लिए भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के पूर्व अध्यक्ष के. राधाकृष्णन की अध्यक्षता में शनिवार को एक समिति गठित की। समिति दो महीने के भीतर



अपनी रिपोर्ट सौंपेगी। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने बताया कि समिति का उद्देश्य एनटीए द्वारा आयोजित परीक्षाओं के पारदर्शी और कदाचार मुक्त आयोजन के लिए सुझाव देना है। इसके लिए वह परीक्षा की प्रक्रिया का शुरू से लेकर अंत तक विश्लेषण करेगी और तंत्र में सुधार के लिए सुझाव देगी जिससे किसी संभावित लीकेज को टाला जा सके। वह एनटीए की मानक परिचालन प्रक्रियाओं (एसओपी) की भी समीक्षा करेगी और एसओपी तथा निगरानी प्रक्रिया को मजबूत करने के लिए सुझाव देगी। डाटा सुरक्षा प्रोटोकॉल को **शेष पेज 11 पर**

### समिति के सदस्य

- के. राधाकृष्णन (इसरो) के पूर्व अध्यक्ष को समिति का अध्यक्ष बनाया गया है
- गोविंद जायसवाल- केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के संयुक्त सचिव होंगे सदस्य सचिव
- डॉ. रणदीप गुलेरिया - एम्स दिल्ली के पूर्व निदेशक
- प्रो. बीजे राव- वीसी हैदराबाद केंद्रीय विश्वविद्यालय
- राममूर्ति के- प्रोफेसर एमिरिटस, आईआईटी मद्रास
- पंकज बंसल- पीपुल स्ट्रांग के सह संस्थापक
- प्रो. आदित्य मित्तल- आईआईटी दिल्ली के डीन (छात्र मामले)

### एंटी पेपर लीक कानून लागू, 10 साल जेल, 1 करोड़ का जुर्माना

**नई दिल्ली।** प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रश्नपत्र लीक होने के मामलों की सख्ती से रोकथाम के लिए शुक्रवार देर रात पेपर लीक कानून लागू कर दिया गया। यह कानून इसी साल फरवरी में पारित हुआ था, सरकार ने शुक्रवार को इसकी अधिसूचना जारी कर दी। इसे 'लोक परीक्षा कानून 2024' (पब्लिक एग्जामिनेशन एक्ट 2024) नाम दिया गया है। इसके लागू से प्रतियोगी परीक्षाओं में अनुचित साधनों के इस्तेमाल पर तीन से पांच साल की सजा और 10 लाख रुपये तक के जुर्माने का प्रावधान है। संगठित रूप से इस तरह **शेष पेज 11 पर**

## लातेहार में दूषित पानी पीने से 20 स्कूली बच्चे बीमार



**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** जिले के चंदवा प्रखंड अंतर्गत दुरु प्राथमिक विद्यालय में दूषित पानी पीने से शनिवार को 20 बच्चे बीमार पड़ गए। गंभीर अवस्था में सभी बच्चों को एंबुलेंस से चंदवा अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकों की टीम ने बच्चों का इलाज किया। हालांकि सभी बच्चों की स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार शनिवार को बच्चे स्कूल गए थे। नाश्ता के बाद बच्चों ने जब टंकी का पानी पीया तो पानी में कुछ दुर्गंध आने की शिकायत शिक्षक से की। थोड़ी देर में पानी पीने वाले बच्चे उल्टी करने लगे। स्थिति को देखकर शिक्षक ने तत्काल स्वास्थ्य विभाग को घटना की जानकारी दी। इसके बाद स्वास्थ्य विभाग की टीम एंबुलेंस लेकर स्कूल पहुंची और सभी बच्चों को अस्पताल पहुंचाया। डॉ तरुणेश जोश लकड़ा की निगरानी में सभी बच्चों का इलाज किया गया। जांच के बाद चिकित्सा में बच्चों की स्थिति खतरे से बाहर बताई। परंतु बच्चों को अभी चिकित्सा निगरानी में रखने की बात कही। इधर इस संबंध में मुखिया सीतमोहन मुंडा ने बताया कि घटना **शेष पेज 11 पर**

## उड़ी में घुसपैठ की नाकाम कोशिश, दो आतंकी ढेर

**बारामुला(एजेंसी)।** बारामूला जिले के उड़ी सेक्टर के गोहलान इलाके में शनिवार को घुसपैठ की कोशिश को सुरक्षाबलों ने नाकाम कर दिया। आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच हुई मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गए। समाचार लिखे जाने तक मुठभेड़ जारी है। अधिकारियों ने बताया कि उडी के गोहलान इलाके में नियंत्रण रेखा के इस तरफ घुसपैठ की कोशिश कर रहे आतंकवादियों के एक समूह को सतर्क सुरक्षा बलों ने देखा और उन्हें चेतावनी दी। इसके बाद आतंकवादियों और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़ शुरू हो गई है। इस मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने दो आतंकवादियों को मार गिराने में सफलता हासिल की है। मारे गए आतंकवादियों की पहचान की जा रही है।

## केंद्रीय कर्मचारियों ने पुराने पेंशन बहाली सहित आठवें वेतन आयोग की मांग की

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** केंद्र में नई सरकार के गठन के बाद अब केंद्रीय बजट की तैयारियां शुरू हो गई हैं। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को बजट 2024-25 पर सुझाव लेने के लिए सभी राज्यों और विधानमंडल वाले केंद्र शासित प्रदेशों के वित्त मंत्रियों के साथ बजट पूर्व बैठक की है। जुलाई के तीसरे सप्ताह में केंद्रीय बजट पेश किया जा सकता है। उससे पहले आर्थिक सर्वेक्षण की रिपोर्ट



जारी होगी। लोकसभा चुनाव से पहले एक फरवरी 2024 को अंतरिम बजट लाया गया था। केंद्रीय कर्मचारी संगठनों ने भी वित्त मंत्री के समक्ष अपनी नौ मांगों की फेहरिस्त रख दी है। इनमें पुरानी पेंशन बहाली, आठवें वेतन आयोग का गठन, मेडिकल सुविधाओं की बेहतरी, स्टाफ बेनिफिट फंड, रेस्टोरेशन कम्युटेशन ऑफ पेंशन, इनकम टैक्स स्लैब, होम लोन रिकवरी व रेलवे की क्षमता में वृद्धि, आदि मांगें शामिल हैं। जेसीएम 'स्टाफ साइड' के सचिव और एआईआरएफ के महासचिव शिव गोपाल मिश्रा ने 21 जून को केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण को पत्र लिखा है। उन्होंने अपने पत्र में कहा है, केंद्रीय **शेष पेज 11 पर**

### धोखाधड़ी मामला

## अभिनेत्री अमीषा और शिकायतकर्ता के बीच समझौता

**रांची।** बॉलीवुड फिल्म अभिनेत्री अमीषा पटेल से जुड़े धोखाधड़ी मामले में दोनों पक्षों के बीच शनिवार को समझौता हुआ। डालसा रांची में हुई सुनवाई के दौरान दोनों पक्ष अमीषा पटेल और अजय कुमार सिंह वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से उपस्थित हुए। झारखंड हाईकोर्ट के जस्टिस सह झालसा के कार्यपालक अध्यक्ष सुजित नारायण प्रसाद के दिशा-निर्देश और रांची सिविल कोर्ट के प्रधान न्यायायुक्त दिवाकर पांडे के मार्गदर्शन में समझौता हुआ।

## दुमका में हाईटेंशन तार के संपर्क में आने से बस में लगी आग, दो झुलसे

**नवीन मेल संवाददाता**

**दुमका।** जिले के दिग्घी ओपी क्षेत्र अंतर्गत श्री अमडा में हाईटेंशन तार के संपर्क में आने से एक बस में आग लग गई। बस पूरी तरह जलकर राख हो गई। इस घटना में बस के खलासी सहित दो झुलस गए, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जाता है कि शनिवार सुबह शिव शक्ति बस (जेएच 04 एस 1796) बारात लेने तेलियाचक नवाडीह जा रही थी। इस दौरान हाई टेंशन तार के



संपर्क में आने से बस में आग लग गई। बस का चालक तुरंत बस छोड़ बाहर कूद गया लेकिन बस का खलासी सहित दो लोग फंस गए। कड़ी मशक्कत के बाद दोनों को बाहर निकाला गया। दोनों आग से झुलस गए हैं, जिन्हें फूलो झानो मेडिकल कॉलेज भेजा गया है। इस घटना की जानकारी मिलने के बाद दमकल की दो गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग बुझाया लेकिन तब तक बस जलकर राख हो गई थी। गनीमत रही कि बस में यात्री सवार नहीं थे। दमकल कर्मी राज कुमार पांडेय ने बताया कि उन्हें मुफ्सिल थाना **शेष पेज 11 पर**

## इंडिया



**सुनील बादल**

*नीट में गड़बड़ी और री-एग्जाम की मांग को लेकर सुप्रीम कोर्ट में अब तक पांच याचिकाएं दाखिल की गई हैं सभी याचिकाओं की 8 जुलाई को सुनवाई होगी।*

# देश की जड़ें खोदते फर्जी साहब और उनके मददगार

सदियों से गुलाम रहे भारत में हर कोई साहब बनना चाहता है चाहे वह नेता के रूप में हो, डॉक्टर, इंजीनियर, अफसर या किसी भी स्तर पर सरकारी मुहर लगी सबसे छोटी नौकरी ही क्यों न हो ताकि वह खास आदमी बन सके और आम लोगों पर रौब भी गांठे और बेहिसाब पैसे कमा सके। इसके लिए तरीका वैध, अवैध या अनैतिक यहां तक कि देश के लिए घातक ही क्यों न हो। यह अत्यंत दुःखद और विनाशकारी प्रवृति है। झारखंड से लेकर देश पैसे या पावर के बलबूते पोजिशन हड़पने की दौड़ में लगा है वर्तमान नीट घोटाले से लेकर अनेक लोगों की संदिग्ध मृत्यु से जुड़े मध्य प्रदेश के व्यापाम घोटाले, गाय पर लेख लिखकर डीएसपी, डिप्टी कलक्टर बनने वाले झारखंड के अनेक संदिग्ध साहबों का लंबा खिंचता मामला हो या विधानसभा तक की बहाली में घोटाले या बिहार के कथित परीक्षा माफिया रंजीत ब्रांड डॉक्टर, इंजीनियर और अफसर या पिछले दरवाजे से अचानक विधायक सांसद बनने वाले सभी लोग संघर्षशील आम आदमी को चिढ़ाते हैं। बेबस और मूकदर्शक जनता सब जानती है और वर्तमान राजनीति उनसे मोलभाव करती है उन्हें आश्वासन देती है पर तारीख पर तारीख पड़ती जाती है। वर्तमान मोदी सरकार ने ऐसे माहौल में जोखिम लेकर शुक्रवार की देर रात एक ऐतिहासिक फैसला किया जो सराहनीय है। जोखिम इसलिए कि पिछले दरवाजे से सरकारी नौकरी या पोजिशन की दौड़ में सक्रिय तत्व वे हैं जो राजनीतिक हवा बनाते हैं नैरेटिव चलाकर झूठ को भी सच साबित करने का प्रयास करते हैं,इससे खुश नहीं होंगे। देश में एंटी-पेपर लीक कानून यानी पब्लिक एग्जामिनेशन (प्रिवेंशन ऑफ अनफेयर मीन्स) एक्ट, 2024 लागू हो गया है। यह कानून भर्ती परीक्षाओं में नकल और अन्य गड़बड़ियां रोकने के लिए लाया गया है। नीट और यूजीसी नेट जैसी परीक्षाओं में गड़बड़ियों के बीच यह कानून लाने का फैसला बड़ा कदम है। इस कानून से पहले, केंद्र सरकार और जांच एजेंसियों के पास परीक्षाओं में गड़बड़ी से जुड़े अपराधों से निपटने के लिए अलग से कोई ठोस कानून नहीं था।पब्लिक एग्जामिनेशन (प्रिवेंशन ऑफ अनफेयर मीन्स) एक्ट, इसी साल 6 फरवरी को लोकसभा और 9 फरवरी को राज्यसभा से पारित हुआ था। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 12 फरवरी को बिल को मंजूरी देकर इसे कानून में बदल दिया। इस कानून में संघ लोक सेवा आयोग, कर्मचारी चयन आयोग, रेलवे भर्ती बोर्ड, बैंकिंग कार्मिक चयन संस्थान और नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की परीक्षाएं शामिल होंगी। केंद्र के सभी मंत्रालयों, विभागों की भर्ती परीक्षाएं भी इस कानून के दायरे में होंगी। इसके तहत सभी अपराध संज्ञेय और गैर-जमानती होंगे।मेडिकल कॉलेजों में दाखिले के लिए होने वाली नीट परीक्षा गड़बड़ी को लेकर विवादों में हैं। केंद्र की नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की परीक्षा में लगभग 24 लाख अभ्यर्थियों के परिणाम में 67 बच्चे ऐसे हैं, जिन्होंने सौ फीसदी स्कोर हासिल किया यानी 720 नंबर की परीक्षा में उन्होंने पूरे 720 नंबर हासिल किए। ऐसा पहली बार हुआ कि इतनी बड़ी संख्या में छात्रों ने पूरे सौ फीसदी नंबर हासिल किए हो। 2023 में सिर्फ दो छात्रों को शत प्रतिशत नंबर आए थे। 1563 स्टूडेंट्स को ग्रेस मार्क्स दिए गए थे, पेपर लीक होने का भी खुलासा हुआ। मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा, जिसके बाद केंद्र ने ग्रेस मार्क्स वाले 1563 स्टूडेंट्स के स्कोर कार्ड रद्द कर दिए। नीट में गड़बड़ी और री-एग्जाम की मांग को लेकर सुप्रीम कोर्ट में अब तक 5 याचिकाएं दाखिल की गई हैं सभी याचिकाओं की 8 जुलाई को सुनवाई होगी। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी नीट जैसी राष्ट्रीय स्तर की 15 भर्ती परीक्षाएं कराती है। नीट में गड़बड़ी को लेकर विवाद के बीच पिछले 9 दिनों में एजेंसी को यूजीसी नेट सहित 3 बड़ी परीक्षाएं रद्द या स्थगित करनी पड़ी हैं।ये कानून ऑर्गेनाइज्ड गैंग्स, माफिया और इस तरह के कामों में लगे हुए लोगों से निपटने के लिए लाया गया है। इसके साथ ही अगर सरकारी अधिकारी भी इसमें शामिल पाए जाते हैं, तो उनको भी अपराधी माना जाएगा। किसी भी ऐसे व्यक्ति को जिसे पब्लिक एग्जाम या उससे जुड़ा काम नहीं दिया गया है, उसे एग्जाम सेंटर में एंट्री नहीं दी जाएगी।एंटी-पेपर लीक कानून के तहत, अगर किसी गड़बड़ी में एग्जामम सेंटर की भूमिका पाई जाती है तो उस सेंटर को 4 साल तक के लिए सस्पें ड किया जा सकता है। यानी उस सेंटर को अगले 4 साल तक के लिए कोई भी सरकारी एग्जाम कराने का अधिकार नहीं होगा। किसी संस्थान की संपत्ति कुर्क करने और जब्त करने का भी प्रावधान है और उससे परीक्षा की लागत भी वसूली जाएगी। कानून के तहत, कोई भी अधिकारी जो डीएसपी या एएसपी के पद से नीचे न हो, परीक्षा में गड़बड़ी के मामलों की जांच कर सकता है। केंद्र सरकार के पास किसी भी मामले की जांच केंद्रीय एजेंसी को सौंपने की शक्ति है। एनटीए ने कोर्ट को इस बात का कोई सबूत नहीं दिया कि क्यों 1563 कैंडिडेट्स को ही ग्रेस मार्क्सो दिए गए हैं। सभी गड़बड़ियों में दलाल कि स्म के बाहरी लोगों की बेधड़क आवाजाही सामने आई है। स्कूल कॉलेज से लेकर किसी भी संस्थान में आधार समर्थित सुरक्षा जांच और सीसीटीवी रिकॉर्ड अनिवार्य करने से बहुत हद तक इसपर रोक लग सकती है और देश का भविष्य बर्बाद होने से बच सकता है।

## सातवीं बार सांसद बने भर्तृहरि महताब बने प्रोटेम स्पीकर

**-ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** कटक से सातवीं बार लोकसभा सांसद बने भर्तृहरि महताब को लोकसभा का प्रोटेम स्पीकर बनाया गया है। अब इस पर राजनीति गरमा गई है। कांग्रेस ने भाजपा पर आरोप लगाया है कि वह संसदीय परंपरा को खत्म कर रही है। क्योंकि कोडिकुनिल सुरेश 8वीं बार लोकसभा सांसद बने हैं इस आधार पर उन्हें प्रोटेम स्पीकर बनाया जाना चाहिए था। उनकी जगह भतृहरि महताब को यह जिम्मेदारी देना सरासर गलत है। मालूम हो कि प्रोटेम स्पीकर सदन का एक अस्थायी पीठासीन अधिकारी होता है। इसकी नियुक्ति भारत के राष्ट्रपति के द्वारा की जाती है। यह लोकसभा के चुने हुए सांसदों को शपथ दिलाता है और सदन के अध्यक्ष के चुनाव की अध्यक्षता भी करता है। यहां पर स्पीकर की नियुक्ति की प्रक्रिया



बिल्कुल ब्रिटेन की संसद के जैसी ही होती है। इसमें कहा गया है कि स्पीकर का पद उस सदस्य को ही दिया जाता है, जिसने संसद में सबसे लंबे समय तक लगातार सेवा की है। यह उस समय तक सदन की अध्यक्षता करता है जब तक नए स्पीकर का चुनाव नहीं हो जाता है लेकिन भाजपा ने इतिहास में अपना ही नाम दर्ज कराने के लिए इसमें यह तर्क दिया है कि लगातार जो सबसे ज्यादा बार सांसद हो। बीच में गैप नहीं हो। इस तरह से देखने पर के. सुरेश लगातार लोकसभा सांसद नहीं रहे, बीच में गैप है। **शेष पेज 11 पर**

## एक नजर

### खान एकादमी ने धूमधाम से मनाया दसवां प्रतिभा सम्मान समारोह



**रांची।** खान एकेडमी रांची में शनिवार को सत्र 2023-24 के छात्रों को के लिए विदाई सह प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। खान एकादमी के बारहवीं कॉमर्स व साइंस में पांचवा, छठा, सातवां एवं आठवां रैंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। वहीं कार्यक्रम में नए सत्र 2024-25 के 11वीं एवं 12वीं विज्ञान व वाणिज्य के छात्रों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में खान एकादमी के सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने एक से बढ़कर एक नृत्य संगीत नाटक एवं कार्यक्रम प्रस्तुत किया। खान एकादमी के 10 वर्ष पूरे होने पर मैनेजमेंट की ओर से छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

### हरिनाम संकीर्तन जागरण में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



**सिल्ली।** सिल्ली बजार हाटबगान स्थित हरिमंदिर में आयोजित नौ दिवसीय अखंड हरिनाम संकीर्तन शनिवार को पूणार्हुति एवं राखाल भोग के साथ समापन हुआ। अंतिम दिन शुक्रवार को हरिनाम संकीर्तन के जागरण में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। विधायक सुदेश कुमार महतो भी हरिमंदिर में आकर माथा टेका एवं प्रसाद ग्रहण कर क्षेत्र की सुख समृद्धि की कामना की। पिछले गुरुवार से शुरू इस कीर्तन में बंगाल के बांकुड़ा एवं मेदनीपुर की महिला किर्तन मंडली, सोड़ों, धवलभुमगढ़, पुतीडीह, तोड़ांग आदि क्षेत्र के प्रसिद्ध कीर्तन मंडली द्वारा कीर्तन की प्रस्तुति से लोगों को मंत्रमुग्ध किया। वहीं पुरा वातावरण भक्ति में रहा। इस दौरान आयोजन समिति की ओर से श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। आयोजन समिति के संरक्षक राजा पुष्पेंद्र नाथ सिंह देव ने संकीर्तन को सफल बनाने में समिति के सदस्य, जनप्रतिनिधि, स्सथानीय प्रशासन सहित तमाम श्रद्धालुओं एवं ग्रामीणों का आभार व्यक्त किया है।

### महास्नान के बाद एकांतवास में गए भगवान श्री जगन्नाथ स्वामी

**खूंटी।** भगवान श्री जगन्नाथ स्वामी ज्येष्ठ पूर्णिमा पर महास्नान के बाद भाई बदभद्र और बहन सुभद्रा के साथ रपन्द्रह दिनों के लिए एकांतवास में चले गये। सात जुलाई रथयात्रा के दिन प्रभु भक्तों को दर्शन देगें। तोरपा के कोटेंगसेरा स्थित श्रीजगन्नाथ मंदिर में विधि-विधान के साथ महास्नान अनुष्ठान संपन्न कराया गया। सुबह में कारो नदी से कलश में भरकर जल लाया गया। दूध,जल व सुगंधित द्रव्य से भगवान जगन्नाथ, बहन सुभद्रा और भाई बलभद्र के विग्रहों का स्नान कराया गया और महाआरती की गयी। दोपहर में भोग के बाद प्रसाद का वितरण किया गया। संध्या आरती के बाद मंदिर का पट बंद कर दिया गया। रथयात्रा के एक दिन पूर्व नेत्र अनुष्ठान के बाद मंदिर का पट खुलेगा। अनुष्ठान श्रीपाद मंगल निलय दास प्रभु ने संपन्न कराया। संकीर्तन यात्रा निकाली गयी सुबह में संकीर्तन यात्रा निकाली गयी। महिलाएं माथे पर कलश लेकर यात्रा में शामिल हुई। संकीर्तन यात्रा जगन्नाथ मंदिर से शुरू होकर कारो नदी पहुंची। वहां कलश में नदी का पवित्र जल भरा गया। संकीर्तन करते हुए श्रद्धालु वापस मंदिर पहुंचे।

# अनियंत्रित होकर पिकअप वैन घर में घुसी

**नवीन मेल संवाददाता। बेडो**

बेड़ो लोहरदगा मुख्य सड़क पर करांजी गांव में एक पिकअप वैन अनियंत्रित होकर मो. युनूस के घर पर जा घुसी।

पिकअप वैन की टक्कर में कमरे की दिवार ध्वस्त हो गई और भंयकर टक्कर से घर के अंदर खड़ी मारुति ऑल्टो कार भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। यही नहीं युनूस के घर के सामने पावर ट्रांसफार्मर का खंभा भी टूटकर क्षतिग्रस्त हो गया। युनूस ने बताया कि रात लगभग 1:30 बजे पिकअप वैन का चालक मिनरल वाटर का भरा हुआ बोतल लादकर झिको चट्टी की ओर से रांची की ओर जा रहा था तभी चालक तेज गति से लापरवाही पूर्वक पिकअप वैन को चलाते हुए सड़क के बायीं ओर गैराज वाले घर में जोरदार टक्कर मार दी। घर की दीवार को तोडते हुए अंदर खड़े मकसूद आलम के मारुति ऑल्टो जा टकरायी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दीवार का मलबा ऑल्टो कार में जा टकरायी।

मलबे सहित पिकअप वैन की टक्कर से ऑटो कार पांच फीट तक पीछे खिसक गई। उनके घर का दरवाजा भी टूट गया। घटना से युनूस और उनके पुत्र को भारी नुकसान उठाना पड़ा है वहीं ट्रांसफार्मर लगी बिजली के खंभे टूटने से विद्युत आपूर्ति ठप्प हो गई।

1 क्षतिग्रस्त घर के पास खड़े मोहम्मद यूनुस

2 घर की दिवार और बिजली के खंभे से टकराई पिकअप वैन

3 क्षतिग्रस्त गाड़ी का हिस्सा







## विधायक ने खलारी प्रखंड में की विभागीय कार्यों की समीक्षा

# दिमाग के साथ दिल से भी करें जरूरतमंदों का काम : समरीलाल



**नवीन मेल संवाददाता। खलारी**

कांके विधायक समरीलाल ने शनिवार को खलारी प्रखंड सभागार में विभिन्न विभागों के कार्यों के प्रगति की समीक्षा की। समीक्षा बैठक के दौरान समरीलाल ने संबंधित विभागों के प्रमुख अथवा उपस्थित प्रतिनिधि से खलारी प्रखंड में चल रही सरकारी योजनाओं की जानकारी ली। इससे संबंधित प्रतिवेदन भी मांगा। विधायक ने खलारी के बीडीओ, सीओ सहित विभागीय प्रमुखों से कहा कि जरूरतमंद नागरिक की समस्या के निदान के लिए संवेदनशीलता दिखाएं। जरूरत के अनुसार कभी कभी दिमाग के साथ दिल से भी उनका काम करें। बैठक में बीडीओ संतोष कुमार ने बताया कि खलारी प्रखंड में चयनित 565 अबुआ आवास में 550 का निर्माण शुरू हो गया है। कहा गया कि दूसरे किस्त भुगतान के पूर्व लाभुक को जाति प्रमाण पत्र जमा करना है। विधायक ने सीओ से जाति प्रमाण पत्र निर्गत को सरल करने कहा। बीईईओ ने बताया कि खलारी के कुल 52 स्कूलों में 5323 विद्यार्थी हैं। स्वीकृत 106 शिक्षक पद में 53 पदस्थापित हैं। 82 पारा शिक्षक हैं। सोमवार से पाठ्य पुस्तक वितरण होगा। 331 साइकिल आ चुका है, फिटिंग किया जा रहा है। सीडीपीओ ने बताया कि सभी बेटियों को मुख्यमंत्री कन्यादान योजना का लाभ मिलेगा। विवाह योग्य विधवा को पुनर्विवाह के लिए सरकार दो लाख रूपए का अनुदान देगी। बीडीओ ने बताया कि मनरेगा में चयनित 641 कूपों में 555 में काम चालू है। भू जल स्तर बढ़ाने के लिए डोभा और टीसीबी का निर्माण कराने की तैयारी है। सभी 14 पंचायत में अमृत वाटिका का निर्माण कराया जाना है। खलारी में 4307 लाभुकों को विभिन्न पेंशन दिया जा रहा है। समरीलाल ने कहा कि खलारी सीएचसी निर्माण के लिए जल्द ही टेंडर प्रक्रिया शुरू कराने का प्रयास करेंगे।

### बमने में सोलर सिस्टम से सिचाई होगी 25 एकड़ की भूमि

विधायक समरीलाल ने बताया कि उन्होंने बमने गांव को गोद लिया है। इसे हरित स्मार्ट गांव बनाने की प्रक्रिया चल रही है। इसी संदर्भ में बीटीएम ने बताया कि बमने गांव में बड़े पैमाने पर सोलर पैनल लगाकर 10 एचपी क्षमता के पंप से सिचाई के लिए पानी उपलब्ध कराया जाएगा। इससे 25 एकड़ भूमि की सिचाई हो सकेगी।

### अगले महीने बेडवारी पावर ग्रिड से मिलने लगेगा बिजली

विधायक समरीलाल ने बताया कि खलारी के लोगों की बिजली समस्या जल्द ही दूर हो जाएगी। खलारी को बिजली आपूर्ति करने वाले बचरा विद्युत सबस्टेशन को बुढ़मू स्थित बेड़वारी पावर ग्रिड से बिजली दिया जाएगा। जेबीवीएनएल महाप्रबंधक ने इसकी स्वीकृति दे दी है। विभाग के कनीय अभियंता आशीषकुमार मुंडा ने बताया कि अगले एक महीने में बचरा को बेड़वारी ग्रिड से जोड़ दिया जाएगा।

### पुलिस ने अवैध बालू लदे ट्रैक्टर को किया जप्त



**सिल्ली।** सिल्ली थाना प्रभारी मोहित कुमार के द्वारा अवैध रूप से ट्रैक्टर के द्वारा बालू लेकर भाग रहा ट्रैक्टर को पकड़ कर थाना में लाकर मामला दर्ज किया। थाना प्रभारी मोहित कुमार ने बताया कि गश्ती के दौरान रात्रि में ट्रैक्टर नंबर जेएच 01 डीटी 7506 जिसका गाड़ी मालिक टुटकी नवाडीह निवासी बिदा महतो अपनी गाड़ी में अवैध बालू लेकर गोला की ओर भाग रहा था। गश्ती कर रही प्रशासन की गाड़ी के द्वारा पकड़ा गया। पकड़ कर थाना लाया गया जहां कार्रवाई करने के लिए खनन विभाग को एक लिखित आवेदन दिया गया है।

## स्टॉर्टअप कॉन्कलेव की तैयारियों को लेकर हुई बैठक



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की ओर से 6 जुलाई को आर्यभट्ट सभागार में स्टॉर्टअप कॉन्कलेव की तैयारियों चल रही हैं।

चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री की अध्यक्षता में शनिवार को स्टार्टअप उप समिति की बैठक चैंबर भवन में हुई। सर्वसम्मति से कॉन्कलेव के लिए पैनल स्पीकर की सूचि तय की गई। उक्त जानकारी स्टार्टअप उप समिति के चेयरमेन अमित अग्रवाल ने देते हुए बताया कि कॉन्कलेव में कई प्रमुख स्टार्टअप कंपनियों के फाउंडर पैनल स्पीकर के तौर पर शामिल होंगे जिनमें मुख्यतः झारखंड एजेंल के फाउंडर प्रभाष निर्भय, ऑसम डेयरी के फाउंडर अभिवन साह, कैसरीच (मुंबई) के फाउंडर स्वागता बासु, शनि गर्ग, क्रिब कंपनी (बंगलुरू) के फाउंडर कुणाल प्रसाद, क्रॉप इन (बंगलुरू) के फाउंडर शामिल हैं। ये झारखण्ड के युवाओं को मोटिवेट करेंगे और स्टार्टअप कंपनी को बढ़ाने का गुण बतायेंगे। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि कॉन्कलेव में शामिल होनेवाले ईच्छुक युवाओं को 300 रु रजिस्ट्रेशन शुल्क भी रखा गया है जिसमें उन्हें रजिस्ट्रेशन कीट मुहैया कराया जायेगा।

## आजसू पार्टी की स्थापना दिवस को बलिदान दिवस रूप मे मनाया जायेगा




**नवीन मेल संवाददाता। चान्हो**

प्रखंड के बीजुपाडा के समीप स्मार्ट बैंक्वेट हॉल में आजसू पार्टी की 38वीं स्थापना दिवस सह बलिदान दिवस का आयोजन किया गया।मुख्य अतिथि के रुप में जिला परिषद अध्यक्षा निर्मला भगत उपस्थित हुई ।

कार्यक्रम की शुरूआत झारखंड आंदोलनकारियो और अपनी जान निछावर करनेवालों के बलिदान को याद कर किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए निर्मला भगत ने कहा कि आजसू पार्टी शुरू से ही झारखंड अलग राज्य की मांग की। कार्यकताओं ने अपने तन मन धन लगाकर झारखंड को आज अलग कराया। इसलिए आजसू पार्टी ही झारखंड का भला कर सकती है। वहीं आजसु के केंद्रीय सचिव आशुतोष तिवारी ने कहा कि आजसू पार्टी 9 अगस्त को पूरे झारखंड में विश्व आदिवासी दिवस को व्यवस्थित रूप से जगह-जगह मनाएगी ।

साथ ही झारखंडियों के हर समस्या का समाधान करने के लिए आजसू ने कॉल सेंटर की भी व्यवस्था की है। जिस तरह से पार्टी की लोकप्रियता बढ़ रही हैआनेवाले समय में आजसू पूरे झारखंड में अपना परचम लहराएगी। सभा को आदिल अजीम, परमेश्वर भगत, राजकुमार सिंह, बीडी महतो समेत अन्य लोगों ने भी संबोधित किया। इससे पहले सभी अतिथियों को माला पहनकर और पार्टी का पत्ता उड़ा कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम के अंत में आगंतुकों को एक पौधा दिया गया। कार्यक्रम का संचालन जिला उपाध्यक्ष कमलू साहूने किया। मौके पर जितेंद्र उरांव मुन्ना पांडे रामदयाल साहू, गोलू कुमार सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### एक व्यक्ति ने की खुदकुशी



**रांची।** सदर थाना क्षेत्र के शांति नगर में चंदन कुमार ने अपने कमरे में गमछे के सहारे फंदे से लटकर शनिवार को खुदकुशी कर ली। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच कर शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। मामले में थाना प्रभारी कुलदीप कुमार ने बताया कि पूरे मामले की जांच की जा रही है।

## मंदिर के पास न हो मांस की दुकानें कई धार्मिक संगठन के लोग संबंधित अधिकारियों से कर चुके हैं मांग

**रांची।** राजधानी में मांस बेचने वालों के लिए कई नियम कानून हैं। फिर भी कई ऐसे दुकानदार हैं जो इसकी अवहेलना कर अपना कारोबार कर रहे हैं। खासकर जब ये दुकानें मंदिर आदि के पास होती हैं तो लोगों को परेशानी होती है। धार्मिक संगठनों से जुड़े लोग अक्सर इसे लेकर नाराजगी जताते रहते हैं। धार्मिक संगठन के लोग कई बार संबंधित अधिकारियों को मांस की दुकानें मंदिर के आसपास से हटाने की मांग कर चुके हैं। उनका कहना है कि भगवान के दर्शन करने से पहले या बाद में मांस कटते हुए देखने से मन खिन्न हो जाता है। लोगों ने कई बार नगर निगम से इसकी लिखित शिकायत भी की है। हलांकि चुनाव के दौरान शहर में अवैध मांस दुकानों को बंद करा दिया गया था, लेकिन अब वे फिर से संचालित होने लगे है। भगवान जगन्नाथ का उत्साव शुरू होने वाला है। धुर्वा क्षेत्र जगन्नाथ मंदिर मार्ग में जगन्नात चौक के पास ही पांच मुर्गा का दुकान संचालित हो रहा है, जो चौक में विराजमान भगवान हनुमान के प्रतिमा के ठीक सामने है। इसी मार्ग से थोड़ा आगे बढ़ने पर देवी मंडप के सामने ही मांस के कई दुकान लगाये जाते हैं।



### नगर निगम के अजब-गजब कारनामे

# सड़क को बना दिया नाला, नाले को बना दिया सड़क



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राजधानी को सवांरने की जिम्मेवारी नगर निगम पर है। रातू रोड अमरुद बगान के पास सालों से लोग खुले नाले से परेशान थे। नाले के गंदे पानी से मच्छर और बदबू से लोग परेशान हैं। यहां कुछ दिनों पहले ही कवर नाला का निर्माण किया गया तो सड़क नाला से नीचे हो गया, आगे स्लैब ढाल कर सड़क को बंद कर दिया।

इस वजह से रातू रोड से बहकर आने वाला गंदा पानी नाला में तो जा रहा है लेकिन आस-पास के क्षेत्र का पानी सड़क पर जमा हो जा रहा है। जिससे गंदा पानी के साथ उसका गाद भी सड़क पर जमा हो गया है। इससे वहां रहने वाले लोगों का जीना मुश्किल हो गया है। पीछले दिनों हुई तेज बारिश से वहां के कई घरो में गंदा पानी घुस गया। ऐसे में वहां लोगो को बदबू और मच्छर का सामना करना पड़ रहा है। क्या कहते है स्थानीय लोगविजय पोद्दार बताते है कि जब से नाला का निर्माण कार्य शुरू हुआ है तब से ही परेशानी बनी हुई है। घर वालो का रहना मुश्किल हो गया है। कुछ दिनों पहले ही कुछ दलालों ने मुझसे घर बेचने को कहा था लेकिन मना कर दिया तो वे लोगो ठेकेदार से मिल कर नाली का निर्माण ऐसा करा दिया कि घर में रहना मुश्किल हो गया है।

**क्या कहते है जेईईमो.** अब्बास जेईई नगर निगम ने बताया कि पिछले साल काम शुरू हुआ था फिर बंद हो गया और बीच में चुनाव को लेकर देरी हुई है। अब नाला का निर्माण कार्य पूरा हो गया है। अगले सप्ताह से ही सड़क निर्माण का कार्य शुरू कर दिया जाएगा। इसमें डोजरींग का काम पहले कराया जाएगा। संभवतः 10 से 15 दिनों में सड़क तैयर हो जाएगा।

## न्यूज बॉक्स

### वंडरलैंड स्कूल में बाल समिति का हुआ गठन



**मांडर।** कंदरी स्थित वंडरलैंड स्कूल में शनिवार को बाल समिति का गठन किया गया। निदेशक मो नेशार आलम ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम से बच्चों का आत्मविश्वास बढ़ता है। उन्हें कुछ अच्छा करने की प्रेरणा मिलती है। इस उपलक्ष्य में कार्यक्रम का हर्षोल्लास से किया गया। आयोजन बड़ी फार्यक्रम में बाल समिति के सदस्यों को बैच आवंटित किया गया। साथ ही आर्ट एड क्राफ्ट में उत?कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सर्टिफिकेट प्रदान किया गया। बाल समिति में सगुन कुमारी (कैप्टन), रुद्र कुमार व शबाब सरवर (उप-कप्तान), सिमरन, सूरज, नमीता, पिडु, रिचभ,' उमर, नदीम अनस व अम्मारी तकदीस का (वालंटीयर) का पद प्रदान किया । फाइनल परीक्षा में अंक लाने वाले विद्यार्थियों को भी मेडल से सम्मानित किया गया। कक्षा प्रथम के फैजल खान, अक्षत राज, कक्षा दो के अंजर अंसारी, थ्री के असजद अंसारी, कक्षा सात के जेबा अर्शी निगारिस व आठ की आयत परवीन,मिराब फिरदौस ने अपनी कलाकारी से सबका मन मोह लिया। कार्यक्रम का समापन करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने में अनामिका राज, पुष्पांजली साहु, ज्योति, रफत आरा आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा ।

### वित्त रहित शिक्षा कर्मियों ने विधायक शिल्पी नेहा तिर्की को ज्ञापन सौंपा



**चान्हो/मांडर।** वित्त रहित संयुक्त संघर्ष मोर्चा के आह्वान पर शनिवार को सभी वित्त रहित इंटर कॉलेज और हाई स्कूल के शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की से मिलकर शनिवार को ज्ञापन सौंपा। कर्मियों की मांगे थी कि वित्त रहित इंटर कॉलेज और उच्च विद्यालय के सभी शिक्षा कर्मियों को तत्काल सरकारी तौर पर नियमित मिया जाय। साथ ही जब तक कर्मी नियमित नहीं हो जाते तब तक अनुदान राशि में 80 प्रतिशत की वृद्धि की जाए। कर्मियों की मांग पर विधायक ने कहा कि आप सब की मांगे जायज है। आपकी बात को झारखंड के मुख्यमंत्री के समक्ष रखी जाएगी और यदि संभव हो तो इस बात को सदन में भी उठाया जा सकता है। घेराव कार्यक्रम में शहीद वीर बुधु भगत इन्टर कॉलेज चान्हो, संत अन्ना इंटर कॉलेज मांडर, लापुंग इंटर कॉलेज लापुंग आदि के कर्मी पहुंचे थे। कार्यक्रम में डॉ सुशील कुमार मिंज, उमेश कुमार, डॉ बीरसो उरांव, वित रहित संयोजक सफीउल्लाह अंसारी, उप प्राचार्य मोहसिन खान, शिक्षक प्रतिनिधि सुकरमनी उरांव, आशा कुमारी, साबिर अंसारी, जमाल अंसारी, आफताब आलम, अनिल खलखो, सुमन उरांव, हसीब, लालदेव, कृष्ण उरांव सहित अन्य उपस्थित थे।

### सिल्ली कॉलेज में नशापान के खिलाफ जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**सिल्ली।** सिल्ली कॉलेज सिल्ली में शनिवार को झारखंड सरकार के गृह आपदा प्रबंधन विभाग के निदेर्शानुसार नशापन के खिलाफ जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य डॉक्टर अनंत कुमार महतो ने कहा कि आज के युवा पीढ़ी नशा के चपेट में आकर अपन मयार्दा खो रहे हैं साथ ही असाध्य रोग की चपेट में आकर अपने जीवन को बर्बाद कर रहे हैं। जबकि आज के युवा कल के भविष्य है। इस दौरान कॉलेज के छात्र-छात्राओं एवं कालेज कर्मियों को स्वयं को नशा से दूर रहने एवं दूसरे को भी इसके लिए प्रेरित करने की सामुहिक शपथ भी दिलाई गई। कार्यक्रम का संचालन एनएसएस समन्वयक डॉक्टर मनोज कुमार ने किया। इस मौके पर कॉलेज के सावित्री वाला, नकुल चन्द्र महतो, विश्वनाथ मुंडा, त्रिभुवन महतो, भावानंद चौधरी, हेमलता, कीर्ति भूषण महतो , सुकल्यान महतो, विपिन कुमार महतो, श्यामल दे सुमंत आदि उपस्थित थे।

### मारवाड़ी युवा मंच ने दो स्थानों पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया



**रांची।** मारवाड़ी युवा मंच रांची शाखा गत 9 दिनों से रोज शहर के विभिन्न संस्थानों के साथ एवं सहयोग से रक्तदान शिविर लगा रहा है। इसी क्रम में शनिवार को हरमू रोड स्थित हेल्थ फरिक्स जिम व तुपुदाना स्थित प्रगति केमिकल्स इंडिया (केंप्टी) में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। दोनों शिविर 42 लोगों ने रक्तदान किया तथा भविष्य में भी रक्तदान करने के लिए रुचि जताई। दोनों शिविर को सफल बनाने मे सेवा सदन ब्लड बैंक एवं सदर अस्पताल ब्लड बैंक की टीम ने सक्रिय भूमिका निभाई। साथ ही अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर हेल्थ फरिक्स जिम मे योग शिविर का आयोजन किया गया जिसमे मंच के कई सदस्यों ने सहपरिवार भाग लिया एवं जीवन मे योग से मिलने वाले शारीरिक एवं मानसिक फायदो की जानकारी ली। रक्तदान शिविर के संयोजक मंच के रक्तदान प्रभारी विष्णु अग्रवाल एवं प्रवीण अग्रवाल थे। मंच के प्रवक्ता राघव जालान ने बताया के कार्यक्रम मे मुख्य रूप से मंच के अध्यक्ष आशीष अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष दीपक गोयनका, उपाध्यक्ष निरज अग्रवाल, विवेक टिब्रेवाल, विकाश गोयल, एवं अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# जगन्नाथ स्वामी ने किया महास्नान, पड़ेंगे बीमार

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



ज्येष्ठ पूर्णिमा के दिन हर वर्ष जगन्नाथ स्वामी को महास्नान कराया जाता है। शनिवार को भी पूरे विधि-विधान से प्रभु को महस्नान कराया गया। मंदिर के पुजारी सरयू नाथ मिश्रा ने बताया कि ज्येष्ठ पूर्णिमा के दिन हर वर्ष सबसे पहले पुरोहितों के द्वारा भगवान को स्नान कराया जाता है। उन्हें 108 कलश जल और 64 प्रकार की जड़ी-बूटियों से स्नान कराया जाता है। इसके बाद श्रद्धालुओं भी भगवान को स्नाान कराते हैं। इसके बाद प्रभु की पूजा की जाती है, भोग लगाया जाता है, आरती व मंगल आरती की जाती है। फिर भगवान को मंदिर के अंदर ले जाया जाता है और कपाट बंद कर दी जाती है। इस महास्नान के बाद भगवान बीमार हो जाते हैं और मंदिर के पट 15 दिनों के लिए बंद हो जाते हैं। इस दौरान भगवान का उपचार जड़ी-बूटियों से किया जाता है। इसके पश्चात मंदिर का कपाट चलती रथयात्रा के एक दिन पहले अर्थात 6 जुलाई को खुलेगी और संध्या 5 बजे नेत्रदान की जाएगी। नेत्रदान के बाद आरती के बाद रात्रि 9 बजे कपाट बंद कर दी जाती है।





बताया जाता है कि इस मंदिर का निर्माण जगन्नाथपुर के नागवंशी राजा ठाकुर एनी नाथ शाहदेव ने 1691 में करवाया था। तबसे लेकर आज तक इसके मूल संरचना में कोई परिवर्तन नहीं किया गया है। मुख्य मंदिर से थोड़ी दूरी पर स्थित एक पहाड़ी पर एक और छोटा मंदिर है जिसे मौसीबाड़ी के नाम से जानते हैं। रथयात्रा के अवसर पर मुख्य मंदिर से लेकर मौसीबाड़ी तक हर वर्ष रथयात्रा निकाली जाती है, यह लगातार सात दिनों तक चलता है। जिसमें कई राज्यों से लोग अपना सामान बेचने आते हैं। मंदिर स्थापना के बाद लगातार 334 वर्षों जगन्नाथ स्वामी का पूजन यहां किया जा रहा है।

**108** कलश जल और 64 प्रकार की जड़ी-बूटियों से स्नान कराया गया स्नान

**15** दिनों के लिए बंद हो जाएगा मंदिर का पट, जड़ी-बूटियों से होगा उपचार

### श्रद्धालुओं ने कहा



1. यहां आने के बाद अत्यन्त शांति मिलती है। भक्त जो मनोकामना लेकर आते हैं भगवान उनकी हर मनोकामना को पूरा करते हैं। शादी-विवाह, मुंडन आदि भी इस मंदिर में होता है।

मंजू कुमारी- महास्नान के मौके पर आई श्रद्धालु



2. यहां का रथ मेला काफी प्रसिद्ध है, जहां दूर-दूर से लोग भगवान के दर्शन को आते हैं। अब तो बहुत सुविधाएं यहां बढ़ गई है। लोग वाहन से भी मंदिर के द्वार तक पहुंच सकते हैं।

गायत्री देवी

## न्यूज बॉक्स

### आरपीएफ ने हटिया रेलवे स्टेशन पर शराब के साथ एक को पकड़ा




**रांची ।** रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने हटिया रेलवे स्टेशन से एक व्यक्ति को शराब के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित उज्जवल कुमार बरियातू का रहने वाला है। इसके पास से शराब की ब्लेंडर्स प्राइड की 21 बोतलें बरामद की गयी हैं। रांची मंडल के सुरक्षा आयुक्त पवन कुमार के निर्देश पर आरपीएफ पोस्ट हटिया और फ्लाइंग टीम ने हटिया रेलवे स्टेशन पर जांच के दौरान एक संदिग्ध को हटिया रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या तीन पर एक भूरे रंग के ट्रॉली बैग के साथ देखा। संदेह के आधार पर बैग की जांच करने पर शराब बरामद की गई। पूछताछ में आरोपित ने बताया कि शराब को हटिया से खरीदा था और अधिक कीमत लेकर बेचने के लिए मुजफ्फरपुर (बिहार) जा रहा था। बरामद शराब की कीमत 22 हजार आंकी गयी है। सभी शराब को रांची के सहायक उपनिरीक्षक रवि शेखर ने जब्त कर लिया और कानूनी कार्रवाई के लिए उत्पाद विभाग को सौंप दिया।

### जमीन खुदाई के दौरान पैरा बम बरामद


**रांची।** नामकुम थाना क्षेत्र स्थित हाहाप जंगल स्थित एक घर के लिए जमीन खुदाई के दौरान पैरा बम शनिवार को बरामद हुआ है। बताया जाता है कि पूर्व में इस इलाका में नक्सलियों का ठिकाना हुआ करता था। नामकुम थाना प्रभारी ब्रह्मदेव प्रसाद ने बताया कि हाहाप जंगल मे एक घर निर्माण के दौरान मिट्टी खुदाई का काम चल रहा था। इसी दौरान जमीन के अंदर से एक पैरा बम बरामद किया गया। घर मालिक ने मामले की जानकारी नामकुम पुलिस को दी। पुलिस टीम तुरंत वहां पहुंची। इसके बाद झारखंड जगुआर के बम निरोधक दस्ते को मौके पर बुलाकर बम को डिफ्यूज कर दिया गया।

### रांची डीसी ने भू-माफिया को किया जिलाबदर

**रांची।** राजधानी पुलिस की अनुशंसा पर डीसी ने भू-माफिया सजाउद्दीन अंसारी को जिलाबदर किया है। सजाउद्दीन पिठोरिया इलाके में जमीन की खरीब-बिक्री करता था। डीसी के न्यायालय से उसे जिला बदर करने का आदेश शनिवार को जारी किया है। जारी आदेश में सजाउद्दीन को तीन महीने के लिए जिले से बाहर रहने का आदेश दिया गया है। साथ ही थाना में उपस्थित होकर बंध पत्र भरने को भी कहा गया है।

### रेनवाटर हार्वेस्टिंग की अनदेखी करने वालों पर होगी कार्रवाई

**रांची।** राजधानी में घर का नक्शा पास कराने के बाद, रांची क्षेत्रीय विकास प्राधिकार (आरआरडीए) के शर्तों और निर्देशों का लोग पालन नहीं कर रहे हैं। आरआरडीए के नक्शे से संबंधित बॉयलॉज में साफ-साफ बताया गया है कि प्रत्येक घर में रेनवाटर हार्वेस्टिंग की व्यवस्था के



साथ दस प्रतिशत क्षेत्र में प्लांटेशन सुनिश्चित करना है। लेकिन लोग नक्शा पास करने के बाद घर तो बना रहे हैं लेकिन मानकों को पूरा नहीं कर रहे हैं। इसलिए आरआरडीए ने आठ इंफोर्समेंट टीम और छह कनीय अभियंताओं को निर्देश दिया है कि वैसे दुकान, मकान का सर्वे कर सूची बनाई जाए। फिर इस सर्वे के आधार पर चिन्हित मकानों-दुकानों की मॉनिटरिंग की जाएगी, मानको को पूरा नहीं करने वालों पर रांची क्षेत्रीय विकास प्राधिकार की ओर से कानूनी करवाई की जाएगी।

### जमीन कारोबारी कमलेश के खिलाफ कांके थाने में एफआईआर दर्ज

**रांची।** जमीन कारोबारी कमलेश कुमार के खिलाफ कांके थाना में आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। थाना प्रभारी ने इस बात की पुष्टि शनिवार को की है। यह कार्रवाई ईडी के कहने पर की गयी है।



उल्लेखनीय है कि शुक्रवार को प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने जमीन कारोबारी कमलेश कुमार के कांके रोड चांदनी चौक स्थित एस्टर ग्रीन अपार्टमेंट के फ्लैट नंबर- 603 (सी) में छापेमारी की थी। ईडी को इस छापेमारी में एक करोड़ रुपये नकदी, जमीन के कारोबार से संबंधित दस्तावेज और राइफल के 100 कारतूस मिले थे। बरामद कारतूस को ईडी ने कांके थाना को सुपुर्द कर दिया था और मामले में केस दर्ज करने को कहा था। इसी को लेकर आर्म्स एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज किया गया है। हालांकि, जमीन कारोबारी कमलेश ईडी के हाथ नहीं लगा। फर्जी दस्तावेज के सहारे जमीन की खरीद-बिक्री मामले में पूछताछ के लिए ईडी ने उसे कई बार समन जारी किया था। वह काफी दिनों तक ईडी से समय मांगता रहा और बाद में फरार हो गया। ईडी के अधिकारी कमलेश की तलाश कर रहे हैं।

# संपूर्ण जगत के कल्याण के लिए महासुदर्शन होमम संपन्न



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर मंदिर के 17वें वार्षिकोत्सव सह कल्याणोत्सव के दूसरे दिन शनिवार को विश्वरूप दर्शन के बाद पंचरात्र आगम विधि से भगवान श्रीवेंकटेश और जगत जननी महालक्ष्मी की आराधना हुई। इसके बाद श्री सुदर्शन जी गर्भ गृह के बाहर पधारे और भगवान की परिक्रमा की। परिक्रमा के बाद श्री सुदर्शन जी यज्ञ मंडप में पहुंचे जहां वेदों के मंत्रोच्चारण के बीच उन्हें प्रतिष्ठित किया गया। कांचीपुरम से आए मुख्य अर्चक श्रीवत्स भट्टर और श्रीकन्नन भट्टर के नेतृत्व में शास्त्रोक्त विधि से अग्नि का आह्वान किया गया। भगवान के मुख्य यजमान रामअवतार- शारदा नारसरिया और श्रीदेवी के मुख्य यजमान रमेश-शशि धरणीधरका तथा श्रीभूदेवी के मुख्य यजमान गौरव-रचिता गुप्ता के संकल्प के साथ श्रीसुदर्शन होम का शुभारंभ हुआ। आहुतियों की महापूणार्हुति के साथ श्रीसुदर्शन होमम संपन्न हुआ। श्रीधाम वृंदावन से पधारे श्रीस्वामी अनिरुद्धाचार्यजी महाराज ने इस अवसर पर कहा वैष्णव दर्शन भी श्रीसुदर्शन भगवान का विशेष स्थान है श्रीचक्रराज भगवान षडकोण में विराजमान होकर सभी प्राणियों पर कृपा कर रहे हैं। कार्यक्रम में जगतगुरु रामानुजाचार्य स्वामी अनिरुद्धचार्य जी महाराज के साथ श्रीगोविंद दास जी महाराज, दामोदरदास जी, धनुर्दास जी उपस्थित थे।मंदिर के अर्चक सत्यनारायण गौतम गोपेश, आचार्य नारायण दास जी तथा संचालन समिति के राम अवतार नारसरिया, प्रदीप नारसरिया, अनूप अग्रवाल, रमेश धारीधरका, विनय धरनीधरका, कन्हैया लोहिया, मुरारी मंगल, अनीष अग्रवाल, रंजन सिंह, श्रवण खण्डेलवाल, मुरारी मंगल आदि शामिल थे।

# रांची में 25 जून से 24 जुलाई तक होगा हाउस टू हाउस सर्वे: उपायुक्त

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची के उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में शनिवार को विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 से संबंधित बैठक आयोजित किया गया। इसमें उप निर्वाचन पदाधिकारी विवेक कुमार सुमन, विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी भी उपस्थित थे। इस दौरान राहुल कुमार सिन्हा द्वारा राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को भारत निर्वाचन आयोग की ओर से मतदाता सूची प्रकाशन को लेकर प्राप्त निदेर्शों की विस्तार से जानकारी दी गयी। बताया गया कि एक जुलाई को अहर्त्ता तिथि मानते हुए 25 जुलाई से मतदाता सूची का द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम की शुरूआत हो रही है। इसके अंतर्गत मतदाता सूची प्रारूप का प्रकाशन 25 जुलाई को होगा। दावा और आपत्ति दाखिल करने की तिथि 25 जुलाई से नौ अगस्त तक रहेगी। विशेष अभियान तिथि 27 एवं 28 जुलाई और 03 एवं 04 अगस्त को तय है। दावों और आपत्तियों का निपटारा 19 अगस्त तक होगा। मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन भी इसी दिन होगा। डीसी ने बताया कि इस दौरान एक जुलाई को अर्हता तिथि मानते हुए 18 वर्ष पूरे करने वाले नये मतदाताओं को मतदाता सूची से जोड़ना है। साथ ही शिफ्टेड, डुप्लीकेट और मृत मतदाताओं का सत्यापन करते हुए मतदाता सूची से उनका विलोपन नियमानुसार सुनिश्चित करना है। डीसी ने सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से ज्यादा से ज्यादा योग्य नागरिकों के मतदाता सूची में नाम जुड़वाने में सहयोग मांगा। उन्होंने कहा कि 1500 से अधिक मतदाता संख्या वाले मतदान केंद्रों की सूची समर्पित करें ताकि आवश्यकतानुसार नए मतदान केंद्रों की जरूरत पर निर्णय ससमय लिया जा सके। शहरी क्षेत्र में 500 से अधिक मतदाता वाले हॉउसिंग सोसाईटीज में सोसाइटी के अंदर ही मतदान केंद्र बनाने का कार्य भी किया जायेगा।




### बीएलओ को दी जाएगी रंगीन मतदाता सूची

राहुल कुमार सिन्हा द्वारा बताया गया कि 25 जून से 24 जुलाई तक बीएलओ द्वारा हाउस टू हाउस सर्वे का कार्य किया जायेगा। मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान सभी बीएलओ को रंगीन मतदाता सूची दी जायेगी। इससे मिलान करते हुए पुराने लेमिनेटेड कार्ड को बदलने का कार्य किया जाना है, इस दौरान इस बात का भी ध्यान रखा जाना है कि नयी सूची में यदि किसी का फोटो साफ नहीं दिख रहा तो वैसे कार्ड को भी बदलना है। इस संबंध में डीसी द्वारा सभी संबंधित आरओ, एईआरओ को पंचायत एवं वार्ड स्तर पर बीएलओ के साथ बैठक करने का निदेश दिया गया। उपायुक्त ने सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से हाउस टू हाउस सर्वे का अपने स्तर से प्रचार और इसमें सहयोग की अपील की और कहा कि सभी राजनीतिक दल अपने स्तर से लोगों को बतायें कि मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान जिन मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में नहीं है अथवा किसी प्रकार का सुधार करवाना है। वे अविलंब ऑनलाइन माध्यम से अथवा अपने बीएलओ से मिलकर अपना आवेदन समर्पित करें, ताकि आगामी विधानसभा चुनाव में वे अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें। सभी विधानसभा क्षेत्रों में बूथों की संख्या बढ़ाने को लेकर भी उपायुक्त द्वारा आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

### एसडीओ ने मादक पदार्थ से विद्यार्थियों को दूर रहने की सलाह दी

**रांची।** मादक पदार्थों की रोकथाम के लिए प्रारंभ किए गए जन जागरूकता कार्यक्रम के तहत रांची जिला प्रशासन, सिनी संस्था, प्रतिज्ञा संस्था के संयुक्त प्रयास से शनिवार को ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव, सीएम स्कूल ऑफ एक्सिलेन्स, जगन्नाथपुर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जागरूकता कार्यक्रम में विद्यार्थी, अभिभावक, शिक्षक, स्थानीय लोगों को मिलाकर 300 से अधिक लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अनुमंडल पदाधिकारी (सदर) उत्कर्ष कुमार ने मादक पदार्थ से विद्यार्थियों को दूर रहने की सलाह दी । साथ ही अपने मित्रों और आस पास के लोगों को भी जागरूक करने के लिए प्रोत्साहित किया।

# सरला बिरला पब्लिक स्कूल में मना वात्सल्यम

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

दादा-दादी परिवार की मजबूत नींव होते हैं। उनका सम्मान करने के लिए सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची ने वात्सल्य-1 'दादा-दादी दिवस' बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया। बच्चों ने एसडीजी 15: 'भूमि पर जीवन' को ध्यान में रखते हुए, 'बायो रिद्म- द सांग ऑफ लाइफ' थीम पर प्रस्तुत किया। इस कार्यक्रम के द्वारा विद्यार्थियों ने अपने माता-पिता और दादा-दादी के प्रति प्यार, सम्मान और कृतज्ञता प्रकट किये। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन से की गई तत्पश्चात गणेश वंदना और स्वागत नृत्य प्रस्तुत किए गए। प्राचार्या ने स्कूल मैगजीन भी रिलीज किया। उन्होंने पीएम कौशल विकास योजना 3.0 के तहत सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची द्वारा शुरू की गई कौशल हब कार्यक्रम के सहायक सौंदर्य चिकित्सक पाठ्यक्रम के प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र दिया। मानव जीवन के विभिन्न चरणों को, तितली के जीवन चक्र की गाथा से जोड़कर दिखाया गया। इन चरणों में एक सुंदर तितली के अंडे से प्रारंभिक चरण तक के संघर्ष को दिखाया गया, जो दशार्ता है कि मानव जीवन



भी कई बाधाओं का सामना करता है जिन्हें प्रत्येक व्यक्ति को अपने कठिन परिश्रम और दृढ़ता से पार करना पड़ता है। इस कार्यक्रम ने दादा-दादी और बच्चों के बीच प्रेम के रिश्ते को उजागर किया। रंग-बिरंगी पोशाकों में बच्चों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम की सफलता दादा-दादी की मुस्कानों से लगाई जा सकती थी, जो अपने पोते-पोतियों को प्रदर्शन करते देख अभिभूत हो गए। यह दिन उनके लिए निःसंदेह एक यादगार क्षण बन गया। साथ ही पीएम कौशल विकास योजना 3.0 के तहत, सहायक ब्यूटी थेरेपिस्ट पाठ्यक्रम के प्रतिभागियों को प्राचार्य द्वारा उनके प्रमाण पत्र दिए गए। प्राचार्या, श्रीमती परमजीत कौर ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि प्रतिस्पर्धा और बढ़ते खर्चों की इस दुनिया में जीवित रहने के लिए, हम आमतौर पर अपने बच्चों की प्फ इतनी अधिक चाहते हैं कि वे बड़े होने पर अधिकतम कमा सकें। इसके बजाय हमें इन्हेरीटेंस ऑफ इनवेल्युएबल क्वालिटी (प्फ) पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। अगर हम उनके दिमाग में केवल पैसा और सफलता ही डालेंगे, तो वे हर रिश्ते को बहुत भौतिकवादी दृष्टिकोण से तौलेंगे और अंततः पारस्परिक संबंधों में कभी सफल नहीं हो पाएंगे। हमें उन्हें ऐसे मूल्य देने की जरूरत है जो सफलता और पैसे को समाहित कर सकें।

### पाहन को जान से मारने की धमकी मामले में सदर थाना में शिकायत दर्ज

**रांची।** रांची के बूटी मौजा के बसंत पाहन के साथ फोन पर गाली-गलौज करने और जान से मारने का धमकी देने का मामला शनिवार को प्रकाश में आया है। इस संबंध में आदिवासी समाज के लोगों ने धमकी देने वाले आरोपित के खिलाफ सदर थाना में लिखित शिकायत दर्ज करायी है। दिये गये लिखित आवेदन में बसंत ने लिखा है कि 21 जून को अज्ञात नंबर 7209692 से शाम सात बजे मिस्ड कॉल आया था। वह किसी ललन नामक व्यक्ति का था। जब रिप्लाई दिया गया और उससे परिचय जानना चाहा तो वह बिना सोचे समझे गाली -गलौज करने लगा। उसकी पत्नी के ऊपर गलत आरोप लगाने लगा। इसके साथ ही परिवार को जान से मारने का धमकी दी।

# 117वां श्री श्याम भंडारा संपन्न

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



श्री श्याम मित्र मंडल की ओर से हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में शनिवार को 117 वां श्री श्याम भंडारा भक्तिमय रंग में सम्पन्न हुआ। श्री श्याम मित्र मंडल के महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया व उपमंत्री अनिल नारनोली के नेतृत्व में मोहनलाल खंडेलवाल, ममता देवी खंडेलवाल ने श्री श्याम मंदिर में विराजमान खाटूनरेश रिद्धि सिद्धि, शिव परिवार, बजरंगबली, लड्डू गोपाल, शालिग्रामजी व गुरुजनों को भंडारे का प्रसाद अर्पित किया। इसके बाद श्री गणेश जी महाराज की जय जयकारों के साथ मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी के नेतृत्व में यजमान परिवार ने श्री श्याम भंडारे का प्रसाद का वितरण प्रारंभ किया। 117 वें श्री श्याम भंडारा का समय होते-होते मंदिर परिसर भक्तों से पट गया एवं हरमू रोड में लंबी-लंबी कतारे लग गई। खाटूनरेश की जय जयकारों से पूरा हरमू रोड गूंजता रहा। लगभग 2500 से ज्यादा भक्तजनों ने भंडारे का महाप्रसाद प्राप्त किया। इस अवसर पर मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी, महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया, मोहनलाल खंडेलवाल, ममतादेवी खंडेलवाल, माधव प्रिया, पलक ऋत्विक, राघव खंडेलवाल पूर्व सांसद अजय मारू, श्याम सुंदर शर्मा, मनोहर केडिया, अनुज मोदी, अमित सरावगी, पवन शर्मा सहित 50 से ज्यादा स्वयं सेवकों ने भंडारा वितरण में सहयोग किया।



### मंगलवार को श्री सुंदरकांड व हनुमान चालीसा पाठ

हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में मंगलवार को 107 वां श्री सुंदरकांड व श्री हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन दोपहर 4.30 बजे से होगा। यह जानकारी मंत्री गौरव अग्रवाल मोनू ने दी।

### रक्तदान शिविर आज

**रांची।** अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मन्दिर में नागरमल मोदी सेवा सदन के सहयोग से रविवार सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक रक्तदान शिविर एवम जांच शिविर का आयोजन किया गया है। यह जानकारी श्री श्याम मंडल के मीडिया प्रभारी सुमित पोद्दार ने दी।

# रांची सदर अस्पताल में दो हर्निया का एक साथ निःशुल्क ऑपरेशन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

सदर अस्पताल के लेप्रोस्कॉपी सर्जरी विभाग ने एक ही मरीज के दो हर्निया का ऑपरेशन एक साथ किया। पूर्व में मरीज को रांची से बाहर रेफर कर दिया गया था, जहां वेल्लोर में उनसे तीन लाख का खर्च बताया गया था लेकिन सदर अस्पताल में मरीज का ऑपरेशन आयुष्मान योजना के अंतर्गत निःशुल्क हुआ। जमशेदपुर की रहने वाली 35 वर्षीय महिला काफी दिनों से पेट दर्द और सूजन को लेकर परेशान थी। जांच करने पर उन्हें पता चला कि उन्हें दो हर्निया है। एक इंसीजनल हर्निया और दूसरा अंबिलिकल हर्निया। इनसीजनल हर्निया सिजेरियन ऑपरेशन के बाद हुआ था। इसमें उनके आंत के कुछ अंश जाकर फंसे हुए थे, जिसके कारण बहुत दर्द होता था। सभी जरूरी जांच करने के बाद सदर अस्पताल के डॉक्टरों ने उनका ऑपरेशन किया। ऑपरेशन लेप्रोस्कोपिक विधि से किया गया। इसमें दो छेद पाए गए। एक छेद में आंत फंसा हुआ था, जिसे छुड़ाकर जाली बिछाकर ऑपरेशन किया गया, जिसे टैप विधि कहते हैं। दूसरा हर्निया नाभि के पास था, जिसमें नीचे के आंत आकर पूरी तरह से चिपके हुए थे। इसे छुड़ाकर बड़ी सी जाली बिछाई गई, जिसे आईपोम प्लस कहते हैं।




## आवश्यकता है

1994 से प्रकाशित आइपीआरडी और डीएवीपी से मान्यताप्राप्त प्रतिष्ठित **'दैनिक राष्ट्रीय नवीन मेल'** को अपने रांची और डाल्टनगंज संस्करण के लिए उत्साही और ऊजोवान रिपोर्टर, मार्केटिंग कार्यकारी और प्रखंड स्तर से लेकर ब्यूरो स्तर के रिपोर्टर, की आवश्यकता है। ससमय उचित पारिश्रमिक और अन्य सुविधाएं। शैक्षणिक योग्यता, अनुभव, स्थान और मानदेय की मांग के विवरण के साथ शीघ्रातिशीघ्र आवेदन करें। पत्राचार पूर्णतः गोपनीय रहेगा। hr.rnmail@gmail.com या प्रधान संपादक **'राष्ट्रीय नवीन मेल'** ,502 बी,मंगलमूर्ति हाइट्स, विशाल मेगामार्ट के पास हरमू रोड रांची 834001 (झारखंड)

### प्रदेश कार्यालय में आयोजित होने वाले सांगठनिक बैठकों में होंगे शामिल

# भाजपा प्रदेश चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान रांची पहुंचे, आज आएंगे असम के सीएम हिमंता

*श्यामा मुखर्जी के बलिदान दिवस से उनकी जयंती तक चलेगा प्रदेश भाजपा का पौधरोपण कार्यक्रम*

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
प्रदेश चुनाव प्रभारी व केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान शनिवार देर रात रांचर पहुंचे। वहीं सह प्रभारी व असम के मुख्यमंत्री हिमंता विश्व शरमा रविवार को रांची पहुंच रहे हैं। दोनों चुनाव प्रभारी प्रदेश अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह सहित प्रदेश से लेकर बूथ तक के कार्यकर्ता वृक्षारोपण कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। यह कार्यक्रम श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस से उनकी जयंती तक चलेगा। केंद्रीय नेतृत्व के द्वारा मनोनीत भाजपा के प्रदेश विधानसभा चुनाव प्रभारी एवम केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान और सह प्रभारी एवम असम के मुख्यमंत्री हेमंत विश्व शरमा नई जिम्मेवारियों के साथ पहली बार झारखंड आ रहे हैं। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान शनिवार रात 8 बजे सेवा विमान से रांची पहुंचेंगे। आईसीएआर,नामकुम में रात्रि विश्राम के बाद वे 23 जून को प्रातः 9बजे परिसर में वृक्षारोपण करेंगे। विभागीय बैठक के बाद शिवराज सिंह जी 11बजे भाजपा प्रदेश कार्यालय पहुंचकर पार्टी द्वारा आयोजित विभिन्न बैठक में भाग लेंगे। विधान सभा चुनाव के सह प्रभारी एवम असम के मुख्यमंत्री हेमंत विश्व शरमा 23जून को 9बजे विमान द्वारा रांची पहुंचेंगे। 9.30 बजे श्री विश्व शरमा लीची बागान जगन्नाथपुर में पार्टी द्वारा आयोजित कार्यक्रम में शामिल होकर वृक्षारोपण करेंगे। विश्व शरमा कार्यक्रम के बाद प्रदेश कार्यालय पहुंचेंगे और बैठक में शामिल होंगे।

## पार्टी कार्यकर्ता करेंगे भव्य स्वागत



पहली बार विधानसभा चुनाव प्रभारी एवम सह प्रभारी के रांची आगमन पर कार्यकताओं में उत्साह है। रांची महानगर एवम ग्रामीण जिला के कार्यकताओं द्वारा एयरपोर्ट पर भव्य पारंपरिक स्वागत किया जायेगा। इधर आज प्रदेश कार्यालय में पार्टी द्वारा आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों की तैयारी केलिए बैठक संपन्न हुई जिसमे प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह,प्रदेश महामंत्री एवम सांसद आदित्य साहू, डॉ प्रदीप वर्मा,प्रदेश उपाध्यक्ष बालमुकुंद सहाय,आरती कुजूर ,प्रदेश मंत्री सुनीता सिंह,सरोज सिंह,सहित अन्य शामिल हुए।विभिन्न कार्यक्रम केलिए राफिया नाज,गुरविंदर सेठी,प्रेम मित्तल,प्रदीप सिन्हा,दीनदयाल वर्णवाल,राजश्री जयंती,कुमार अमित,विनय जायसवाल,मुनेश्वर साहू,राकेश भास्कर,सत्यदेव मुंडा,शोभा यादव,उमेश रंजन साहू,सत्यनारायण सिंह,शशि भूषण भगत, सुमन कुमार को जिम्मेवारी दी गई है। प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने आगामी कार्यक्रमों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कार्यक्रमों को सफल बनाने केलिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। आगामी कार्यक्रम के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए प्रदेश महामंत्री एवम सांसद आदित्य साहू ने बताया कि भाजपा के प्रेरणा स्रोत डॉ श्यामाप्रसाद मुखर्जी की शहादत दिवस 23जून से लेकर उनकी जयंती 6जुलाई तक पार्टी द्वारा बूथ स्तर पर एक वृक्ष मां के नाम कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

## भाजपा विधानसभा चुनाव की तैयारियों में जुटी




रांची। प्रदेश भाजपा लोकसभा चुनाव के बाद सांगठनिक कार्यक्रमों और विधानसभा चुनाव की तैयारियों में जुट गई है। प्रदेश कार्यालय में शनिवार को पार्टी की ओर से आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों की तैयारी के लिए बैठक हुई। इसमें प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, प्रदेश महामंत्री एवं सांसद आदित्य साहू, डॉ प्रदीप वर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष बालमुकुंद सहाय, आरती कुजूर, प्रदेश मंत्री सुनीता सिंह, सरोज सिंह सहित अन्य शामिल हुए। विभिन्न कार्यक्रमों के लिए राफिया नाज, गुरविंदर सेठी, प्रेम मित्तल, प्रदीप सिन्हा, दीनदयाल वर्णवाल, राजश्री जयंती, कुमार अमित, विनय जायसवाल, मुनेश्वर साहू, राकेश भास्कर, सत्यदेव मुंडा, शोभा यादव, उमेश रंजन साहू, सत्यनारायण सिंह, शशि भूषण भगत, सुमन कुमार को जिम्मेवारी दी गई। प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने आगामी कार्यक्रमों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए दिशा-निर्देश दिए।

## राजधानी के कई भागों में आज पार्टी के प्रमुख नेता करेंगे पौधरोपण

**इसके तहत भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी 23जून को 7.30बजे प्रातः सिदो कान्हु पार्क मोरहाबादी में,नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी एवम विधायक विरांची नारायण,अनंत ओझा,प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह,धुर्वा में,क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी,विधायक नवीन जायसवाल अरगोड़ा पार्क में,प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह,निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष एवम सांसद दीपक प्रकाश, राकेश भास्कर,शोभा यादव,श्यामा प्रसाद मुखर्जी पार्क हरमू में,प्रदेश महामंत्री एवम सांसद आदित्य साहू कुचु ओरमांझी में,केंद्रीय मंत्री संजय सेठ शहीद संकल्प पार्क मोरहाबादी में,विधायक सीपी सिंह चुटिया में शाम 5बजे, समरी लाल बरियातू में11बजे पूर्वाह्न वृक्षारोपण करेंगे। साहू ने बताया कि इसके अतिरिक्त आगामी 25जून को आपातकाल की याद में काला दिवस, 30जून को मन की बात जैसे कार्यक्रम भी आयोजित होंगे।**

# झारखंड में 50 दिनों में वज्रपात से 32 की मौत



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
झारखंड में मानसून की बारिश अभी कायदे से शुरू भी नहीं हुई है और इसके पहले ही आसमान से मौत की बिजलियां गिरने का सिलसिला शुरू हो गया। राज्य में इस हफ्ते वज्रपात की एक दर्जन से ज्यादा घटनाओं में 10 लोगों की जान चली गई, जबकि घायलों की संख्या भी एक दर्जन से ज्यादा है। पिछले 50 दिनों में राज्य में आसमानी बिजलियों की चपेट में आकर 32 लोगों की मौत हुई है। इस हफ्ते वज्रपात की अलग-अलग घटनाओं में पलामू जिले की तरहसी प्रखंड में 17 वर्षीय राकेश सिंह, रांची के बुढ़मू प्रखंड में 25 वर्षीया गीता देवी और इसी प्रखंड के अकतन गांव निवासी 68 वर्षीय बाबूलाल, मुरगी सागगढ़ा गांव की मीनू देवी, रांची के चान्हो प्रखंड में 17 वर्षीय प्रेम कुजूर, लोहरदगा के किस्को प्रखंड में 10 वर्षीय आर्यन महली, कुडू प्रखंड के जिंगी में 20 वर्षीय सुहाना परवीन, गुमला जिले के जारी प्रखंड में 32 वर्षीय मोनिका तिर्की, सिसई प्रखंड के चापाटोली में 11 वर्षीय मनीषा तिर्की और सदर थाना क्षेत्र में 23 वर्षीय दीपक गोप की मौत हो गई।

दरअसल, बारिश के साथ ही आसमानी बिजलियों के कहर का यह सिलसिला झारखंड के लिए बड़ी आपदा बन गया है। भारतीय मौसम विभाग ने थंडरिंग और लाइटनिंग के खतरों को लेकर देश के जिन छह राज्यों को सबसे संवेदनशील के तौर पर चिन्हित किया है, झारखंड भी उनमें एक है। आसमानी बिजली का कहर झारखंड के लिए एक बड़ी आपदा है। मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार, झारखंड में हर साल करीब साढ़े चार लाख वज्रपात की घटनाएं होती हैं। वर्ष 2021-22 में झारखंड में वज्रपात की 4 लाख 39 हजार 828 घटनाएं मौसम विभाग ने रिकॉर्ड किया था। इसके पहले 2020-21 में राज्य में लगभग साढ़े चार लाख बार वज्रपात हुआ था। उस साल वज्रपात से 322 मौतें दर्ज की गई थीं। क्लाइमेट रेजिलिएंट ऑब्जर्विंग सिस्टम प्रमोशन काउंसिल की एक रिपोर्ट के अनुसार, इन मौतों में से 96 प्रतिशत ग्रामीण क्षेत्रों से थीं और पीड़ितों में से 77 प्रतिशत किसान थे। दरअसल, किसान पहाड़ी-पठारी क्षेत्रों में ऊंचे पेड़ों से घिरे खुले खेतों में काम करते हैं और उन तक वज्रपात के खतरे से अलर्ट की सूचनाएं पहुंच नहीं पातीं। हालांकि मौसम विभाग इसे लेकर नियमित तौर पर अलर्ट जारी करता है, लेकिन जागरूकता की कमी बड़ी बाधा है। वज्रपात को झारखंड सरकार ने विशिष्ट आपदा (स्पेसिफिक डिजास्टर) घोषित कर रखा है।

# विधायक बनने के बाद क्षेत्र के दौरे पर पहुंची कल्पना सोरेन, अधिकारियों संग की बैठक






**नवीन मेल संवाददाता**
**गिरिडीह।** गांडेय विधानसभा से निर्वाचित विधायक कल्पना मुर्मू सोरेन तीन दिवसीय दौरे पर गिरिडीह पहुंची। इस दौरान उन्होंने गांडेय विधानसभा क्षेत्र में जा कर जनता से संवाद किया और उनकी समस्याओं को जाना। गांडेय पंहुचने पर स्थानीय लोगों द्वारा अपने विधायक को फूल माला पहनाकर जोरदार ढंग से स्वागत किया ।इस दौरान नवनिर्वाचित विधायक ने जन संवाद कार्यक्रम के दौरान गांडेय विधानसभा अंतर्गत पड़ने वाले सभी पंचायत के मुखिया, स्थानीय नागरिक से मुलाकात कर उनके इलाके में मौजूद समस्याओं के निराकरण का हर संभव आश्वासन दिया ।इस दौरान गिरिडीह के विधायक सुदिव्य कुमार सोनू भी मौजूद थे। इस बाबत कल्पना मुर्मू सोरेन ने कहा कि चुनाव के वक्त उन्होंने जनता से जो वादा किया था, उसे अब पूरा करने का वक्त आ गया है इसलिए गांडेय विधानसभा क्षेत्र की हर समस्याओं का निराकरण करना उनकी पहली प्राथमिकता होगी।

## बंद पड़ी बेकन फैक्ट्री का विशेषज्ञ ने निरीक्षण किया

*फैक्ट्री के परिचालन की संभावनाओं को समझा।*

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
वर्षों से बंद पड़े राजकीय बेकन फैक्ट्री का भ्रमण पॉण्डिचेरी वेटनरी कॉलेज के एलपीटी विभाग के अध्यक्ष डॉ प्रभात कुमार मंडल ने किया और कभी विदेशी सहयोग से बनी फैक्ट्री के परिचालन की संभावनाओं को समझा । उनके साथ प्रभारी महाप्रबंधक डॉ सनत कुमार पंडित,डॉ नीरज कुमार वर्मा डॉ सुनील खलखो और डॉ विनोद कुमार के साथ स्टार्टप के लिए इच्छुक अन्य लोग मौजूद थे ।डॉ मंडल ने इसे चरणबद्ध तरीके से चालू करने की संभावना बताई ।

## मेडिका में पूर्वी भारत के पहले दुर्लभ रोगी की पहली सफल सर्जरी



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
कुदरत के करिश्मे अद्भुत और दुर्लभ होते हैं। भगवान महावीर सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल रांची में हाल ही में एक अतिदुर्लभ मरीज की जटिल सर्जरी सफलतापूर्वक संपन्न हुई। जनरल सर्जरी विभाग के कंसल्टेंट सर्जन डॉ. गौतम चंद्र के पास रामगढ़ से एक 60 वषीर्या महिला गॉल ब्लाडर में स्टोन की शिकायत लेकर पहुंची। इस महिला की गिनती मेडिकल जगत में अतिदुर्लभतम श्रेणी में होती है, जिसे साइटस इन्वर्टिस टोटलिस स्थिति कहा जाता है। इस स्थिति में रोगी के अंदरूनी सभी अंग विपरीत दिशा में होते हैं। महिला का ह्दय, लिवर, गॉल ब्लाडर और आंतें सभी विपरीत दिशा में हैं। इसके अतिरिक्त, रोगी क्रोनिक माइलॉयड ल्यूकेमिया से भी पीड़ित है, जिसका इलाज मेडिका के कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ. गुंजेश कुमार सिंह द्वारा किया जा रहा है। सर्जन डॉ. गौतम चंद्र ने बताया कि रोगी की पित्त की थैली दाहिनी की जगह बायीं तरफ थी। पित्त की थैली के स्टोन की जांच के बाद डॉ. गौतम चंद्र प्रकाश ने लेप्रोस्कोपिक विधि से सर्जरी करने का निर्णय लिया। इस प्रकार की शारीरिक स्थिति के साथ यह दुनिया का 50वां ऑपरेशन और पूर्वी भारत का पहला ऑपरेशन था। लेप्रोस्कोपिक प्रणाली में 180 डिग्री का बदलाव कर सर्जरी करना जटिलतम श्रेणी में आता है। सर्जरी सफलतापूर्वक संपन्न हुई और रोगी वर्तमान में फॉलोअप में है। क्रोनिक ल्यूकोमिया का इलाज मेडिका में जारी है और सर्जरी के बाद रोगी स्वस्थ है। भगवान महावीर सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, रांची में हुई इस जटिल सर्जरी ने मेडिकल जगत में एक नया मानक स्थापित किया है।

# सूबे में 80 फीसदी पूरी हो चुकी योजनाओं से जलापूर्ति जल्द शुरू करें : अरवा राजकमल



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
नगर विकास एवं आवास विभाग के सचिव अरवा राजकमल ने जुडको के अधिकारियों को निर्देश दिया है कि शहरी पेयजलापूर्ति की योजनाओं के तहत जिनका काम 70 से 80 प्रतिशत तक पूरा हो गया है, उनसे जलापूर्ति शुरू करा दी जाये बशर्ते जलशोधन संयंत्र और इंटेक वेल बन गया हो। वे शनिवार को जुडको के सभागार में योजनाओं की समीक्षा कर रहे थे। राजकमल ने निर्देश दिया कि कांटाटोली फ्लाईओवर का काम हर हाल में 31 जुलाई तक समाप्त कर अगस्त के प्रथम सप्ताह में उद्घाटन कराया जाये। उन्होंने रांची के रविंद्र भवन का भी काम अगस्त माह के अंत तक पूरा करने का निर्देश दिया। योजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही समस्याओं के समधान के लिए स्थानीय उपायुक्तों एवं अन्य विभागों के साथ समन्वय बनाकर काम में तेजी लाने का भी निर्देश दिया। सचिव ने कहा कि शहरी प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभुकों को आवास लेने के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से निकायों में आवास मेला लगाया जाये। राजकमल ने पेयजल एवं स्वच्छता विभाग से समन्वय स्थापित कर आदित्यपुर की भांति रांची, मानगो, धनबाद एवं गिरिडीह की पेयजलापूर्ति संचालन के लिए जुडको को हैंडओवर लेने का आदेश दिया। सचिव ने कहा कि रांची पेयजलापूर्ति फेज -एक के राइजिंग पाइप बिछाने के लिए वैकल्पिक मार्ग पर काम शुरू कर यथासंभव पेयजलापूर्ति शुरू की जाये। रांची में जहां जहां फ्लाईओवर नहीं बन रहा हो वहां पथ निर्माण विभाग से बात कर वहां फुटओवर ब्रिज बनाने की दिशा में पहल करने का आदेश दिया। समीक्षा बैठक में सचिव ने धनबाद और जमशेदपुर में ट्रांसपोर्ट नगर विकसित करने के लिए संबंधित उपायुक्त से पत्राचार कर जमीन मुहैया कराने की पहल करने का निर्देश दिया। यह भी निर्देश दिया कि जो योजनाएं 80 प्रतिशत पूरी हो गयी हैं, उन्हें मानव शक्ति लगाकर शत-प्रतिशत पूरा किया जाये।

## न्यूज | बॉक्स

### टेंडर घोटाला : आरोपित संजीव लाल की जमानत पर सुनवाई 29 को




**रांची ।** रांची। टेंडर घोटाला मामले में आरोपित पूर्व मंत्री आलमगीर आलम के पीएस संजीव लाल की जमानत याचिका पर शनिवार को पीएमएलए कोर्ट में सुनवाई हुई। मामले में ईडी की ओर से जवाब दाखिल करने के लिए कोर्ट से समय की मांग की गई। पीएमएलए कोर्ट के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने ईडी को जवाब दाखिल करने के लिए समय देते हुए मामले में सुनवाई की अगली तिथि 29 जून निर्धारित की है। टेंडर घोटाला मामले में ईडी ने कार्रवाई करते हुए छह मई को कई इंजीनियर ठेकदार, कॉन्ट्रेक्टर और आलमगीर आलम के पीएस संजीव लाल और उनके नौकर जहांगीर आलम के ठिकाने पर छापेमारी की थी। संजीव लाल के नौकर जहांगीर के घर से ईडी ने 35.23 करोड़ रुपये नगद बरामद किए थे। जबकि संजीव लाल के करीबी बिल्डर मुन्ना सिंह के यहां से तीन करोड़ रुपये बरामद हुए थे। इस मामले में ईडी ने पूर्व मंत्री आलमगीर आलम को भी गिरफ्तार कर चुकी है।

### झारखंड हाई कोर्ट में मैनहर्ट घोटाला मामले में फैसला सुरक्षित




**रांची ।** झारखंड हाई कोर्ट में मैनहर्ट घोटाला मामले में एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) में दर्ज पीई (प्रारंभिक जांच) की रिपोर्ट अब तक नहीं आने एवं मामले में एफआईआर दर्ज नहीं होने को लेकर दायर विधायक सरयू राय की याचिका की सुनवाई शनिवार को हुई। मामले में कोर्ट ने दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया है। कोर्ट ने याचिकाकर्ता की अधिवक्ता से पूछा कि जब आपको यह पता था कि मैनहर्ट को रांची में सीवरेज ड्रेनेज के डीपीआर काम दिए जाने में वित्तीय गड़बड़ी हुई है, तो फिर आपने थाने में प्राथमिकी क्यों नहीं दर्ज कराया? आप सिविल कोर्ट में शिकायतवाद भी दर्ज करा सकते थे लेकिन आपने विजिलेंस ब्यूरो में शिकायत कर मामले को छोड़ दिया। पूर्व की सुनवाई में कोर्ट के आदेश के आलोक में एसीबी के एसपी सशरीर उपस्थित हुए थे। उनकी ओर से पीई की रिपोर्ट कोर्ट में प्रस्तुत की गई थी। याचिकाकर्ता ने कोर्ट को बताया था कि दिसंबर 2020 में इस मामले को लेकर एसीबी ने पीई दर्ज की थी लेकिन मामले में प्राथमिकी दर्ज नहीं की गई। सरयू राय ने मैनहर्ट को रांची में सीवरेज ड्रेनेज के डीपीआर का कार्य दिए जाने में 21 करोड़ रुपये के घोटाले का आरोप लगाया था। इस मामले को उन्होंने झारखंड विधानसभा में उठाया था, जिसके बाद राज्य सरकार के निर्देश के बाद दिसंबर 2020 में एसीबी में पीई दर्ज की गई थी लेकिन उसकी रिपोर्ट अब तक प्राप्त नहीं होने पर सरयू राय ने हाई कोर्ट में याचिका दायर की है।

### पूर्व उपायुक्त मंजूनाथ के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक बरकरार

**रांची ।** झारखंड हाई कोर्ट में अगस्त 2022 में सांसद निशिकांत दुबे को प्लेन से दिल्ली जाने के क्रम में देवघर एयरपोर्ट पर रोकने के खिलाफ दिल्ली में जीरो एफआईआर दर्ज को निरस्त करने को लेकर देवघर के तत्कालीन उपायुक्त मंजूनाथ की याचिका की सुनवाई शनिवार को हुई। हाई कोर्ट ने याचिकाकर्ता मंजूनाथ के खिलाफ अगले आदेश तक पीड़क कार्रवाई पर रोक जारी रखी है। मामले में कोर्ट ने कुछ बिंदुओं पर याचिकाकर्ता से जवाब मांगा है। दरअसल, पूर्व की सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि दिल्ली में दर्ज कराया गया जीरो एफआईआर झारखंड पुलिस को सौंप दिया गया है। सांसद निशिकांत दुबे ने आरोप लगाया है कि 31 अगस्त, 2022 की शाम वह प्लेन से दिल्ली जा रहे थे। इस बीच तत्कालीन देवघर उपायुक्त मंजूनाथ के कहने पर सुरक्षाकर्मियों ने देवघर एयरपोर्ट पर उन्हें रोका और जान से मारने की धमकी भी दी। उनके सरकारी कार्य में बाधा डालने का भी निशिकांत दुबे ने आरोप लगाया है। याचिकाकर्ता का कहना था कि उनके खिलाफ लगाए गए सारे आरोप निराधार हैं। इसलिए इसे संबंधित जीरो एफआईआर को रद्द किया जाए।

### कांग्रेस सोशल मीडिया चेयरपर्सन की बैठक में झारखंड विधानसभा चुनाव पर हुई चर्चा

**रांची।** कांग्रेस के सोशल मीडिया विभाग की चेयरपर्सन सुप्रिया श्रीनेत ने शनिवार को चार राज्यों झारखंड, महाराष्ट्र, हरियाणा और दिल्ली के सोशल मीडिया विभाग के प्रभारी, चेयरमैन तथा स्टेट कोऑर्डिनेटरस के साथ बैठक की। जूम एप्लीकेशन के माध्यम से हुई बैठक में आगामी होने वाले विधानसभा चुनाव पर विस्तृत रूप चर्चा हुई। बैठक में झारखंड से सोशल मीडिया विभाग के चेयरमैन गजेंद्र सिंह ने लोकसभा चुनाव के दौरान किए गए कार्यों का विस्तृत ब्यौरा दिया। सिंह ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर के दिशा-निर्देश पर सभी सीटों पर कार्यकताओं ने सोशल मीडिया के माध्यम से हम अपनी बातों और मेनिफेस्टो को तेजी से जनता के बीच ले गये। बैठक में सोशल मीडिया के राष्ट्रीय समन्वयक सह झारखंड प्रभारी अभय तिवारी, स्टेट कोऑर्डिनेटरस नलिन मिश्रा, प्रशांत पांडेय तथा संजय कुमार भी मौजूद थे।

### नशीले पदार्थो के इस्तेमाल के विरुद्ध राज्य के सभी स्कूलों में चलाया गया महाअभियान



**रांची ।** नशीले पदार्थो के इस्तेमाल के विरुद्ध शनिवार को राज्य के सभी सरकारी, गैर सरकारी सहायता प्राप्त, गैर सहायता प्राप्त, अल्पसंख्यक एवं निजी विद्यालयों के बच्चों ने महाअभियान में हिस्सा लिया। राज्य के सभी जिलों के विद्यालयों में प्रातः सात बजे प्रभात फेरी निकाली गयी, जिसमें स्कूली बच्चों ने संदेशात्मक तस्वीरों, स्लोगन, पोस्टर के माध्यम से नशे के विरुद्ध सामाजिक चेतना को जगाने का प्रयास किया। बच्चों ने स्कूलों के आसपास के क्षेत्रों में रैली निकालकर नशे के विरुद्ध संदेशवाहक नारे लगाए और आम लोगो से भी नशे के विरुद्ध इस अभियान में शामिल होने की अपील की। आज लाखों की संख्या में छात्रों ने इस अभियान में शामिल होकर नशे के विरुद्ध आवाज बुलंद की। स्कूलों में प्रभात फेरी के बाद स्लोगन मेकिंग, पेंटिंग और स्पीच प्रतियोगिता भी आयोजित की गयी, जिसमे छात्रों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया और अपनी वैचारिक प्रतिभा को सबके सामने रखा। इस महाअभियान के तहत 24 जून को विद्यालयों द्वारा साइकल रैली निकाली जायेगी, जिसमें बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे शामिल होकर नशीले पदार्थो के विरुद्ध समाज में जागरुकता फैलाएंगे। 25 जून को प्रार्थना सभाओं में नशे के विरुद्ध जागरुकता संदेश पढ़ा जायेगा। इस अभियान का समापन 26 जून को विश्व नशा निवारण दिवस के दिन होगा। इस दिन विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजयी बच्चों को विद्यालय स्तर पर पुरस्कृत किया जाएगा। साथ ही विद्यालयों में नशे के विरुद्ध संकल्प सभा भी होगी।

## एक नजर

### हजारीबाग दिव्यांग संगठन संघ ने सांसद को दी बधाई



**हजारीबाग।** दिव्यांग संगठन संघ ने नवनिर्वाचित सांसद मनीष जायसवाल को उनके कार्यालय में बुके दे कर स्वागत किया व उन्हें जीत की बधाई दिए।मौके पर दिव्यांग संगठन संघ के सदस्य दीपक कुमार शर्मा ने कहा कि आपके सांसद बनने के उपरांत हम दिव्यांग जानो को बहुत सी आकांक्षाएं हैं जिसे आप अवश्य पूरा करेंगे। मौके पर नागेश कुमार, राजकुमार, चितरंजन, अजय यादव, नेहा खातून, ललिता कुमारी , पम्मी कुमारी के साथ दिव्यांग संगठन संघ के कई सदस्य मौजूद रहे।

### दारू प्रखंड में मनरेगा के तहत गड्ढा खोदो अभियान



**दारू।** प्रखंड के सभी पंचायतों में मनरेगा योजना के तहत गड्ढा खोदो अभियान की शुरूवात की गई। इस अभियान के तहत प्रखंड के दारू, इरगा ,हरली, रामदेव खैरिका, जिनगा, मेडकुरी, कबिलासी, , पुनाई और दिगवार पंचायत में प्रखंड विकास पदाधिकारी हारून राशिद, मनरेगा बीपीओ स्वाति वर्मा सहायक अभियंता मनीष कुमार ने लगभग 50 एकड़ जमीन पर आम बागवानी योजना के लिए स्थल निरीक्षण करते हुए स्वयं गड्ढा खोद कर योजना का प्रारंभ किया । बीपीओ ने बताया कि आम बागवानी योजना लेने वाले लाभुकों जल्द से जल्द गड्ढा करके पौधों को लगाए साथ ही पोधो की सही से देखभाल भी किया जाए ताकि सरकार द्वारा जिस उदेश्य से भगवानी कराई जा रही है उसका उदेश्य पुरा हो सके।

### माता दक्षिणेश्वरी काली मंदिर में भंडारे का आयोजन

**रामगढ़।** पूर्णिमा के शुभ अवसर पर रांची रोड स्थित माता दक्षिणेश्वरी काली मंदिर में रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी के सौजन्य से भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शामिल हुईं विधायक सुनीता चौधरी ने माता काली की पूजा अर्चना कर क्षेत्र के लोगों की खुशहाली की कामना की। विधायक ने कहा कि इस तरह के धार्मिक आयोजनों से भक्ति की भावना का प्रसार होने के साथ साथ लोगों के बीच मेलजोल बढ़ता है। इससे पूर्व विधायक सुनीता चौधरी के पहुंचने पर मंदिर प्रबंधन समिति की ओर से चुनरी ओढ़ाकर उन्हें सम्मानित किया गया। साथ ही ने रामगढ़ के कई अन्य गणमान्य लोगों को भी सम्मानित किया गया। इसके उपरांत श्रद्धालुओं के बीच खीर के महाप्रसाद का वितरण किया गया। मौके पर मंदिर प्रबंधन समिति के अध्यक्ष अरूण कुमार महतो, संध्या शर्मा, मल्लिका दत्ता, पूनम देवी, शशि देवी सहित अन्य लोग मौजूद थे ।

---

**हजारीबाग दिव्यांग संगठन संघ ने संसद को दी बधाई**

# प्रतिभाओं को उचित प्लेटफार्म उपलब्ध कराना विवि का उद्देश्य : डॉ मुनीष

◆हजारीबाग में

**कई ऐसी प्रतिभाएं छिपी हुई है, जिसे उचित प्लेटफार्म मिले तो वे सिर्फ अपने जिला ही नहीं बल्कि राज्य और देश का नाम रौशन कर सकते हैं**




**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
आईसेक्ट विश्वविद्यालय, हजारीबाग की ओर से झील परिसर स्थित ओपन एम्फी थियेटर में ओपन माइक योर च्वाइस कार्यक्रम का आयोजन शनिवार को किया गया। जिसमें बड़ी तादाद में स्कूल, कॉलेज व विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों के साथ साथ हुनरबाज युवा शामिल हुए और अपनी शानदार प्रस्तुति से सभी का मन मोह लिया। बता दें कि आईसेक्ट विश्वविद्यालय की ओर से पहली बार ओपन माइक योर च्वाइस कार्यक्रम का आयोजन किया गया था, जिसमें निःशुल्क रजिस्ट्रेशन कराकर कार्यक्रम में शामिल होकर प्रतिभा दिखाने का अवसर प्रदान किया गया। हजारीबाग सहित रामगढ़ व अन्य जिलों के सैंकड़ों विद्यार्थियों व युवाओं ने रजिस्ट्रेशन कराकर अपनी कला का प्रदर्शन किया। रिमझिम बारिश के बावजूद उनके हौसले कम नहीं हुए। इस दौरान गायन, नृत्य, कविताएं और नुक्कड़ नाटक पेश किए गए। कार्यक्रम के संबंध में आईसेक्ट विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने बताया कि हजारीबाग समेत आसपास के क्षेत्रों में कई ऐसी प्रतिभाएं छिपी हुई है, जिसे उचित प्लेटफार्म मिले तो वे सिर्फ अपने जिला ही नहीं बल्कि राज्य और देश का नाम रौशन कर सकते हैं। ओपन माइक योर च्वाइस के पीछे का मकसद भी यही था कि बच्चे साहित्य, गायन, नृत्य, अभिनय सहित जिस भी क्षेत्र में रूचि रखते हो, उसे इस प्लेटफार्म के जरिए अपनी प्रतिभा निखारने का मौका मिले। वहीं विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ पीके नायक ने कहा कि ओपन माइक योर च्वाइस कार्यक्रम में शरीक हुए प्रतिभाओं से एक बात तो जाहिर हो गई कि अगर उचित प्लेटफार्म इन प्रतिभाओं को प्रदान किया जाए।

---

**यूथ विंग ने नवनिर्वाचित सांसद मनीष जायसवाल का किया स्वागत**

# यूथ विंग मल्टीपरपस सेवा के लिए हर वक्त तैयार रहती है : सांसद

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
हजारीबाग यूथ विंग के द्वारा शनिवार को बड़ा बाजार जैन मंदिर रोड स्थित संस्कार एनक्लेव के हॉल परिसर में नवनिर्वाचित सांसद मनीष जायसवाल का स्वागत एवं सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। सर्वप्रथम हजारीबाग यूथ विंग की बिनीता खण्डेलवाल के द्वारा सांसद को रोली चावल से तिलक कर उनका स्वागत किया गया, इसके बाद संस्था के कार्यकारिणी सदस्य वीरेंद्र गर्ग उर्फ बिट्टू बिहारी ने स्वागत भाषण दिया।कहा कि यह जीत न केवल उनके कठोर परिश्रम और नेतृत्व का परिणाम है, आपने न केवल चुनावी मैदान में जीत हासिल की है, बल्कि हमारे दिलों में भी अपनी जगह बनाई है। जिसके बाद संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन एवं अध्यक्ष करण जायसवाल के द्वारा शॉल प्रदान किया गया, इसके उपरांत संस्था के सभी सदस्यों ने मोमेंटो एवं फूलों का गुलदस्ता देकर नवनिर्वाचित सांसद मनीष जायसवाल का स्वागत किया।मंच संचालन प्रमोद खंडेलवाल एवं धन्यवाद ज्ञापन उपाध्यक्ष एवं सचिव के द्वारा दिया गया। मौके पर सांसद मनीष जायसवाल ने हजारीबाग यूथ विंग के प्रति आभार जताते हुए कहा कि यूथ विंग मल्टीपरपज सेवा के लिए हर वक्त तैयार रहती है मैं लगातार सोशल मीडिया के माध्यम से और कई बार स्वयं उपस्थित होकर इसका अनुभव किया है। उन्होंने कहा कि मैंने अभी शपथ भी नहीं लिया है,आपके हाथ में लगी चुनावी स्याही भी नहीं गई है फिर भी आपका सांसद आपके लिए द्वार पर आभार जताने के लिए आ गया है। मौके पर संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन नवनिर्वाचित सांसद मनीष जायसवाल के प्रति आभार जताते हुए कहा कि हमें पूर्ण विश्वास है कि आपके नेतृत्व में हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र विकास की एक नई गाथा लिखेगा।

---

## न्यूज बॉक्स

**डीपीएस में योग दिवस के अवसर पर बच्चों संग शिक्षकों ने किया योगाभ्यास**

### स्वस्थ रहने के लिए प्रतिदिन योग करना आवश्यक : आईपी भारती



**बरकट्ठा।** प्रखंड के गंगपाचो स्थित + डिवाइन पब्लिक स्कूल में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय निदेशक आई.पी. भारती द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर के किया गया। उन्होंने कहा कि योग करें, निरोग रहें। इस दुनियां में स्वस्थ रहने के लिये प्रतिदिन योग करना जरूरी है। बच्चों व विद्यालय के शिक्षकों के द्वारा स्वस्तिकासन, गोमुखासन, योगमुद्रासन, प्राणायाम, कपालभाति, भ्रामरी के साथ साथ अन्य आसनों का अभ्यास किया गया। प्राचार्या स्वाती ने कहा कि योग का अभ्यास हमारे मन को संयमी बनाता है। कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी शिक्षकों का योगदान सराहनीय रहा। शिक्षकों ने कहा कि योद से बच्चों का ज्ञान बढ़ता है और मन पूरी तरह से चंचल रहता है। इस मौके पर संजय यादव, पंकज कुमार, अनिल कुमार, राधा कुमारी, मानती लकड़ा, आरती कुमारी, पुनम कुमारी, मुकेश कुमार अनिल कर्माकर, संतोष कुमार, पंकज कुमार , हेमंत कुमार, कुमार सौरव, सुलेखा मोदी, आदि शिक्षक शामिल थे।

**मानसरोवर पब्लिक स्कूल घंघरी में मनाया गया योग दिवस**

### विद्यालय परिवार ने किया योगाभ्यास





**बरकट्ठा।** मानसरोवर पब्लिक स्कूल घंघरी में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। योग दिवस के अवसर पर शिक्षक संग बच्चों ने योग किया ।इस अवसर पर प्रधानाध्यापक सोनू कुमार ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2015 में आरंभ होने के बाद, हर साल 21 जून को मनाया जाता है। यह हमारे जीवन में इस प्राचीन भारतीय कला को अनमोल करने के महत्व पर बल देने का एक महान प्रयास है। योग मन, शरीर और आत्मा की एकता को सक्षम बनाता है। यह विभिन्न रूपों से हमारे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को अलग-अलग तरीकों से लाभ देता है। मौके पर शिक्षक रोहित मंडल, मुकेश कुमार, कौशल पांडेय, मनीष कुमार, अभिषेक कुमार, दुलारचंद प्रसाद, अर्जुन सिंह, मनोज यादव, बबलू यादव, एकता, निधि, लक्ष्मी, दीपा, नूरी, योगेश , बबलू कुशवाहा समेत अन्य शिक्षक उपस्थित थे।

### नव झारखंड फाउंडेशन के अध्यक्ष ने किया कटकमसांडी प्रखंड का दौरा, सुनी समस्याएं



**हजारीबाग।** शनिवार को नव झारखण्ड फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष किशोरी राणा ने कटकमसांडी प्रखंड के कई गांवों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से मिलकर उनकी समस्याओं को सुना। इस क्रम में श्री राणा ने देखा कि प्रखंड के कई गरीब ग्रामीणों को सरकार की आवास योजना का लाभ नहीं मिल पाया है,वह अभी भी टूटे-फूटे मिट्टी के मकान में अपना गुजर बसर कर रहे हैं।सरकार एवं जनप्रतिनिधि के द्वारा उन्हें किसी भी तरह का लाभ नहीं दिया गया है।साथ हीं विभाग में चढ़ावा नहीं मिलने के कारण भी उन्हें आवास का लाभ नहीं मिल पा रहा। श्री राणा ने आक्रोषित होते हुए कहा कि अगर यही रवैया रहा तो गरीबों के अधिकार के लिए आंदोलन किया जाएगा।झारखंड जैसे राज्य में सरकारी कर्मचारी समाज के विकास में अवरोध का कार्य कर रहे हैं।उन्होंने प्रखंड के विकास पदाधिकारी से इन त्रुटियों पर संज्ञान लेने का

### अंचल कार्यालयों में व्याप्त भ्रष्टाचार पर हुई चर्चा



**हजारीबाग।** धरनास्थल पर विगत शुक्रवार को खतियानी परिवार की एक बैठक बोधी साव की अध्यक्षता में हुई।बैठक में सभी ने एक स्वर में राज्य के अंचल कार्यालयों में व्याप्त भ्रष्टाचार पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि हजारीबाग के सभी अंचल, ब्लॉक अवैध वसुली का अड्डा बन चुके हैं। यहां हर काम के लिए हर कर्मचारियों को घूस देने की परंपरा बनी हुई, बिना पैसे यहां काम नहीं हो पाता है। मुखिया, पंचायत सेवक, कर्मचारी एवं ब्लॉक ऑफिसर की मिलिभगत से हर योजना और विकास कार्य में 25 से 30 प्रतिशत की वसूली हो रही है। इसी तरह अंचलों में भी एलपीसी व म्यूटेशन के लिए 5 से 10 हजार की वसूली हो रही है।इसके बाद भी रशीद निर्गत नहीं हो रहा है। बैठक में सईद अहमद, मो हकीम, अशोक राम, तनवीर अहमद, महेश विश्वकर्मा, सुरेश महतो,अमर कुमार, शम्भू ठाकुर, छोटन ठाकुर, हनज्ला हाश्मी, सुबोध भगत, बिन्दू देवी, सुनीता कच्छप समेतअन्य साथी उपस्थित हुए।

### सर्पदंश से मासूम ऋतिक की मौत, गांव में पसरा मातम

**बरकट्ठा।** प्रखंड अंतर्गत कपका पंचायत के बसरिया गांव में शुक्रवार की रात राजेश प्रसाद की आठ वर्षीय पुत्र ऋतिक कुमार को जहरीला करैत सांप के डंस लेने से मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि शुक्रवार की रात्रि में परिवार के सभी सदस्य भोजन करके सोये ही थे तभी रात्रि करीब 11 बजे घर में सो रहे बच्चे को जहरीला करैत सांप डंस लिया। सर्प दंश के बाद मासुम की रोने से परिवार सभी सदस्यों जग गये और आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य बरकट्ठा ले गए जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग सदर अस्पताल भेज दिया । जहां ईलाज के दौरान मासुम बच्चे की मौत हो गई। घटना के बाद परिवार के सदस्यों का रो रोकर बुरा हाल है वहीं गांव गांव मातम माहौल है।

---

# इंजीनियर अमन व अजय सिंह के परिवार से मिलने पहुंचे सांसद



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
हिंदू प्रचारक इंजीनियर अमन कुमार और अजय सिंह को महूदी के रामनवमी जुलुश निकालने को लेकर हुए प्रशासन के साथ झड़प के मामले में जेल भेजे जाने के बाद शनिवार को हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल उनके यशवंत नगर स्थित घर पहुंचे।सांसद मनीष ने उनके परिवार वालों से मुलाकात कर हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया। इस दौरान उनके साथ बिहार भाजपा के नेता मनीष कश्यप भी मौजूद रहे। यहां। मीडिया से बात करते हुए सांसद श्री जायसवाल ने कहा कि अमन और अजय सिंह हिंदुत्व प्रचारक है ना की एक अपराधी।लेकिन इनसे अपराधी की तरह पुलिस ने किसके इशारे पर गिरफ्तार किया ये राज्य सरकार को बताना चाहिए। इंजीनियर अमन कुमार को बिहार की राजधानी पटना से जा कर हजारीबाग पुलिस गिरफ्तार करती है जो कि एकदम समझ से परे है। उन्होंने कहा की ये सिर्फ एक विशेष समुदाय को खुश करने के लिए तुष्टिकरण की राजनीति के तहत किया गया कुत्सित कार्य है। वहीं मनीष कश्यप ने भी कहा की अमन कुमार निर्दोष है तथा उस पर साजिश के तहत फैब्रिकेटेड केश करके फसाया गया है हम लोग उसी को बचाने के लिए हजारीबाग पहुंचे हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि जैसा कि सांसद ने बताया है कि जुलुश शांतिपूर्वक वहां से गुजर रही थी इस दौरान यह सब कुछ होता है तो कहीं ना कहीं सभी कुछ संदेहास्पद है। अमन हिंदू हित की बात करता है इसलिए उसे फंसाया गया है।

---

**केंद्रीय सचिव नमन ठाकुर की अगुवाई में मनाया गया आजसू का स्थापना दिवस**

# आजसू पार्टी सभी वर्गों विशेष कर युवाओं को समर्पित है : नमन



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
आजसू पार्टी का स्थापना दिवस सह बलिदान दिवस आजसू के केंद्रीय सचिव सह हजारीबाग विधानसभा प्रभारी नमन ठाकुर के नेतृत्व में पार्टी कार्यालय में मनाया गया। बलिदान दिवस के रूप में आयोजित इस कार्यक्रम में शहिद निर्मल महतो के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर केंद्रीय सचिव श्री ठाकुर ने राज्य में लोकसभा चुनाव में भाजपा और आजसू पार्टी की जीत पर बधाई देते हुए कहा कि सामाजिक न्याय और विकास हमारा मुख्य मुद्दा है जिस पर हम शुरू से काम कर रहे हैं और आगे भी करते रहेंगे। झारखंड को बनाने में जिन्होंने अपना बलिदान दिया है हम उनको भी नमन करते हैं और उनके छूटे हुए सपने को साकार करने का आज संकल्प भी लेते हैं। उन्होंने कहा कि आजसू पार्टी झारखंड के सभी वर्गों विशेष कर युवाओं को समर्पित है, हमारे केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो युवाओं को रोजगार, कृषि व अन्य रोजगार सृजन से जोड़े जाने को लेकर कृत संकल्पित हैं। इसअवसर पर कार्यकर्ताओं में काफी जोश देखा गया कार्यकर्ताओं ने आने वाले विधानसभा 2024 में अपनी भूमिका सक्रिय करने की बात कही। वहीं केंद्रीय सचिव संगीता बारला में भी अपनी बातों को साझा करते हुए कहा कि विधानसभा प्रभारी नमन ठाकुर के द्वारा लगातार हजारीबाग के कई क्षेत्रों का भ्रमण कर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। मौके पर कार्यकर्ताओं के बीच 2 सौ से भी ज्यादा फलदार पौधों का भी वितरण किया गया।

> हमारे केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो युवाओं को रोजगार, कृषि व अन्य रोजगार सृजन से जोड़े जाने को लेकर कृत संकल्पित हैं

---

**पीएम इंटरनेशनल स्कूल में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया**

# योग मानव जाति के लिए एक महान उपहार : सत्येंद्र प्रसाद



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**
प्रखंड के कपका स्थित सीबीएसई पैटर्न पर आधारित विद्यालय पीएम इंटरनेशनल स्कूल एंड कॉलेज के प्रांगण में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के शुभ अवसर पर बच्चों के संग सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने योग शिक्षक नंदेव कुमार के सानिध्य में योगाभ्यास किया। इस दौरान संस्था के निदेशक सत्येंद्र प्रसाद ने बच्चों को जानकारी देते हुए बताया कि संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा 11 दिसंबर 2014 को योग दिवस मनाने का प्रस्ताव स्वीकार कर लिया गया। इसके बाद पहली बार 21 जून 2015 को लगभग पूरे विश्व में पहला अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। प्रत्येक वर्ष 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाया जाता है ,जहां लोगों को योग के लाभों के बारे में जागरूक किया जाता है। योग मानव जाति के लिए एक महान उपहार है, जो हमें बेहतर रहने और अपने स्वास्थ्य को बनाए रखने में मदद करता है। अगर आप योद की विधिा पूर्ण रूप से रोजाना करते हैं तो इससे आपके शरीर में फैली बिमारियों को दूर करता है और मन-मस्तिष्क को सही रूप रुदुरूत रखता है। प्रचाचीन काल में श्रृषि मुनियों ने भी योग की इस परंपरा को अपना सार्थक रूप माना था जो आज पूरे देश संदेश देता है। अज हम सभी उन्हीं नियमों को पालन करते हुए देश को योग दिवस मानने में सहयोग कर रहे हैं। संस्था के प्राचार्य दिनेश कुमार भारती ने बताया की योग के माध्यम से भारत का मान पूरे विश्व में बढ़ा है। आज भारत से हजारों, लाखों की संख्या में योग शिक्षक पूरे विश्व में योग करा रहे हैं। योग नकारात्मक विचार को दूर रखने में भी मदद करता है। इसलिए सभी को निरोग रहने के लिए प्रतिदिन समय निकालकर योग का अभ्यास अवश्य करना चाहिए। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय की सभी शिक्षक, शिक्षिकाओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

---

**जिला आपूर्ति कार्यालय में हो रहा कार्यों की समीक्षा**

# किसानों को जल्द से जल्द भुगतान करने का डीसी ने दिया निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में शुक्रवार को समाहरणालय सभाकक्ष में जिला आपूर्ति कार्यालय द्वारा किए जा रहे कार्यों से सम्बंधित समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान जिला आपूर्ति पदाधिकारी रंजीता टोप्पो ने उपायुक्त को धान आदि प्राप्ति के विरूद्ध किए गए भुगतान की जानकारी दी। जिसपर उपायुक्त ने शेष बचे किसानों को जल्द से जल्द भुगतान करने का निर्देश दिया। गरीब एवं योग्य लोगों को राशन कार्ड के लाभ से आच्छादित करने के लिए उपायुक्त ने वैसे लाभुक जो राशन कार्ड का लाभ प्राप्त करने की योग्यता नहीं रखते हैं उसके बावजूद भी राशन कार्ड का लाभ ले रहे हैं उनके विरूद्ध अभियान चलाकर कार्रवाई करने एवं उनसे जुमार्ना वसूलते हुए कानूनी कार्रवाई करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने अभियान का व्यापक प्रचार-प्रसार करते हुए लोगों को स्वयं राशन कार्ड सरेंडर करने के प्रति जागरूक करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी को विशेष कैंप आयोजित कर राशन कार्ड के लाभुकों का लंबित आधार सीडिंग एवं मोबाइल सीडिंग को जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया।

---

## प्रयास

**सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया**

# नियमित योग के करने से शरीर निरोग रहता है : सांसद



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, कुम्हारटोली में 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का आरंभ बतौर मुख्य अतिथि मनीष जायसवाल सांसद एवं श्रद्धानंद सिंह जिला संघचालक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने महर्षि पतंजलि एवं भारतमाता के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया। मौके पर सांसद मनीष जायसवाल ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनाएं एवं बधाई दी। उन्होंने योग संदेश देते हुए कहा कि नियमित योग के करने से शरीर निरोग रहता है। आप सभी भैया- बहन आज संकल्प ले कि हम प्रतिदिन योग करेंगे। इस अवसर पर उन्होंने कहा- विद्या भारती जो जीवन मूल्यों की शिक्षा भैया - बहनों को देते आ रही है वह अन्यत्र दुर्लभ है। यही कारण है कि यहां से पढ़कर निकलने वाले बच्चे पूरे विश्व में अपना परचम लहरा रहे हैं। मौके पर श्रद्धानंद सिंह ने भी भैया-बहनों को नियमित योग करने का संकल्प करवाया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि योग से मन मस्तिष्क एकाग्र होता है कि मन को शांति मिलती है एवं आत्मबल मजबूत होता है। योग करने से समग्र विकास संभव है। योग समाज से जोड़ने का माध्यम है। योग से चित की शुद्धता होती है। कार्यक्रम में भैया-बहन एवं आचार्य बंधु - भगिनी एवं कर्मचारीगण ने विभिन्न प्रकार के आसन, प्राणायाम एवं सूर्य नमस्कार का अभ्यास किया। अंतरराष्ट्रीय योग के इस कार्यक्रम में कक्षा छठी से से 12वीं कक्षा में पढ़ने वाले भैया- बहनों ने भाग लिया। कार्यक्रम में योग स्थापना मंत्र संगीता दीदी के द्वारा, प्राणायाम आचार्य तारकेश्वर राय के द्वारा, आसन आचार्य रणजीत सिंह यादव एवं सूर्य नमस्कार मंत्र सहित आचार्य राकेश कुमार सिंह के द्वारा कराया गया।

> विद्या भारती जो जीवन मूल्यों की शिक्षा बच्चों को देती आ रही है यही कारण है कि यहां से पढ़कर निकलने वाले बच्चे पूरे विश्व में अपना परचम लहरा रहे हैं

---

# कांग्रेस नेता ने सुनी लोगों की समस्याएं, दिया आश्वासन



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता मुन्ना सिंह ने अपने चानो स्थित आवास पर हजारीबाग विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों से आए नागरिकों की समस्याओं को सुना और उनके उचित समाधान के लिए आश्वासन दिया। मुन्ना सिंह ने कहा, जनता की समस्याओं को सुनना और उनका समाधान करना हमारी प्राथमिकता है। आज हजारीबाग विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों से आए लोगों की समस्याओं को विस्तार से सुना और उनके निवारण के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश पर चर्चा किया। विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों ने सड़क, बिजली तथा स्वास्थ्य सेवाओं से संबंधित अपनी समस्याओं को रखा। मुन्ना सिंह ने आगे कहा, कांग्रेस पार्टी जनता के हितों की रक्षा के लिए सदैव तत्पर है। हम सभी समस्याओं का समाधान जल्द से जल्द करने का प्रयास करेंगे।

## एक नजर

### जिला स्तरीय सब जूनियर अंडर -16 एथलेटिक्स प्रतियोगिता आयोजित

**सिमडेगा।** अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक दिवस के शुभ अवसर पर आज जिला खेल कुद विभाग सिमडेगा और सिमडेगा जिला एथलेटिक्स संघ के संयुक्त तत्वावधान में प्रथम सिमडेगा जिला स्तरीय सब जूनियर व-16 बालक और बालिका एथलेटिक्स प्रतियोगिता रविवार को प्रात 06.30 बजे से नेताजी सुभाष चंद्र बोस खेल परिसर में आयोजित होगी। जिला स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में भाग लेने वाले एथलीट को ससमय कार्यक्रम स्थल पहुंचकर अपना निबंधन कराकर प्रतियोगिता में भाग ले सकते है। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों का जन्म तिथि 30 जून 2024 को 16 वर्ष से कम होनी चाहिए।

### झरनाकुंड बिरहोर टोला में लगा सिकल सेल एनीमिया जांच कैंप

**कोडरमा।** कल्याण विभाग कोडरमा द्वारा नगर परिषद् झुमरी तिलैया अंतर्गत झरनाकुंड स्थित बिरहोर टोला में सिकल सेल एनीमिया का जांच कैंप लगाया गया। डीसी मेघा भारद्वाज ने जांच कैंप का निरीक्षण किया। डीसी ने चिकित्सकों से कहा कि बिरहोर टोला में रहने वाले सभी लोगों का सिकल सेल एनीमिया का जांच करें। चिकित्सकों ने इस दौरान सभी की जांच किया और उन्हें सिकल सेल एनीमिया का आई कार्ड दिया गया। इसके अलावा कल्याण विभाग द्वारा संचालित आश्रम विद्यालय नागरितो, मरकच्चो में सिकल सेल एनीमिया का जांच मेडिकल कैंप लगाकर किया गया। इसमें लगभग 100 आदिवासी छात्राओं का सकिल सेल एनीमिया जांच की गयी। साथ ही उन्हें इस गंभीर बीमारी के बारे में विस्तार पूर्वक बताते हुए जागरूक किया गया। मौके पर सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार, उपाधीक्षक डॉ रंजीत कुमार, डीपीआरओ रवि कुमार, डीडब्लूओ अभिषेक आनंद, बीडीओ सुमन गुप्ता, डीपीएम महेश कुमार व चिकित्सक व अन्य मौजूद रहे।

### मादक पदार्थों के रोकथाम को लेकर डीसी ने जागरूकता रथ को किया रवाना

**कोडरमा।** समाहरणालय सभागार से डीसी मेघा भारद्वाज ने मादक पदार्थों के रोकथाम के लिए जागरूकता रथ को रवाना किया। यह जागरूकता रथ जिले के विभिन्न प्रखंडों में भ्रमण कर लोगों को मादक पदार्थों के विरुद्ध जागरूक करेगी। डीसी ने जिलेवासियों से अपील किया कि मादक और नशीली पदार्थों के सेवन से बचें। मादक पदार्थों के रोकथाम के लिए जागरूकता अभियान में जिला प्रशासन के अलावा सभी जिलेवासियों की भूमिका भी महत्वपूर्ण है। खासकर बच्चों के माता-पिता,शिक्षक इसकी महत्वपूर्ण भूमिका में रहते हैं। इसलिए आवश्यक है कि सभी माता-पिता अपने-अपने बच्चों पर अवश्य नजर रखें कि वह किसी भी गलत संगत में ना पड़े। जो भी बच्चे नशे की आदि हैं, उन्हें इन सभी चीजों से बाहर निकलना भी हमारी प्राथमिकता है और जो भी बच्चे इसके चपेट में भी नहीं आए हैं।

# आदिवासी-मूलवासी को दबाने का काम करती है राष्ट्रीय पार्टियां : एनोस



स्थानीय कांग्रेस के विधायक पर भाजपा के हाथ बिक जाने का भी आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस के विधायक ने आदिवासियों की भावनाओं का सौदा किया है

**नवीन मेल संवाददाता। बोलबा**

कांग्रेस और झामुमो की सरकार ने भाजपा से पैसा लेकर आदिवासियों के जल जंगल और जमीन को बेचने का काम किया है। वही भाजपा डी लिस्टिंग के नाम पर आदिवासियों के अधिकार को छिनना चाहती है। राष्ट्रीय पार्टियों ने हमेशा आदिवासियों को दबाने और कुचलने का काम किया है। धर्म के नाम पर लोगों को बरगलाकर अपनी स्वार्थ सिद्ध का काम करते हैं राष्ट्रीय पार्टी। झारखंड पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सह पूर्व मंत्री एनोस एक्का को शनिवार को बोलबा में आयोजित पार्टी के बैठक को संबोधित कर रहे थे। एनोस एक्का ने पूरे संबोधन में कांग्रेस और भाजपा को निशाने में रखा। एनोस ने कहा कि झारखंड पार्टी माटी की पार्टी है और हमेशा आदिवासी मूल वासी के जल, जंगल और जमीन के लड़ाई लड़ी है। लेकिन कांग्रेस और भाजपा पार्टी ने आदिवासियों की पहचान को बेचने को काम किया है, झारखंड पार्टी के नेताओं को कुचलने का काम किया है। उन्होंने कहा कि जयपाल सिंह मुंडा से लेकर एनोस एक्का तक सभी को कांग्रेस और भाजपा ने दबाने का काम किया है। उन्हें स्थानीय कांग्रेस के विधायक पर भाजपा के हाथ बिक जाने का भी आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस के विधायक ने आदिवासियों की भावनाओं का सौदा किया है और जमीर को बेचने का काम किया है। एनोस ने कहा कि कांग्रेस के कार्यकाल में क्षेत्र की जनता हर तरह की समस्या से परेशान है। लोगों को ना तो पीने के लिए शुद्ध जल मिल रहा है, ना ही रहने के लिए घर, ना ही आने जाने के लिए अच्छी सड़क और न ही इलाज के लिए अस्पताल ना ही अच्छा स्कूल और कॉलेज मिल रहा है। युवा रोजगार के लिए पलायन करने को विवश है। उन्होंने उपस्थित लोगों से एनोस के कार्यकाल और स्थानीय विधायक के कार्यकाल की तुलना करने की बात कही। एनोस एक्का ने झारखंड पार्टी को एक बार फिर अपना समर्थन देने के अपील की। आगामी विधानसभा में झारखंड पार्टी की जीत सुनिश्चित करने के लिए सभी का सहयोग मांगा।

# राधा गोविंद विश्वविद्यालय के गणित विभाग में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन




**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**

राधा गोविंद विश्वविद्यालय के गणित विभाग में मद्य निषेध सप्ताह कार्यक्रम के दौरान भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। झारखंड सरकार द्वारा 19 से 25 जून 2024 के दौरान मद्य निषेध सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इसके उपलक्ष्य में राधा गोविंद विश्वविद्यालय के गणित विभाग में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया इस आयोजन में गणित विभाग के स्नातक एवम स्नाकोत्तर प्रतिभागियों ने भाग लिया। अंत में प्रतियोगिता का फाइनल रिजल्ट गणित विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ विजय कुमार पांडे ने बताया। प्रथम स्थान सुष्मिता कुमारी, द्वितीय स्थान आतिश कुमार कुशवाहा तथा तृतीय स्थान सोनी कुमारी ने प्राप्त किया । गणित विभाग में योगाभ्यास का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर गणित विभाग के छात्रों ने अधिक संख्या में उपस्थित होकर योग अभ्यास किया। इसमें प्राणायाम वज्रासन सूर्य प्रणाम इत्यादि प्रमुख हैं। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बी. एन.साह ने कहा कि विश्वविद्यालय में इस प्रकार के कार्यक्रम लगातार आयोजित किए जाने चाहिए । उन्होंने मद्य निषेध कार्यक्रम के दौरान बच्चों को आशीर्वचन देते हुए कहा की बच्चों को धूम्रपान तथा शराब से दूर रहना चाहिए।

## न्यूज | बॉक्स

### बानो झामुमो संयोजक मंडली की हुई बैठक



**बानो।** डाक बंगला बानो में झामुमो संयोजक मंडल का बैठक झामुमो केंद्रीय सदस्य सह जिला परिषद बिरजो कंडुलना की अध्यक्षता में हुई।बैठक में निर्णय लिया गया कि प्रखण्ड के सभी गावों में जाकर सदस्यता अभियान चलाया जायेगा।सभी सदस्यों को सदस्यता रसीद देते हुए पार्टी में जोड़ना है। आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए प्रखण्ड के सभी बूथों का बूथ कमिटी का गठन एक सप्ताह में करने का निर्णय लिया गया। सभी बूथ कमिटी में अध्यक्ष सहित दस सदस्य होंगे । इस कार्य को पूर्ण करने के लिए 30 जून तक लक्ष्य रखा गया है।मौके पर सुधीर डांग, अनिल लुगुन, धर्मदास तोपनो, तनवीर हुसैन, अमित बडिंग, जकरियास कंडुलना, तुरतन गुड़िया आदि लोग उपस्थित थे।

### आजसू पार्टी ने 38वां स्थापना दिवस पर शहीद निर्मल महतो को किया याद



**सिमडेगा।** शनिवार को आजसू पार्टी जिला कार्यालय सिमडेगा में आजसू पार्टी का 38वा स्थापना दिवस 'बलिदान' दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर सर्वप्रथम पार्टी के संस्थापक रहे एवं झारखंड आंदोलन के अग्रणी नेता निर्मल महतो के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर किया गया कार्यक्रम में जिले के सभी झारखंड आंदोलनकारियों की उपस्थिति रही। झारखंड आंदोलनकारी मोर्चा के जिला अध्यक्ष भुवनेश्वर सेनापति के द्वारा कहा गया कि सिमडेगा जिला में आजसू पार्टी ही है जो आंदोलनकारियों को मान सम्मान करती है। आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव सह झारखंड आंदोलनकारी श्याम सुंदर बड़ाईक ने कहा कि जिस विश्वास और उम्मीद से हम सभी आंदोलनकारी झारखंड अलग राज्य के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिये थे जो की झारखंड सरकार के उदासीन क्रियाकलापों के वजह से आज भी उपेक्षित हैं।जिला अध्यक्ष धूपेंद्र पांडे के द्वारा कहा गया की आजसू पार्टी झारखंड नवनिर्माण में अग्रसर है और आने वाला समय आजसू पार्टी का ही है। कार्यक्रम का समापन किया गया और सभी आंदोलनकारियों को पौधा भेंट स्वरूप दिया गया। मौके पर- आजसू पार्टी के दर्जनों कार्यकर्ता नेता और जिला कमेटी के लोग उपस्थित रहे।

### बानो जीतू टोली स्कुल में बाल संसद हुआ गठन प्रधानमंत्री बना विकास कंडुलना



**बानो।** जनता उच्च विद्यालय जीतुटोली में बाल संसद का गठन किया गया बाल संसद में प्रधानमंत्री विकास कंडुलना व असीमा बरला, सांस्कृतिक मंत्री प्रियांशु होरो व सतवीर बड़ाइक,खेल मंत्री संगीता कडुंलना व अनुज कडुंलना,सफाई मंत्री आशा? सुरीन व लिविन सुरीन,अनुशासन मंत्री कुलदीप बागे व निशा कुमारी ,स्वास्थ्य मंत्री आर्यन कैथवार चुन्नी गोप,मनीष बरला व माधुरी कुमारी, पर्यावरण मंत्री शिवा चीक बड़ाइक, निखिल बड़ाइक, एलकेता बागे, शबनम केरकेट्टा को बनाया गया. प्रधानाध्यापक फादर अजीत पॉल केरकेट्टा व सुभाष तिर्की ने पद और गोपनीयता की शपथ दिलायी. फादर ने बाल संसद के सदस्यों को अधिकार और उत्तरदायित्व के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दिया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएं और छात्र छात्राएं उपस्थित थे। सभी ने सभी बाल संसद के पदाधिकारियों को बधाई दी।

### विश्व सिकल सेल दिवस पर सिकल सेल एनीमिया की रोकथाम को लेकर पखवाड़ा शुरू

**कोडरमा।** विश्व सिकल सेल दिवस पर बुधवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोडरमा परिसर से पखवाड़ा का शुभारंभ किया गया। सिकल सेल एनीमिया की रोकथाम के लिए 19 जून से तीन जुलाई तक पखवाड़ा कार्यक्रम चलाया जाएगा। शुरूआत डीसी मेघा भारद्वाज ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान डीसी ने कहा कि सिकल सेल रोग की रोकथाम के लिए जिले के सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर स्क्रीनिंग का शुभारंभ किया गया है। इसकी शुरूआत झरनाकुंड स्थित बिरहोर टोला और आश्रम विद्यालय से भी बच्चियों की स्क्रीनिंग कर किया गया है। उन्होंने कहा कि पखवाड़ा के दौरान पीवीटीजी यानी विशेष रूप से कमजोर जनजाति समूह और आदिम जनजाति समेत अन्य लोगों की स्क्रीनिंग किया जाएगा। इसके लिए जन जागरूकता कार्यक्रम चलाने को कहा और आमजनों से अपील किया कि सरकारी हॉस्पिटल में निःशुल्क जांच कराएं।

### विशेष लोक अदालत को सफल बनाने को लेकर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन

**डोमचांच ।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में शनिवार को प्रखंड सभागार में 29 जून को विशेष लोक अदालत लगाया जाएगा। इसकी सफलता को लेकर शनिवार को विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। बतौर मुख्य अतिथि सीओ रविंद्र कुमार पांडेय ने कहा कि विशेष लोक अदालत भूमि एवं राजस्व मामले में तेजी और प्रभावी न्यायिक समाधान करने का विशेष मंच है। इसका उद्देश्य भूमि एवं राजस्व संबंधी विवादों को समझौता करवाकर कम समय में निपटारा करना है। बताया गया कि नियमित न्यायिक प्रक्रिया की तुलना में विशेष लोक अदालतों के मामलों का निपटारा तुरंत होता है। उन्होंने कहा कि पारंपरिक कोर्ट की तुलना में यहां पर लागत कम आती है। न्यायिक प्रक्रिया में पारदर्शिता और निष्पक्षता बनी रहती है। यहां पर विवादों का समाधान समझौते के जरिए संभव है। विशेष लोक अदालतें भूमि एवं राजस्व मामले में तेजी से और प्रभावी न्यायिक समाधान प्रदान करने का महत्वपूर्ण उपकरण है जो न्यायिक प्रणाली पर बोझ कम करने और लोगों को त्वरित न्याय दिलाने में सहायक है।

## द्वितीय मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम आयोजित

# डीसी ने बीएलओ को नये मतदाताओं की सूची तैयार करने का दिया निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**

उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह ने सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों एवं जिले के प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडियाकर्मियों के साथ बैठक आयोजित कर द्वितीय मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम, 2024 से संबंधित आवश्यक जानकारी दी। उपायुक्त ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग ने 25 जून से मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम का कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिया है. इस दौरान सभी बीएलओ को मतदाताओं के घर-घर जाकर मतदाता सूची के पुनरीक्षण का कार्य करना है. 1 जुलाई को अर्हता तिथि मानते हुए 18 वर्ष पूरे करने वाले नए मतदाताओं को मतदाता सूची से जोड़ने का कार्य करना है. साथ ही शिफ्टेड, डुप्लीकेट और मृत मतदाताओं का सत्यापन करते हुए मतदाता सूची से उनका विलोपन नियमानुसार सुनिश्चित करना है. विशेष अभियान दिवस के तहत आयोग के निर्देशन अनुसार दिनांक 27 एवं 28 जुलाई, 03 अगस्त एवं दिनांक 04 अगस्त को विशेष अभियान दिवस मनाया जाएगा। इस विशेष अभियान दिवस में सभी बी.एल.ओ. अपने मतदान केंद्र में आवश्यक प्रपत्र एवं वर्तमान मतदाता सूची के साथ उपस्थित रहेंगे। उक्त दिवस में बी.एल.ओ. प्रपत्र -6, प्रपत्र-7 एवं प्रपत्र -8 प्राप्त करेंगे। साथ ही ब्लैक एंड व्हाइट एवं पुराने फोटो बदलाव हेतु भी संबंधित मतदाताओं से प्रपत्र एवं रंगीन फोटोग्राफ से प्राप्त करेंगे। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों से अनुरोध है कि उक्त दिवस में अधिक से अधिक नागरिकों की सहभागिता हेतु सहयोग प्रदान करेंगे। साथ ही उपायुक्त ने बताया कि आयोग के उद्देश्यों की पूर्ति हेतु स्वच्छ, समावेशी एवं त्रुटिरहित मतदाता सूची के निर्माण के लिए सभी पात्र नागरिकों का निबंध एवं मतदाता सूची का शुद्धिकरण किया जाना आवश्यक है।

### छात्र-छात्राओं को साइबर अपराध के बारे में दी गई जानकारी

**मरकच्चो।** मरकच्चो थाना प्रभारी सौरव शर्मा ने सर्वोदय जमा दो हाई स्कूल के छात्र-छात्राओं को साइबर अपराध के बारे में जानकारी देकर उन्हें जागरूक किया। उन्होंने बच्चों को बताया कि सोशल साइट पर पूरी सावधानी बरतें। एटीएम के बारे में किसी को जानकारी नहीं दें और एटीएम का उपयोग काफी सावधानी से बरतें। पेटीएम और गुगल पे पर पैसों की लेनदेन किस सावधानी से करें इसके बारे में बच्चों को बताया गया। कहा कि मोबाइल के जरिए तमाम तरह के साइबर अपराध हो रहे हैं। भोले-भाले लोगों को झांसे में लेकर साइबर अपराधी बैंक खाते से रुपये निकाल लेते हैं। इसके अलावा बच्चे कई बार अपना फोटो मोबाइल में अपलोड कर देते हैं। साइबर अपराधी उसका गलत उपयोग कर ब्लैकमेलिंग तक करते हैं। उन्होंने छात्र-छात्राओं को अपने भविष्य निर्धारण के लिए लक्ष्य निर्धारित कर पढ़ने की प्रेरणा दी। कहा कि मौजूदा परिवेश में सब कुछ ऑनलाइन हो रहा है। इससे एक तरफ जहां लोगों का काम काफी आसान हो गया है।

# संस्था छोटानागपुर कल्याण निकेतन ने ग्राम सभा नेतृत्वकर्ता को दिया प्रशिक्षण




**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**

ठेठईटांगर प्रखंड के तीन पंचायत मेरोमडेगा, घुटबहार तथा ठेठईटांगर के पंचायत घर के सभागार में संस्था छोटानागपुर कल्याण निकेतन द्वारा ग्राम सभा के नेतृत्वकर्ता, महिला समूह के नेतृत्वकर्ता तथा पंचायत प्रतिनिधि के सदस्यों के साथ विभिन्न सामाजिक योजनाओं के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रतिभागियों को ग्राम पंचायत में संचालित विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दिया गया जिसका उद्देश्य यह था कि वे अपने-अपने क्षेत्र में अधिक से अधिक लोगों तक इन सरकारी योजनाओं की जानकारी को पहुंच सके जिससे उन्हें सरकारी योजना का लाभ मिल सके और एक ग्राम तथा उस ग्राम के वासी सशक्त हो सके। मौके पर उप मुखिया मास्टर ट्रेनर मनीष बड़ाइक वार्ड सदस्य संपत्ति इंदवार, अंजना समद, उपस्थित थे।

# जीवन को सफल बनाने में शिक्षा सबसे महत्वपूर्ण : नमन विक्सल कोंगाड़ी



**नवीन मेल संवाददाता। जलडेगा**

प्रखंड के जलडेगा पंचायत अंतर्गत केलूगा के सेवन डेज इंग्लिश मिडियम स्कूल में कार्यक्रम आयोजित की गई आयोजित कार्यक्रम में विधायक नमन बिक्सल कोनगाडी को मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।मौके पर बच्चों के द्वारा कई मनमोहक प्रस्तुति दी गई, जिसको देखकर सभी अतिथि मंत्रमुग्ध हो गए। विधायक नमन बिक्सल कोनगाडी ने सम्बोधित करते हुए कहा कि आज जीवन में सफल होने के लिए सबसे महत्वपूर्ण स्थान शिक्षा का है।शिक्षा के बिना कोई भी इंसान आगे नही बढ़ सकता है। शिक्षा से ही इंसान सभी प्रकार की बुराइयों को समझता है और उनसे दूर रहता है।शिक्षा से ही इंसान अपने हक और अधिकार को जानता है और आज के दौर में हक और अधिकार के प्रति जागरूक होना बहुत ही जरूरी है। मौके पर बिधायक प्रतिनिधि रावेल लकड़ा, अर्जुन होरो, पंचायत अध्यक्ष अमर टोपनो, मंडल अध्यक्ष अनिल डांग, शांतिएल बागे, अनमोल टोपनो, लम्बोई पंचायत अध्यक्ष शिशिर डांग सहित विद्यालय के समस्त शिक्षक और ग्रामीण उपस्थित रहे।

## हैवानियत | फोटो शूट के बहाने दो आदिवासी बेटियों के साथ सामुहिक दुष्कर्म

# पुलिस ने 4 युवकों को किया गिरफ्तार, जबकि 2 नाबालिग हुए निरूद्ध

**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**

सिमडेगा में दो आदिवासी लड़कियों के साथ सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया है। जिसमें एक लड़की नाबालिग बताई जा रही है एक लड़की के साथ दो लड़कों ने और दूसरी लड़की के साथ आधा दर्जन से अधिक लड़कों ने दुष्कर्म किया है। पीड़िता के परिजनों ने घटना को लेकर एफआईआर दर्ज कराई है। जिसके बाद पुलिस ने 4 युवकों को गिरफ्तार कर लिया है।इसके अलावा 2 नाबालिग को निरूद्ध किया ।घटना 18 जून की है। घटना को लेकर मामला शुक्रवार को दर्ज किया गया है।प्राप्त जानकारी के मुताबिक,दोनों लड़कियों को फोटोशूट के बहाने बुलाया गया था। पहले से परिचित होने के कारण ये लड़कियां फोटोशूट के लिए युवकों के साथ चली गईं। इसके बाद दोनों लड़कियों को एक वाहन में बिठाकर सिमडेगा से बानाबीरा इलाके में ले जाया गया। जहां उन्हें जंगल में रखा गया और बारी-बारी से दुष्कर्म किया गया।घटना के बाद पीड़िताओं ने घर पर अपने परिजनों को इसकी जानकारी दी।

जिसके बाद परिजन उन्हें लेकर मुफस्सिल थाने पहुंचे और आवेदन देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।आवेदन मिलने के बाद पुलिस ने मुफस्सिल थाना कांड संख्या-6/24, धारा-376 के तहत मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी।आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम ने संबंधित इलाकों और आरोपियों के घरों में छापेमारी की और देर रात 4 युवकों को गिरफ्तार कर लिया।इसके अलावा 2 नाबालिग को निरूद्ध किया। गिरफ्तार आरोपियों में शनि इनोसेंट बाड़ा, गुलशन एक्का,बिपिन एक्का,सीताराम प्रसाद एव दो नाबालिग शामिल है।

### दुष्कर्म की घटना के बाद राजनीतिक पार्टियों का आरोप प्रत्यारोप जारी

घटना के बाद झारखंड पार्टी ने कहा कि सिमडेगा आदिवासियों के हित और खुद को ईसाई समुदाय का रहनुमा बताने वाले कांग्रेस पार्टी के विधायक के परिजन ही लगातार आदिवासियों का शोषण करते नजर आ रहे हैं। खुद सिमडेगा विधायक पर भी एक आदिवासी युवती के साथ दुर्व्यवहार और शोषण का मामला दर्ज हो चुका है। विधायक के इस कृत्य को आगे बढ़ते हुए उनके एक रिश्तेदार पर भी दुष्कर्म का मामला दर्ज हुआ है और उन्हें गिरफ्तार भी किया गया है। धर्म के नाम पर गंदी राजनीति करते हुए लोगों को बरगलाने का काम करने वाले लोगों के मानसिकता को भगवान खुद लोगों के सामने ला रहे है। जिस पार्टी के विधायक खुद और उनके परिजन पर लगातार यौन शोषण का आरोप लग रहा है उनके द्वारा खुद को आदिवासी और ईसाई समाज का रहनुमा बताना सिर्फ और सिर्फ धार्मिक लोगों को असत्य के रास्ते पर ले जाने की तरह है।

### प्री मॉनसून में बारिश की पहली फुहार से मौसम हुआ सुहावना

**कोडरमा।** कोडरमामें गुरुवार की सुबह बारिश होने से0 मौसम सुहावना हो गया। इससे इलाके में पड़ रही भीषण गर्मी से लोगों ने राहत की सांस ली। सुबह छह बजे से शुरू हुई रिमझिम बारिश सुबह साढे आठ बजे तक जारी रही। इस दौरान पारा लूढक कर 30 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। अधिकत्तम 35 डिग्री सेल्सियस तापमान रिकॉर्ड किया गया। इसके पूर्व झुमरी तिलैया शहर का अधिकतम पारा 42 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया था। हालांकि इसके बाद धूप खिल गई और लोगों को फिर से गर्मी का सामना करना पड़ा। उमस भरी गर्मी से लोग परेशान रहे। हालांकि इस बारिश ने लोगों को फिलहाल बड़ी राहत दी है। बारिश के बीच फुटपाथ पर सब्जी, फल विक्रेताओं, ठेला संचालकों को थोडी परेशानी जरूर हुई।

## उपायुक्त ने किया जिला कोषागार का निरीक्षण

# ऑडिट से संबंधित रिपोर्ट की जांच कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**

उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह द्वारा जिला कोषागार कार्यालय, सिमडेगा का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उपायुक्त ने कर्मियों का पदस्थापन, सेवापुस्त, आवंटन पंजी, कोषागार आवंटन, अंकेक्षण, मासिक लेखा का प्रेषण, कम्प्यूटर व्यवस्था, पेंशन, कोषागार नजारत, कोषागार से भुगतान की प्रक्रिया, प्राप्त एवं निर्गत पंजी, बज्रगृह, कैश बुक, सामान्य रोकड़ पंजी, रिवेन्यू स्टांप, स्टांप एडवोकेट फंड, नन जुडिशियल पंजी, सर्विस बुक सहित ऑडिट से संबंधित रिपोर्ट की जांच कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने 01 अप्रैल से 31 मार्च तक कितना पी.पी.ओ. सिमडेगा जिला के लिए ऑथराइज किया गया है जिसका रिपोर्ट उपलब्ध कराने की बात कहीं। साथ ही उन्होंने तीन माह से लंबित पेंशन से संबंधित मामलों की भी रिपोर्ट उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। रिवेन्यू स्टांप पंजी जांच के क्रम में रजिस्टर फटा-टूटा पाया गया, जिसे देख उपायुक्त महोदय ने नयी पंजी में संधारित करने का निर्देश दिया।

## एक नजर

### रामगढ़: पोटमदगा पंचायत पहुंची ग्राम स्वराज यात्रा

**रामगढ़।** राजीव गांधी पंचायती राज संगठन की ग्राम स्वराज यात्रा शांतनु मिश्रा के नेतृत्व में चौथे दिन दुलमी प्रखंड पहुंची. यहां सिरू व पोटमदगा पंचायत के सिरू तेलयातु, मदगी भालू, पोटमदगा, बगरई, हरहद आदि गांवों में जनसंपर्क किया गया. संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष ने सभा को संबोधित करते हुए बताया कि पंचायती राज को सशक्त बनाने और सत्ता के विकेंद्रीकरण के उद्देश्य से यह यात्रा 21 दिनों के लिए रामगढ़ विधानसभा में निकाली गई है. इस दौरान गांव-गांव जाकर लोगों को पंचायती राज के अधिकार और लाभ के बारे में बताया जा रहा है. इस यात्रा में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष मुन्ना पासवान, रामगढ़ नगर अध्यक्ष बलराम साहू, आरिफ लिलेश्वर महतो, सपूत महतो, प्रेम प्रकाश गुप्ता, कुंजलाल विश्वकर्मा, रोहित नायक असरफ अंसारी सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे.

### गिट्टी लोड हाइवा पोल को तोड़ते हुए घर में घुसा, चालक-खलासी घायल

**पाकुड़।** पाकुड़ से गिट्टी लोड कर बिहार की ओर जा रहा तेज रफ्तार हाइवा सड़क किनारे बिजली पोल को तोड़ते हुए एक घर में घुस गया. हादसे में हाइवा के चालक व खलासी गंभीर रूप से घायल हो गए हैं. घटना शुक्रवार की देर रात महगाना-हनवारा मुख्य मार्ग पर हसन करहरिया गांव में घटी. हाइवा के धक्के से स्थानीय निवासी जहांगीर के घर की दीवार क्षतिग्रस्त हो गई. साथ ही अगल-बगल के दो घरों का दीवार और छज्जा को भी क्षति पहुंची है. तेज आवाज सुन वहां लोगों की भीड़ जुट गई. ग्रामीणों ने घायल चालक व खलासी को स्थानीय अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें गोड्डा रेफर कर दिया. पुलिस ने हाइवा जब्त कर लिया है.

### बारीडीह संगत का फरमान, चुनाव से ही चुना जाये प्रधान

**बारीडीह।** बारीडीह गुरुद्वारा के प्रधान पद को लेकर उत्पन्न विवाद और उहापोह पर अंततः विराम लग गया. इस पर शनिवार की शाम आमसभा में बारीडीह की सिख संगत ने अपना फैसला सुना दिया. गुरु प्यारी संगत ने ह्वबोले सो निहाल सतश्री अकाल के उद्घोष के साथ नए सिरे से प्रधान पद के लिए चुनाव की मांग की है. आम सभा में संगत ने अपना रुख बिल्कुल स्पष्ट कर दिया, जो सबके लिए सर्वमान्य है. चुनाव होने तक बारीडीह गुरुद्वारा के प्रबंधन का कार्य फिलहाल सीजीपीसी ही देखेगी. इधर संगत के फरमान को सर्वोपरि करार देते हुए सरदार भगवान सिंह ने ऐलान कर दिया कि बहुत जल्द चुनाव संपन्न कराया जायेगा. इसके लिए उन्होने सबंधित लोगो को वोटर लिस्ट बनाने के लिए जरूरी निर्देश भी दिए हैं. भगवान सिंह ने कहा कि संगत का फरमान आने के बाद पिछली सभी कमेटी को भंग माना जाये, अब नए सिरे से चुनाव होने के बाद ही नई कमेटी के पास बागडोर जाएगी. तबतक बारीडीह गुरुद्वारा का नियंत्रण सीजीपीसी के पास रहेगा. संगत के फैसले से प्रफुल्लित सीजीपीसी के प्रधान सरदार भगवान सिंह ने कहा कि संगत का फैसला ही सर्वोपरि है.


# सरकारी योजनाओं में बिचौलियों का हावी होना दुर्भाग्यपूर्ण : डॉ. परमेश्वर भगत



**नवीन मेल संवाददाता। चान्हो** शनिवार को चान्हो प्रखंड अंतर्गत ग्राम हुरहुरी में मुरतो, हुरहूरी, सिलागाई, बेयासी एवं कुल्लू के किसानों का एक अति आवश्यक बैठक में मुख्य रूप से शामिल हुए पूर्व डीडीसी सह समाजसेवी डॉ परमेश्वर भगत। बैठक में ग्रामीणों ने मुख्य से डॉ परमेश्वर भगत को अवगत कराया की बीते दो माह पूर्व हमारे क्षेत्र में भारी बारिश के साथ ओलावृष्टि से काफी किसानो का फसल पूरी तरह बर्बाद हो गई थी। तत्पश्चात झारखण्ड सरकार के माध्यम से भुक्तभोगी किसानो के लिए सरकार एक योजना लाई थी जिसमें किसानो के फसलों का मूल्य/मुअवजा मिलने की बात थी। परंतु अब हमलोगो को योजनाओं का लाभ सीधा नहीं मिल रहा है, तमाम तरह के योजनाओं में बिचोलियों हावी हो चुके है। जिसके कारण योग्य किसानों/गरीबों को सरकारी योजनाओं का लाभ लेने में कठिनाई हो रही है। ओलावृष्टि में जिस किसान को लाभ मिलना चाहिए उनको नहीं होकर अन्य लोगों का नाम सूची में है ऐसा लोगों ने बताया। डॉ परमेश्वर भगत ने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि इस गंभीर समस्या का ठोस कार्रवाई के लिए उच्च अधिकारी से बात करके योग्य किसानों को उसका लाभ मिले इसके लिए पहल किया जाएगा। डॉ भगत ने कहा की गरीब किसानो का हक को जिस तरह बिचौलियों के द्वारा गलत किया जा रहा है यह बिल्कुल दुर्भाग्यपूर्ण है। मौके पर अनिल गोप, शंकर उरांव, अनिल उरांव, दया उरांव आदि मौजूद रहे।

> डॉ परमेश्वर भगत ने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि इस गंभीर समस्या का ठोस कार्रवाई के लिए उच्च अधिकारी से बात किसानों के लाभ लिए पहल किया जाएगा

# बिरनी उपप्रमुख ने गिरीडीह उपायुक्त को लिखा पत्र



**नवीन मेल संवाददाता। बिरनी** बिरनी के उप प्रमुख शेखर सुमन ने बीते दिन गिरिडीह उपायुक्त को एक आवेदन दिया था। आवेदन देने के बाद इस पर अब तक कार्रवाई नहीं करने के भी पुनः एक आवेदन और दिया गया। उप प्रमुख शेखर सुमन ने आवेदन में कहा गया है कि बीते दिन 13 तारीख को मेरे द्वारा उपायुक्त को एक आवेदन दिया गया था।। जिसमें कहा गया था,कि बिरनी के मुख्यालय में संचालित एफसीआई गोदाम एवं डोर स्टेप डिलीवरी में भारी गड़बड़ी किया जा रहा है। यहां के कार्डधारीयो को नियमित राशन वितरण नहीं किया जा रहा है,बिरनी में राशन वितरण 3 महीने से बैकलॉग चल रहा है। इनकी वजह क्या है? जांचउपरांत इसकी नियमित करने के कृपया करें साथ ही साथ गिरीडीह उपायुक्त से उप प्रमुख शेखर सुमन ने फरियाद किया कि बिरनी में कार्डधारियों को एडवांस में अंगूठा का निशान ले लिया जाता है और बाद में मनमानी तरीके से राशन वितरण किया जाता है।।उन्होंने इस पर सवाल खड़ा करते हुए कहा कि आदेश निर्गत करने का कष्ट करें।।उन्होंने यह भी कहा है कि पंचायत समिति का गठन होने के बाद से आज पंचायत समिति बैठक के लिए निर्णय का पालन नहीं किया जा रहा है। जिसमें बिरनी के त्रिस्तरीय पंचायत समिति गठन के बाद पंचायत समिति बैठक के लिए गए प्रस्तावों का जांच कर अभिलंब कार्रवाई करने की मांग की है। उप प्रमुख शेखर सुमन ने कहा कि बिरनी प्रखंड के 28 पंचायत में आपूर्ति योजना के तहत सात पानी टैंकर की खरीदारी पंचायत समिति मद से किया गया था जो आज सभी टैंकर जैसे के तैसे सड़ रहे हैं।इस पर भी उपयुक्त को मामले को गंभीरता से लेने का अपील किया है और दोषियों पर कार्रवाई करने का मांग किया है।

## न्यूज बॉक्स

### टाटा स्टील की खेल सुविधाएं बेहतरीन, पर आम खिलाड़ियों के लिए बेहद मुश्किलः सरयू



**जमशेदपुर।** सिदगोड़ा स्थित जमशेदपुर क्रीड़ा उद्यान में नवनिर्मित बास्केटबॉल कोर्ट का शनिवार को उद्घाटन हुआ. उद्घाटन पूर्व ओलंपियन हरभजन सिंह ने किया. उन्होंने इसके लिए स्थानीय विधायक सरयू राय को बधाई दी. इस अवसर पर मुख्य रूप से उपस्थित विधायक सरयू ने कहा कि जमशेदपुर में खेल-कूद का इंफ्रास्ट्रक्चर बेहतर है. यहां से बड़े-बड़े खिलाड़ी भी निकले हैं, लेकिन ये सब टाटा स्टील के नियंत्रण में है. वहां हर किसी की पहुंच नहीं है. टाटा स्टील की ओर से उपलब्ध सुविधाएं हासिल करना आम खिलाड़ियों के लिए बेहद मुश्किल है. उसमें काफी खर्च होता है. श्री राय ने कहा कि आम खिलाड़ियों को बेहतरीन सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से उन्होंने तय किया कि सरकार का सहयोग लिया जाए. सरकार से बातचीत हुई, लेकिन फिलहाल हमने अपने विधायक निधि से 76 लाख रुपये दिए हैं. ये कोर्ट उसी निधि से बना है. इसी माह आर्चरी कोर्ट, नेटबॉल, हैंडबॉल, टेबल टेनिस, स्नूकर, कैरम आदि खेलने के स्थानों का भी उद्घाटन हो जाएगा।

### देर रात कोरियाडीह पहुंचा नवनिर्वाचित सांसद का आभार यात्रा, जोरदार स्वागत



बरही। मां भद्रकाली मंदिर से प्रारंभ हुए हजारीबाग के नवनिर्वाचित सांसद मनीष जायसवाल की अभार यात्रा देर रात 11बजे बरही के धनवार पंचायत के मध्य विद्यालय कोरियाडीह पहुंची. जहां स्थानीय मुखिया राजेंद्र प्रसाद की अगुवाई में ग्रामीणों ने नारो के साथ गर्मजोशी से स्वागत किया. मुखिया और समजसेवियों ने सांसद सहित आभार यात्रा में चल रहे पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव, पूर्व प्रदेश सह मीडिया प्रभारी रंजीत चंद्रवंशी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, विहिप जिला सह मंत्री गुरुदेव गुप्ता आदि को भगवा गमछा ओढ़ाकर व बुके देकर सम्मानित किया. अभार यात्रा में बिपिन सिन्हा, नवल किशोर सिंह, मनोज उपाध्याय, पंकज वर्णवाल आदि साथ थे. मुखिया ने सांसद को सर्वमान्य नेता बताते हुए जनता के अपेक्षाओं से अवगत कराया. उन्होंने कहा कि हजारीबाग संसदीय क्षेत्र की जनता जमीनी स्तर से विकास के लिए सांसद की ओर आशा भरी निगाहों से देख रही है. इसके लिए धनवार पंचायत की जनता सांसद के हर एक विकास कदम के लिए कदम से कदम मिलाने के लिए तैयार है. सांसद श्री जायसवाल ने कहा कि उन्हें यह सांसद का ताज नही बल्कि हजारीबाग में विकास की लंबी लकीर खींचने की जिम्मेवारी मिली है. इसके लिए आप सभी दलगत भावनाओं से ऊपर आकर उनका सहयोग करे.

### साहिबगंज : डीसी ने बड़हरवा चेकनाका का किया निरीक्षण, सख्त जांच का आदेश

**साहबगंज।** साहिबगंज के डीसी हेमंत सती ने शनिवार को बरहरवा प्रखंड क्षेत्र के फुटानीमोड़ चेकनाका का औचक निरीक्षण किया. उन्होंने वाहन चेकिंग की लॉगबुक, सीसीटीवी कैमरों आदि को बारीकी से देखा. वहां मौजूद पदाधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश भी दिए. कहा कि बाहर से आने वाले और इधर से जाने वाले सभी वाहनों की बारीकी से जांच करें. माइनिंग से जुड़े वाहनों पर विशेष नजर रखें. माइनिंग में अंकित समय से अगर तीन-चार घंटे बाद वाहन इसी इलाके में रहें, तो उन पर तुरंत कार्रवाई करें. पत्रकारों से बातचीत में डीसी ने कहा कि यह नियमित जांच है. कहा कि चेकनाका के आसपास के छोटे-छोटे रास्तों से वाहनों का परिचालन अवैध रूप होने पर इसकी सूचना तुरंत पदाधिकारी को दें. ऐसे वाहनों पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### कर्मचारी महासंघ मुख्यमंत्री से मिला, मांगों से कराया अवगत



**जमशेदपूर।** झारखंड विश्वविद्यालय महाविद्यालय कर्मचारी महासंघ से संबद्ध कोल्हान विश्वविद्यालय के कर्मचारियों का प्रतिनिधिमंडल रांची में मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन से मिला. इस दौरान महासंघ के कोल्हान प्रक्षेत्र के महामंत्री चंदन कुमार के नेतृत्व में मुख्यमंत्री श्री सोरेन को कर्मचारियों की मांगों से अवगत कराया। साथ ही मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपा। चंदन कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री कर्मचारियों की मांगों अबिलम्ब पूरा करे की मांग की गयी है। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को बताया कि सभी विश्वविद्यालयों अंतर्गत कार्यरत कर्मचारियों के की विभिन्न मांगें लंबित हैं। इसे मानव संसाधन विभाग एवं विश्वविद्यालय स्तर से पूरा किया जाना चाहिए। प्रतिनिधिमंडल में चंदन कुमार के साथ अरशद जमाल, शंकर मिश्रा, विश्वनाथ कुमार, प्रभात पांडेय, शंकर लाल, अनीता सिंह,पद्मावती, सावित्री मार्डी, स्वाति आनंद, सुलोचना सोना एवं गौरी सनातन शामिल थीं।

### नाले-नालियों का हाल ऐसा कि मानसून में लोगों को होगी परेशानी

**जमशेदपूर।** शहर में भले ही अभी बरसात शुरू नहीं हुई है, लेकिन झारखंड में मानसून ने दस्तक दे दी है. संभावना है कि अगले दो-तीन दिन में शहर में भी बारिश की बौछार शुरू हो जाये। बावजूद अभी तक नाले-नालियों की समुचित सफाई नहीं हुई है। इस वजह से तरह-तरह की बीमारी फैलने की आशंका है। जुगसलाई नगर परिषद क्षेत्र को ही देखें, तो क्षेत्र का मुख्य बाजार एवं कई गली-मोहल्लों में नाले-नालियों की उड़ाही व सफाई नहीं हुई है। बजबज नालियों की दुर्गंध की वजह से राह चलना मुश्किल है। स्थानीय लोगों की मानें, तो यहां प्यास लगने पर कुआं खोदने वाली स्थिति है। बरसात शुरू होनेवाली है, तो परिषद ने सफाई अभियान शुरू किया है। क्षेत्र के रामटेकरी रोड स्थित रामटेकरी मंदिर से ठीक सटा एक नाला है। यहीं क्षेत्र के एक पूर्व चेयरमैन का घर भी है। यह नाला कूड़ा-कर्कट से भरा पड़ा है। स्थिति यह है कि इसमें पानी का ठीक से पानी का बहाव भी नहीं हो पा रहा है। इन सबके बावजूद नाले से दुर्गंध के कारण सामने की सड़क से गुजरना दुभर है। कमोबेश यही स्थिति जुगसलाई या यूं कहें कि पूरे कोल्हान के मुख्य बाजार यानी चौक बाजार में नालियों का भी है। कूड़ा-कर्कट और गंदगी की वजह से नाली बजबज कर रही है।

### प्रखंड के विभिन्न जगहों पर सीसीएल सीएसआर से लगाया जाएगा हाई मास्क लाइट

**खलारी।** शनिवार को खलारी दौरे पर आए स्थानीय विधायक समरीलाल ने सीसीएल के एनके एरिया महाप्रबंधक सुजीत कुमार के साथ बैठक कर खलारी के विकास में सहयोग करने कहा। विधायक प्रतिनिधि द्वारा इससे संबंधित एक ज्ञापन भी दिया गया जिसमें कार्यों की सूची दी गई। जिसमें मोहननगर स्थित विद्या विकास विद्यालय के डीप बोरिंग से कालोनी के 100 ब्लाक में जलापूर्ति करने, सशिमं लपरा से बजरंगबली मंदिर तक 200 मीटर पीसीसी पथ निर्माण, सामुटोंगरी में जलमीनार द्वारा आरओ जलापूर्ति, सुभाषनगर मेन रोड पर यात्री शेड, सविमं लपरा के सामने मैदान को स्टेडियम बनाने के अलावा विभिन्न जगहों पर हाईमास्क लाइट लगाने की मांग की गई। इनमें मोहननगर पंचायत भवन के समीप, काली मंदिर, दुर्गा मंडप, सुभाषनगर चौक, शिव मंदिर, गुलजारबाग आंगनबाड़ी के निकट, भूतनगर बजरंगबली मंदिर के निकट, नावाडीह में तथा खलारी बाजारटांड़ पेट्रोल गोदाम के पास हाईमास्क लाइट लगाने की मांग रखी गई। महाप्रबंधक ने सकारात्मक आश्वासन दिया है।

## सखी मंडल की बैठक में नशा मुक्ति पर दिया गया जोर

# नशा छोड़ स्वरोजगार से जुड़ें, 15 हजार तक मिलेगा सूदरहित ऋण : यास्मीन



**नवीन मेल संवाददाता। बरही** नशा मुक्ति अभियान के तहत कोनरा पंचायत भवन में सखी मंडल की बैठक हुई. जिसकी अध्यक्षता मुखिया यासमीन तबस्सुम और संचालन पंचायत सचिव ललिता कुमारी ने किया. बैठक में मुख्य रूप से बैंक ऑफ इंडिया की बैंक सखी सोनाली खातून, सेंट्रल बैंक की बैंक सखी सुलेखा देवी सहित करीब दर्जनों सखी मंडल की दीदी मौजूद थीं. मुखिया ने नशामुक्ति अभियान की जानकारी देते हुए उपस्थित दीदी से अपने क्षेत्र में संचालित हड़िया-भट्ठी को बंद करने की सलाह दिया. उन्होंने बताया कि जीविकोपार्जन के लिए शराब चुलाई के स्थान स्वरोजगार अपनाए. सरकार 15 हजार रुपए तक की सूद रहित ऋण देंगी. इसके अलावा 50 हजार रुपए तक के ऋण समूह से बैंक के आधे सूद दर पर मुहैया करवाया जायेगा. पंचायत सचिव ने सभी दीदी को अपने क्षेत्र में शराब या नशा छोड़ने के लिए जागरूकता अभियान चलाने की बात कही. उन्होंने बताया कि नशामुक्ति को लेकर शीघ्र ही महिला दीदी की समितियां बनाई जाएगी. जो मुहल्ले में जाकर हड़िया बनाने वाले को समझने का काम कर नशा छोड़ने और स्वरोजगार अपनाने के लिए प्रेरित करेंगी. बैठक में गुड़िया परवीन, नाजनीन परवीन, फरहा यास्मीन, सकीला खातून, उषा देवी, पुनिया देवी, बेबी कुमारी, सुनीता देवी, आसमा खातून, नुरेषा खातून, इशरत बानो, पाकीजा प्रवीन, शमीना खातून, अरफा खातून, सलमा खातून, नाजिया खातून आदि मौजूद थीं.

### धूमधाम से मना सदगुरु कबीर आविर्भाव महोत्सव

**गिरिडीह।** शहर के सिरसिया सिहोडीह स्थित श्री कबीर ज्ञान मंदिर में दो दिवसीय सदगुरु कबीर जन्मोत्सव महोत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया। कार्यक्रम के दूसरे दिन शनिवार की सुबह धर्म जागरण शोभायात्रा निकाली गयी। जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। सभी श्रद्धालु पंक्तिबद्ध होकर भगवा ध्वज एवं श्वेत सत्य कबीर के ध्वज के साथ शोभायात्रा में शामिल हुए, शोभायात्रा शहर के विभिन्न मार्गो से होते हुए पुनः श्री कबीर ज्ञान मंदिर में आकर समाप्त हो गई। शोभा यात्रा के दौरान पूरा शहर भक्ति रस में डूब गया। वही शोभायात्रा के दौरान संत कबीर के जयकारे और भजन से पुरा वातावरण गुंजायमान हो उठा। शोभा यात्रा में श्रद्धालुओं के उत्साह वर्धन के लिए सदर विधायक सुदीप कुमार सोनू भी शामिल हुए। शोभायात्रा में निकाली गई झांकियों में सदगुरु कबीर के बाल्यावस्था, जाति की विभिन्नताओं के बीच सनातन की एकता को प्रतिपादित करने वाले ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र वर्णों का एकत्व को दिखाया गया।

## झारखंड लोकल बॉडीज इंप्लाइज फेडरेशन की हुई बैठक

# नगर निगम के मजदूरों की न्यूनतम मजदूरी का एरियर नहीं देने पर चर्चा



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह** झारखंड लोकल बॉडीज इंप्लाइज फेडरेशन की बैठक शनिवार को प्रदेश अध्यक्ष अशोक सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। बैठक के दौरान गिरिडीह नगर निगम के मजदूरों को मिलने वाले न्यूनतम मजदूरी का एरियर नहीं देने पर चर्चा की गई। बताया गया की न्यूनतम मजदूरी बढ़ चुका है। 6 माह बाद इसे लागू किया गया, लेकिन अभी तक मजदूरों को उनका एरियर नहीं मिला है। जिसके कारण मजदूर काफी दुखी है। साथ ही सेवानिवृत्त हो चुके 40 मजदूरों को अब तक पावना भुगतान नहीं किया गया है। इसे भी जल्द से जल्द भुगतान करने की मांग की गई। इस बाबत अशोक सिंह ने कहा कि 26 जून तक मजदूरों की मांग पर विचार नहीं किया जाता है तो सभी मजदूर कर्मी 27 जून से कार्य का बहिष्कार करेंगे। उन्होंने कहा कि मजदूरों के सुरक्षा के दृष्टिकोण से साफ सफाई करने वाले मजदूरों को जूता, हेलमेट, दस्ताना और अन्य सामान भी उपलब्ध कराना पड़ेगा। श्री सिंह ने कहा कि सभी मजदूर एकजुट होकर अपनी मांगों को लेकर जोरदार आंदोलन करेंगे।

# रामगढ़ गुरुद्वारा साहिब में गुरु हरगोविंद देव जी के प्रकाश उत्सव को लेकर सजा विशेष दीवान

- गुरु हरगोविंद सिंह के प्रकाश उत्सव को लेकर एक दिन पहले भी गुरुद्वारा साहिब में विशेष दीवान सजाया गया था



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** शहर के श्री गुरुद्वारा साहिब में गुरु हरगोविंद देव जी के प्रकाश उत्सव लेकर यह दीवान सजाया गया। इस दौरान रामगढ़ गुरुद्वारा साहिब में सुबह 7:30 बजे सहज पाठ का समाप्ति हुई। इसके पश्चात 10:30 बजे से लेकर 2:00 बजे तक विशेष कीर्तन दीवान का आयोजन किया गया। रामगढ़ गुरुद्वारा साहिब की हेड ग्रंथी बाबा गुरजीत सिंह जी ने सिख इतिहास के बारे में जानकारी दी। पश्चात पटियाला से आए हजूरी रागी भाई जसकरण सिंह जी ने अपने मधुर शब्द गायन से संगत को निहाल किया। ₹मेरी पटिया लिख दो श्री गोपाल₹ ₹सबना का मां पियो आप है₹₹आपे इक रंग है आपे बहू अंगी₹ जैसे सब्दो को सुनकर संगत निहाल हुए। रामगढ़ गुरुद्वारा साहिब की हजूरी रागी भाई सरबजीत सिंह ने भी शब्द गायन कर संगत को निहाल किया। गुरु हरगोविंद सिंह के प्रकाश उत्सव को लेकर एक दिन पहले भी गुरुद्वारा साहिब में विशेष दीवान सजाया गया था। कार्यक्रम में मुख्य रूप से रामगढ़ गुरुद्वारा साहिब के प्रधान परमदीप सिंह कालरा, मीत प्रधान अमरजीत सिंह सैनी, हैप्पी छाबड़ा, कुजू गुरुद्वारा के साहब के पूर्व प्रधान रामदयाल सिंह चोपड़ा, जोगिंदर सिंह जग्गी, कुलवंत सिंह मरवाह, गुरजीत सिंह सलूजा, बनी गांधी, अनमोल सिंह आनंद,पुपिंदर सिंह खंबे, परमिंदर सिंह जस्सल, हरप्रीत सिंह खालसा, मनमोहन सिंग लांबा, नरेंद्र सिंह चौहान,सतपाल सिंह सलूजा, मनप्रीत कौर सोनी,सतविंदर कौर सोनी,बलविंदर कौर, रविंदर कौर, परमजीत भूसरी, चरणजीत कौर जोली, रंजू अरोड़ा, जसमीत कौर सोनी,निकी लंबा, सुमी जोली आदि उपस्थित थे ।

## प्रयास

## चुंआ खोदकर अपनी प्यास बुझाने को मजबूर हैं मुखबली गांव के ग्रामीण

# चुनाव के समय वोट मांगते हैं नेता फिर नहीं होता कोई सरोकार



**नवीन मेल संवाददाता। तिसरी** गर्मी ने सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं. भीषण गर्मी के प्रकोप से बहुत सारे जलस्त्रोत सुख गए हैं. जिसके कारण लोगों को पानी के लिए जद्दोजहद करनी पड़ रही है. गिरिडीह जिले के तिसरी प्रखंड का भी यही हाल है. प्रखंड क्षेत्र के कई गांव के लोग पेयजल की समस्या से जूझ रहे हैं. ताजा मामला प्रखंड के थानसिंहडीह पंचायत के मुखबली गांव का है. जहां ग्रामीण सुखे हुए नदी में चुंआ खोदकर अपनी प्यास बुझाने को मजबूर हैं. स्थानीय ग्रामीणों ने सूखे हुए नदी में लगभग 3 - 4 फुट गड्ढा खोदकर ईंट पत्थरों से उसे बांध दिया है, ताकि उसमें पानी जमा रहे और निकालने में सुविधा हो. सुबह होते ही यहां के लोग बाल्टी, डेगची, तसला आदि लेकर नदी पहुंच जाते हैं और फिर एक - एक कर वे लोग पानी भरकर घर लेकर जाते हैं. हालात यह है कि ग्रामीणों द्वारा खोदे गए तीन गढों में से एक गड्ढे का पानी मवेशी भी पीते हैं. इस बाबत ग्रामीणों ने बताया कि मुखबली गांव के नीचे टोला में लगभग 20-25 घर है. गांव में एक पुराना कुआं भी है, लेकिन बीते मार्च महीने से ही उसका पानी सूख चुका है. बताया कि लगभग तीन महीने से वे लोग इस नदी में दो - तीन गड्ढेनुमा चुंआ खोदकर पीने योग्य पानी जुटाते हैं, ताकि उनके परिवार और मवेशियों की प्यास बुझ सके. मैनो हांसदा ने बताया कि उनके गांव में पानी की भारी किल्लत है. गर्मी और बरसात के दिनों में भी वे लोग नदी में चुंआ खोदकर ही पानी पीते हैं. उन्होंने कहा कि नेता और जनप्रतिनिधि केवल चुनाव के समय ही वोट मांगने आते हैं.

> लगभग तीन महीने से वे लोग इस नदी में दो - तीन गड्ढेनुमा चुंआ खोदकर पीने योग्य पानी जुटाते हैं, ताकि उनके परिवार और मवेशियों की प्यास बुझ सके

## भारतीय न्याय संहिता सहित नये कानून पर कार्यशाला का हुआ आयोजन

# देश के हर नागरिक को सुलभ न्याय उनका अधिकार : कृष्ण मुरारी शर्मा



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह** आरटीआई फोरम' गिरिडीह के द्वारा शनिवार को कृष्णानगर गिरिडीह में आगामी 01 जूलाई 2024 से लागू हो रहे तीन नए कानून भारतीय न्याय संहिता , भारतीय नागरिक सुरक्षा कानून , भारतीय साक्ष्य अधिनियम पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में सुप्रीम कोर्ट के एडवोकेट ऑन रिकार्ड अरविंद गुप्ता, अधिवक्ता आलोक रंजन, सामाजिक कार्यकर्ता कृष्ण मुरारी शर्मा एवं प्रभाकर कुमार ने तीनों कानूनों की विस्तार से जानकारी दी । इस दौरान ए.ओ.आर अरविन्द गुप्ता ने नये कानून में लाए गए सामाजिक कार्यों वाले प्रावधानों समेत बाल अपराध एवं श्रम संबंधी कानूनों पर अपनी राय व्यक्त की। अधिवक्ता आलोक रंजन ने उपरोक्त कानूनों की अच्छाइयों पर चर्चा करते हुए कहा कि आने वाले समय में इस कानून में और सुधार होगा तथा जनता को इससे लाभ होगा। सामाजिक कार्यकर्ता कृष्ण मुरारी शर्मा ने चर्चा के दौरान मनरेगा, सूचना का अधिकार कानून, सेवा का अधिकार कानून, वन अधिकार कानून, खाद्य सुरक्षा अधिनियम समेत अन्य कानूनों पर चर्चा करते हुए कहा कि इन कानूनों से जनता को ताकत मिली।

राजनीति

## बाहरी बनाम उड़िया की जंग में खेत रहे नवीन


उमेश चतुर्वेदी

**इतिहास** हमेशा विजेता का ही है। इस लिहाज से देखें तो आज के उड़ीसा का इतिहास बीजेपी का है। लेकिन सवाल यह है कि नवीन पटनायक ने गलती कहां की? नवीन पटनायक ने विवाह नहीं किया है। उनके पिता बीजू पटनायक पहले कांग्रेस में थे, बाद के दौर में वे जनता परिवार की अहम हस्ती रहे। साल 2000..संसद का बजट सत्र चल रहा था..मार्च के पहले हफ्ते का कोई दिन था..लोकसभा में मंत्रियों वाली सीट की ओर एक सांसद धीरे-धीरे बढ़ रहा था। उस शख्स को देख लोकसभा की प्रेस गैलरी में हलचल मच गई..इस हलचल पर नीचे बैठे कुछ सांसदों की निगाह पड़ी..उनकी भी निगाह उसी ओर चली गई, जिधर रिपोर्टर देख रहे थे..इस बीच तत्कालीन सत्ताधारी गठबंधन के सांसदों की हथेलियां मेजों को थपथपाने लगीं..देखते ही देखते इस हथेली कोरस में समूचे सदन की हथेलियां जुड़ गईं..क्या सत्ता पक्ष, क्या विपक्ष, हर सांसद की थपेली जैसे एक लय में मेजों को थपथपाने लगीं थी..इस कोरस में शामिल नहीं था, तो संसद के कर्मचारी और अधिकारी, जिन्हें नियम-कानून इसकी अनुमति नहीं देते..सांसदों के इस अभूतपूर्व स्वागत से उस शख्सियत का अभिभूत होना स्वाभाविक था। इस औचक घटना के बाद वह व्यक्ति विनम्रता से और भर उठा.. वह शख्सियत थे वाजपेयी सरकार के इस्पात मंत्री नवीन पटनायक...फरवरी 2000 में हुए उड़ीसा विधानसभा चुनाव में उनकी अगुआई में बीजू जनता दल ने 117 सदस्यीय विधानसभा में 68 सीटें जीत कर कांग्रेस के गढ़ को ध्वस्त कर दिया..अपने अस्तित्व के बाद बीजू जनता दल का वह पहला विधानसभा चुनाव था, जिसमें उसकी सहयोगी भारतीय जनता पार्टी थी, जिसने 38 सीटें जीती थीं..तब उड़ीसा में नया इतिहास रचा गया। राज्य के कद्दावर नेता रहे बीजू पटनायक के इकलौते इंजीनियर बेटे के तूफान में बंगाल की खाड़ी के किनारे की धरती से कांग्रेस उड़ गई। तब नया इतिहास रचा गया था। उस जीत के नायक का लोकसभा में सम्मान के लिए अगर उस कांग्रेस के सांसदों को भी मजबूर होना पड़ा था, उसकी वजह सिर्फ जीत नहीं, बल्कि उस शख्स की सादगी और विनम्रता रही। यह विनम्रता विगत 13 जून को भी भुवनेश्वर में नए मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण समारोह में भी दिखी, जब भूतपूर्व शासक के रूप में नवीन पटनायक शपथ मंच पर पहुंचे। इसे संयोग कहें या कुछ और कि जिस बीजेपी की बैसाखी के सहारे नवीन पटनायक ने उड़ीसा में नया इतिहास रचा, उसी बीजेपी ने ठीक 24 साल बाद नवीन पटनायक को भूतपूर्व बना दिया। अठारहवीं लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र में मिले सदमे से जब बीजेपी जूझ रही थी, उसी वक्त उड़ीसा ने पार्टी को सांत्वना देने का काम किया। राज्य की 21 लोकसभा सीटों में बीस पर एकतरफा जीत हासिल करके राज्य को एक तरह से कांग्रेस मुक्त बना दिया। विपक्ष को मिली इकलौती सीट नवीन पटनायक को मिली। इतिहास हमेशा विजेता का ही है। इस लिहाज से देखें तो आज के उड़ीसा का इतिहास बीजेपी का है। लेकिन सवाल यह है कि नवीन पटनायक ने गलती कहां की? नवीन पटनायक ने विवाह नहीं किया है। उनके पिता बीजू पटनायक पहले कांग्रेस में थे, बाद के दौर में वे जनता परिवार की अहम हस्ती रहे। जनता दल के नेता के रूप में राज्य के मुख्यमंत्री बने। जब तक बीजू पटनायक जिंदा रहे, तब तक नवीन अमेरिका में इंजीनियर की नौकरी करते रहे। लेकिन उनके निधन के बाद नवीन ने नई पार्टी बनाई और बीजू पटनायक की राजनीतिक विरासत को आगे बढ़ाया। 2000 के चुनावों में जिस बीजेपी के साथ वे सत्ता की सीढ़ी नापने में कामयाब रहे, उस बीजेपी से उन्होंने बाद के दिनों में अपना रिश्ता तोड़ लिया और देखते ही देखते उड़ीसा के सबसे लोकप्रिय शख्सियत बन गए। यह लोकप्रियता बाद के हर चुनाव में दिखी, चाहे वह विधानसभा का हो या लोकसभा का या फिर पंचायती चुनाव। लेकिन अपने आखिरी कार्यकाल में उन्होंने गलतियां शुरू की। तमिलनाडु मूल के आईएएस अधिकारी वीके पांडियन उनके करीबी बनकर उभरे। विधानसभा चुनावों के ठीक पहले पांडियन ने इस्तीफा दे दिया और बीजू जनता दल में नवीन के अघोषित उत्तराधिकारी के रूप में उभरते चले गए।

**(ये लेखक के निजी विचार है।)**

## संतानों के दुर्व्यवहार व उत्पीड़न से जटिल होती वृद्धावस्था


ललित गर्ग



**देश** ही नहीं, दुनिया में वृद्धों के साथ दुर्व्यवहार, प्रताड़ना, हिंसा बढ़ती जा रही है, जो जीवन को नरक बनाये हुए है। बच्चे अपने माता-पिता के साथ बिल्कुल नहीं रहना चाहते। यही पीड़ा वृद्धजन को पल-पल की घुटन, तनाव एवं उपेक्षा से निकलकर वृद्धाश्रम जाने के लिए विवश करती है। संतान द्वारा बुजुर्गों की आवश्यकताओं को पूरा न करना गरिमा के साथ स्वतंत्र जीवन जीने जैसे मानवाधिकारों का हनन है। संयुक्त परिवारों के विघटन और एकल परिवारों के बढ़ते चलन ने इस स्थिति को नियंत्रण से बाहर कर दिया है। एक बड़ा प्रश्न है कि वृद्धों की उपेक्षा एवं दुर्व्यवहार के इस गलत प्रवाह को किस तरह से रोके? क्योंकि सोच के गलत प्रवाह ने न केवल वृद्धों का जीवन दुश्वार कर दिया है बल्कि आदमी-आदमी के बीच के भावात्मक फासलों को भी बढ़ा दिया है। वृद्धों के जीवन से जुड़ी इस विकट समस्या के समाधान के लिये ही विश्व बुजुर्ग दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस हर साल 15 जून को मनाया जाता है। इस दिन की शुरूआत सबसे पहले 2011 में संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा बुजुर्गों द्वारा अनुभव किए जाने वाले दुर्व्यवहार के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए की गई थी। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, बुजुर्गों के साथ दुर्व्यवहार को 'एकल, या बार-बार की गई हरकत, या उचित कार्रवाई की कमी के रूप में परिभाषित किया जा सकता है, जो किसी भी रिश्ते में घटित होती है, जहाँ विश्वास की उम्मीद होती है, जो किसी बुजुर्ग व्यक्ति को नुकसान या परेशानी पहुँचाती है'। यह एक वैश्विक सामाजिक एवं पारिवारिक मुद्दा है जो दुनिया भर में लाखों बुजुर्गों के स्वास्थ्य और मानवाधिकारों को प्रभावित करता है और एक ऐसा मुद्दा है जिस पर अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को ध्यान देने की आवश्यकता है। विश्व बुजुर्ग दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस 2024 की थीम 'सभी पहचानों की बुजुर्ग पीड़ितों के लिए सम्मान, सुरक्षा और कल्याण को प्राथमिकता देना है।' याद रखें, बुजुर्गों के साथ दुर्व्यवहार को रोकने में छोटी-छोटी कदम भी अहम भूमिका निभा सकते हैं। उन लोगों की आवाज बनें जो खुद के लिए बोलने में सक्षम नहीं हैं, दूसरों को शिक्षित करें और बुजुर्गों की सुरक्षा के लिए काम करने वाले संगठनों का समर्थन करें। साथ मिलकर, हम एक ऐसी दुनिया बना सकते हैं जहाँ हर बुजुर्ग अपने बुढ़ापे को गरिमा, आत्मसम्मान, सुरक्षा और स्वस्थता के साथ जी सके। विश्व बुजुर्ग दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस एक प्रयोजनात्मक अवसर एवं उत्सव है। यह दिन उन तरीकों को खोजने के लिए भी मनाया जाता है कि कैसे समाज में बुजुर्ग लोगों की उपेक्षा, दुर्व्यवहार एवं उनके प्रति बरती जा रही उदासीनता की त्रासदी से उन्हें मुक्ति देकर उन्हें सुरक्षा कवच मानने की सोच को विकसित किया जाये ताकि वृद्धों के स्वास्थ्य, निष्कंटक एवं कुंठारहित जीवन को प्रबंधित किया जा सकता है। वृद्धों को बंधन नहीं, आत्म-गौरव के रूप में स्वीकार करने की अपेक्षा है। वृद्धों को लेकर जो गंभीर समस्याएं आज पैदा हुई हैं, वह अचानक ही नहीं हुई, बल्कि उपभोक्तावादी संस्कृति तथा महानगरीय अधुनातन बोध के तहत बदलते सामाजिक मूल्यों, नई पीढ़ी की सोच में परिवर्तन आने, महंगाई के बढ़ने और व्यक्ति के अपने बच्चों और पत्नी तक सीमित हो जाने की प्रवृत्ति के कारण बड़े-बूढ़ों के लिए अनेक समस्याएं आ खड़ी हुई हैं। चिन्तन का महत्वपूर्ण पक्ष है कि वृद्धों की उपेक्षा एवं दुर्व्यवहार का कारण क्या है? वृद्ध व्यक्ति अक्सर गतिशीलता संबंधी समस्याओं, पुरानी स्वास्थ्य स्थितियों या सामाजिक अलगाव का सामना करते हैं। इसके अतिरिक्त, आपात स्थितियों का तनाव और अराजकता शारीरिक, भावनात्मक, वित्तीय या उपेक्षा सहित बुजुर्गों के साथ दुर्व्यवहार के जोखिम को बढ़ा सकती है। आपातकालीन स्थितियों में वृद्ध व्यक्तियों द्वारा सामना की जाने वाली विशिष्ट चुनौतियों के बारे में जागरूकता बढ़ाकर, हम अधिक समावेशी और सुरक्षात्मक वातावरण को बढ़ावा दे सकते हैं। बुजुर्गों के साथ दुर्व्यवहार एक ऐसी वैश्विक समस्या है जो विकासशील और विकसित दोनों देशों में मौजूद है, हालाँकि बुजुर्गों के साथ दुर्व्यवहार की सीमा अज्ञात है, लेकिन इसका सामाजिक और नैतिक महत्व स्पष्ट है। नये विश्व की उन्नत एवं आदर्श संरचना बिना वृद्धों की सम्मानजनक स्थिति के संभव नहीं है। वर्किंग बहुओं के ताने, बच्चों को टहलाने-घुमाने की जिम्मेदारी की फिक्र में प्रायः जहां पुरुष वृद्धों की सुबह-शाम खप जाती है, वहीं महिला वृद्ध एक नौकरानी से अधिक हैसियत नहीं रखती। यदि परिवार के वृद्ध कष्टपूर्ण जीवन व्यतीत कर रहे हैं, रुग्णावस्था में बिस्तर पर पड़े कराह रहे हैं, भरण-पोषण को तरस रहे हैं तो यह हमारे लिए वास्तव में लज्जा एवं शर्म का विषय है। वर्तमान युग की बड़ी विडम्बना एवं विसंगति है कि वृद्ध अपने ही घर की दहलीज पर सहमा-सहमा खड़ा है, वृद्धों की उपेक्षा स्वस्थ एवं सुसंस्कृत परिवार परम्परा पर काला दाग है। हम सुविधावादी एकांगी एवं संकीर्ण सोच की तंग गलियों में भटक रहे हैं तभी वृद्धों की आंखों में भविष्य को लेकर भय है, असुरक्षा और दहशत है, दिल में अन्तहीन दर्द है। इन त्रासद एवं डरावनी स्थितियों से वृद्धों को मुक्ति दिलानी होगी। इसके लिये आज विचारक्रांति ही नहीं, बल्कि व्यक्तिक्रांति एवं परिवार-क्रांति की जरूरत है। हमारा भारत तो बुजुर्गों को भगवान के रूप में मानता है। इतिहास में अनेकों ऐसे उदाहरण है कि माता-पिता की आज्ञा से भगवान श्रीराम जैसे अवतारी पुरुषों ने राजपाट त्याग कर वनों में विचरण किया, मातृ-पितृ भक्त श्रवण कुमार ने अपने अन्धे माता-पिता को काँवड़ में बैठाकर चारधाम की यात्रा कराई। फिर क्यों आधुनिक समाज में वृद्ध माता-पिता और उनकी संतान के बीच दूरियां बढ़ती जा रही है। आज वृद्धों को अकेलापन, परिवार के सदस्यों द्वारा उपेक्षा, दुर्व्यवहार, तिरस्कार, कटुक्तियां, घर से निकाले जाने का भय या एक छत की तलाश में इधर-उधर भटकने का गम हरदम सालता रहता। वृद्ध समाज इतना कुंठित एवं उपेक्षित क्यों है, एक अहम प्रश्न है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं उनकी सरकार अनेक स्वस्थ एवं आदर्श समाज-निर्माण की योजनाओं को आकार देने में जुटी है, उन्हें वृद्धों को लेकर भी चिन्तन करते हुए वृद्ध-कल्याण योजनाओं को लागू करना चाहिए, ताकि वृद्धों की प्रतिभा, कौशल एवं अनुभवों का नये भारत-सशक्त भारत के निर्माण में समुचित उपयोग हो सके एवं आजादी के अमृतकाल को वास्तविक रूप में अमृतमय बना सके। संयुक्त राष्ट्र ने विश्व में बुजुर्गों के प्रति हो रहे दुर्व्यवहार और अन्याय को समाप्त करने के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सक्रिय है। बड़े बूढ़ों के साथ दुर्व्यवहार देखकर लगता है जैसे हमारे संस्कार ही मर गए हैं।

**(ये लेखक के निजी विचार है।)**

## किसानों व गरीबों के साथ, एनडीए की सरकार


मृत्युंजय दीक्षित

**18वीं** लोकसभा के गठन तथा शपथ ग्रहण के साथ ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राजग गठबंधन की सरकार ने अपना कामकाज प्रारम्भ कर दिया है। कठिन चुनौतियों में भी अवसर खोजने वाली भाजपा व प्रधानमंत्री मोदी ने अपना संकल्प पत्र अमल में लाकर राजनैतिक गणित ठीक करने का अभियान भी आरम्भ कर दिया है। राजनैतिक विश्लेषकों का कहना है कि नए दौर की भारतीय जनता पार्टी सदा चुनावी मोड में रहती है। वो बात अलग है कि चुनावों में कभी सफलता मिलती है और कभी नहीं भी मिलती। वर्तमान लोकसभा में भाजपा को 241 सीटें प्राप्त हुई हैं। उसे उप्र, राजस्थान, हरियाणा और महाराष्ट्र में अच्छा खासा नुकसान हुआ किंतु प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में तनिक भी विलम्ब न करते हुए भाजपा ने सबकुछ ठीक करने के लिए कमर कर कर अभियान आरम्भ कर दिया है। लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के बाद मोदी ने पहली फाइल पर हस्ताक्षर करके किसानों की सम्मान निधि की अगली किश्त को मंजूरी दी। वहीं, कैबिनेट ने अपनी बैठक में गरीबों के लिए 3 करोड़ आवास बनाने का निर्णय लिया। प्रधानमंत्री मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के बाद जहां जी 7 में भाग लेने के लिए इटली गये, वहीं भारत में उन्होंने सर्वप्रथम अपने संसदीय क्षेत्र काशी की यात्रा की और किसानों को सम्मान निधि जारी करते हुए मतदाताओं को धन्यवाद दिया। प्रधानमंत्री ने काशी में बन रहे स्टेडियम की प्रगति का अवलोकन भी किया। काशी में प्रधानमंत्री मोदी व उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पूरी तरह से साथ तथा तनाव मुक्त दिखे। साथ ही अगली अग्निपरीक्षा के लिए तैयार भी। प्रधानमंत्री मोदी ने संसदीय क्षेत्र वाराणसी से

> **प्रधानमंत्री मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के बाद जहां जी 7 में भाग लेने के लिए इटली गये, वहीं भारत में उन्होंने सर्वप्रथम अपने संसदीय क्षेत्र काशी की यात्रा की और किसानों को सम्मान निधि जारी करते हुए मतदाताओं को धन्यवाद दिया। प्रधानमंत्री ने काशी में बन रहे स्टेडियम की प्रगति का अवलोकन भी किया। काशी में प्रधानमंत्री मोदी व उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पूरी तरह से साथ तथा तनाव मुक्त दिखे। साथ ही अगली अग्निपरीक्षा के लिए तैयार भी। प्रधानमंत्री मोदी ने संसदीय क्षेत्र वाराणसी से किसान सम्मान निधि के तहत 20 हजार करोड़ रुपये किसानों के खाते में डाले।**

किसान सम्मान निधि के तहत 20 हजार करोड़ रुपये किसानों के खाते में डाले। अभी जब विपक्ष यही दिखाने में जुटा हुआ है कि इस बार भाजपा का अपने दम पर बहुमत नहीं है तब भाजपा मतदाता अभिनंदन यात्रा के माध्यम से यह बताने के लिए जुट गई है कि ऐतिहासिक रूप से तीसरी बार सरकार बनाने का अवसर जनता ने भाजपा को ही दिया है। आंकड़ों के अनुसार विगत चुनावों में भाजपा के पास ग्रामीण इलाके की 201 सीट थीं जबकि पार्टी इस बार ग्रामीण क्षेत्रों में मात्र 126 सीट ही जीत पाई है। माना जा रहा है कि किसानों, युवाओं और महिलाओं का एक बड़ा वर्ग इस बार किसी न किसी कारण से भाजपा से नाराज हो गया जिससे उसकी सीटें काफी कम हो गयी। यही कारण है कि प्रधानमंत्री मोदी ने वाराणसी से किसान सम्मेलन के माध्यम से भारतीय जनता पार्टी के नाराज मतदाता को मनाने के साथ कई समीकरण साधने व संदेश देने का प्रयास किया है। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि 18वीं लोकसभा के लिए हुआ ये चुनाव भारत के लोकतंत्र की विशालता, लोकतंत्र के सामर्थ्य, भारत के लोकतंत्र की व्यापकता, भारत के लोकतंत्र की जड़ों की गहराई को दुनिया के सामने पूरे सामर्थ्य के साथ प्रस्तुत करता है। उन्होंने अपने संबोधन में एक बार फिर कहा कि मां गंगा ने मुझे गोद लिया है। मैं यहीं का हो गया हूं। प्रधानमंत्री ने कहा कि मैंने किसान, नौजवान, नारी शक्ति और गरीब को विकसित भारत का मजबूत स्तंभ माना है और सरकार बनते ही सबसे पहले और सबसे बड़ा किसान और गरीब परिवारों से जुड़ा फैसला लिया है। उन्होंने बताया कि आज 3 करोड़ बहनों को लखपति दीदी बनाने के लिए भी बड़ा कदम उठाया गया है। कृषि सखी के रूप में बहनों की नई भूमिका उन्हें सम्मान और आय के लिए नये साधन दोनो सुनिश्चित करेगी। कृषि निर्यात में हमें और आगे जाना है। किसान सम्मेलन को उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भी संबोधित किया और प्रदेश के किसानों को बड़ा संदेश देते हुए उनकी नाराजगी को कम करने का प्रयास किया है ताकि उत्तर प्रदेश में आगामी विधानसभा उपचुनावों तक किसानों की नराजगी को कम करके लाभ लिया जा सके। कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कृषि व किसानों के लिए बहुत बड़ी बातें कही हैं। उनका कहना है कि खेती हमारी अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और किसान आत्मा। किसान भगवान के रूप हैं। इसी को ध्यान में रखकर सरकार किसानों के हित के लिए बहुत काम कर रही है। 2024 के लोकसभा चुनावों में ग्रामीण क्षेत्रों में हुए नुकसान को देखते हुए भाजपा ग्रामीण क्षेत्रों में अपना विशेष अभियान चलाने जा रही है। आगामी दिनों में हरियाणा, महाराष्ट्र, झारखंड और जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव होने जा रहे हैं। जिसमें हरियाणा की 90 में से 35 सीट का फैसला किसान करते हैं। झारखंड की 81 में से 31 सीटों पर भी किसान असरकारी हैं। जबकि महाराष्ट्र में 288 विधानसभा सीटों मे से 134 सीटें ऐसी हैं जहां किसान चुनाव परिणामों पर सीधा असर डालते हैं।

**(ये लेखक के निजी विचार है।)**

निर्णय

## वकील, उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 से बाहर


राकेश दुबे

**भारत** की सर्वोच्च अदालत ने माना है कि उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 के तहत वकीलों को सेवा में कमी के लिए जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता,अब इसी आधार पर डाक्टरों के बारे भी निर्णय आने की सम्भावना है। सर्वोच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी व न्यायमूर्ति पंकज मिथल की खंडपीठ ने कहा कि कानूनी पेशे में कार्य की प्रकृति विशिष्ट है, इस कारण इसकी तुलना अन्य व्यवसायों से नहीं की जा सकती। इसी आधार पर सर्वोच्च न्यायालय ने व्यवस्था दी कि उपभोक्ता अदालतों में खराब सेवा के लिए वकीलों पर मुकदमा नहीं चलाया जा सकता। हालांकि की सर्वोच्च न्यायालय खंडपीठ ने कहा कि वकीलों को मुवक्किल की स्वायत्तता का सम्मान करना चाहिए, मुवक्किल के स्पष्ट निर्देश के बिना रियायतें देने और अधिकार का उल्लंघन करने का हक वकीलों को नहीं होना चाहिए। मुवक्किल और वकील के पास काफी हद तक प्रत्यक्ष नियंत्रण होता है। सुप्रीम कोर्ट ने अपनी राय व्यक्त करते हुए माना कि वकील और मुवक्किल के बीच का अनुबंध व्यक्तिगत सेवा है और उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के तहत सेवा की परिभाषा से उक्त अनुबंध बाहर है, जिस कारण वकील उपभोक्ता कानून के दायरे में नहीं आ सकते। सर्वोच्च न्यायालय ने यह व्यवस्था बार काउंसिल ऑफ इंडिया, दिल्ली उच्च न्यायालय बार एसोसिएशन और बार ऑफ इंडियन लॉयर्स जैसी बार संस्थाओं तथा अन्य व्यक्तियों द्वारा दायर याचिका पर संयुक्त निर्णय पारित करते हुए दी। उक्त संस्थाओं ने राष्ट्रीय उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग के 2007 के उस फैसले को चुनौती दी थी, जिसमें कहा गया था कि अधिवक्ता और उनकी सेवाएं उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के दायरे में आती हैं। राष्ट्रीय उपभोक्ता आयोग ने अपने एक फैसले में कहा था कि वकील की अपने मुवक्किल को दी गई सेवा पैसों के बदले में होती है। इस कारण वह एक कॉन्ट्रैक्ट की तरह है। ऐसे में सेवा में कमी के लिए मुवक्किल अपने वकील के खिलाफ उपभोक्ता वाद दाखिल कर सकता है, लेकिन ने सर्वोच्च न्यायालय इसे खारिज कर दिया है। सर्वोच्च न्यायालय के जजों ने माना कि वकालत एक प्रोफेशन है। इसे व्यापार की तरह नहीं देखा जा सकता, किसी प्रोफेशन में कोई व्यक्ति उच्च दर्जे का प्रशिक्षण लेकर आता है, इस कारण उसके काम को व्यापार नहीं कहा जा सकता। सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में यह भी कहा कि एक वकील अपने मुवक्किल के निर्देश पर काम करता है। वह अपनी तरफ से कोर्ट में कोई बयान नहीं देता या मुकदमे के निपटारे को लेकर कोई प्रस्ताव नहीं देता है। इस कारण उसकी सेवा को उपभोक्ता संरक्षण कानून में दी गई उपभोक्ता सेवा की परिभाषा के तहत नहीं माना जा सकता। साथ ही ने सर्वोच्च न्यायालय स्पष्ट किया ,'हम यह नहीं कहना चाहते कि वकीलों पर लापरवाही के लिए सामान्य कानून के तहत मुकदमा नहीं चलाया जा सकता, लेकिन वे उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के तहत नहीं आते हैं।' सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि, उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के अनुसार किसी प्रोफेशनल को व्यवसायियों, व्यापारियों या उत्पादों या वस्तुओं के सेवा प्रदाताओं के बराबर नहीं माना जा सकता, इसलिए का सर्वोच्च न्यायालय मानना है कि अधिनियम का उद्देश्य केवल अनुचित व्यापार प्रथाओं और अनैतिक व्यावसायिक प्रथाओं से उपभोक्ता को सुरक्षा प्रदान करना है, जिसमे किसी प्रोफेशनल को शामिल नहीं किया जा सकता। सर्वोच्च न्यायालय की खंडपीठ ने इस सवाल पर कि क्या अधिवक्ता सेवा के अनुबंध के तहत एक सेवा है, कहा,'हमने अधिवक्ता अधिनियम, बार काउंसिल नियमों और उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के प्रावधानों पर विचार किया है। उपरोक्त दृष्टिकोण से अधिवक्ता और उसके मुवक्किल के बीच संबंध अद्वितीय विशेषताओं को इंगित करेगा। अधिवक्ताओं को अपने मुवक्किलों का एजेंट माना जाता है और उन्हें अपने मुवक्किलों के प्रति प्रत्ययी कर्तव्य निभाने होते हैं। **(ये लेखक के निजी विचार है)**

**(भोपाल)**

## सनातन संस्कृति का पूरे विश्व में फैलना आज विश्व शांति के लिए आवश्यक है


प्रह्लाद सबनानी

**आज** जब कई मुस्लिम देश शिया एवं सुन्नी सम्प्रदाय के नाम पर आपस में ही लड़ रहे हैं तो उनका ईसाई पंथ को मानने वाले नागरिकों के साथ सामंजस्य किस प्रकार रह सकता है, अतः यूरोपीयन देशों के नागरिकों को अब अपने किए पर पश्तावा होने लगा है। यूरोप में हाल ही में सम्पन्न हुए चुनावों में दक्षिणपंथी कहे जाने वाले दलों की राजनैतिक ताकत बढ़ी है। हालांकि सत्ता अभी भी वामपंथी एवं मध्यमार्गीय नीतियों का पालन करने वाले दलों की ही बने रहने की सम्भावना है परंतु विशेष रूप से फ्रांस एवं जर्मनी में इन दलों को भारी नुक्सान हुआ है। इटली की देश प्रेम से ओतप्रोत दल की मुखिया जोरजीया मेलोनी को अच्छी सफलता हासिल हुई है। कुल मिलाकर यूरोपीय देशों के नागरिकों में देशप्रेम का भाव धीमे धीमे लौट रहा है एवं वे अब अपने अपने देश में अवैध रूप से रह रहे प्रवासियों का विरोध करने लगे हैं। विशेष रूप से यूरोप के आस पास के मुस्लिम बहुल देशों से भारी संख्या में मुस्लिम नागरिक अवैध रूप से इन देशों में शरण लिए हुए हैं एवं अब वे इन देशों की कानून व्यवस्थ के लिए एक बहुत बड़ी समस्या बन गए हैं। जर्मनी एवं फ्रान्स ने मुस्लिम नागरिकों को मानवीय आधार पर अपने देश में बसाने में शिथिल नीतियों का पालन किया था और अब ये दोनों देश इस संदर्भ में विभिन्न समस्याओं का सबसे अधिक सामना कर रहे हैं। आज जब कई मुस्लिम देश शिया एवं सुन्नी सम्प्रदाय के नाम पर आपस में ही लड़ रहे हैं तो उनका ईसाई पंथ को मानने वाले नागरिकों के साथ सामंजस्य किस प्रकार रह सकता है, अतः यूरोपीयन देशों के नागरिकों को अब अपने किए पर पश्तावा होने लगा है। ब्रिटेन में भी आज मुस्लिम समाज की आबादी बहुत बढ़ गई है एवं यहां का ईसाई समाज अपने आप को असुरक्षित महसूस करने लगा है क्योंकि मुस्लिम समाज द्वारा ईसाई समाज पर कई प्रकार के आक्रमण किया जाना आम बात हो गई है। ब्रिटेन के कई शहरों में तो मेयर आदि जैसे उच्च प्रशासनिक अधिकारियों के पदों पर भी मुस्लिम समाज के नागरिक ही चुने गए है अतः इन नगरों में सत्ता की चाबी ही अब मुस्लिम समाज के नागरिकों के हाथों में है, जिसे ईसाई समाज के नागरिक बर्दाश्त नहीं कर पा रहे हैं। इसी प्रकार, इजराईल (यहूदी समुदाय) एवं हम्मास (मुस्लिम समुदाय) के बीच युद्ध लम्बे समय से चल रहा है। ईरान (शिया समुदाय) - सऊदी अरब (सुन्नी समुदाय) के आपस में रिश्ते अच्छे नहीं है। पाकिस्तान में तो अहमदिया समुदाय एवं बोहरा समुदाय को मुस्लिम ही नहीं माना जाता है एवं इनको गैर मुस्लिम मानकर इन पर सुन्नी समुदाय द्वारा खुलकर अत्याचार किए जाते हैं। कुल मिलाकर, मुस्लिम समाज न केवल अन्य समाज के नागरिकों (यहूदी, ईसाई, हिंदू आदि) के साथ लड़ता आया है बल्कि इस्लाम के विभिन्न फिर्कों के बीच भी इनकी आपसी लड़ाई होती रही है। इसके ठीक विपरीत, सनातन हिंदू संस्कृति का अनुपालन करते हुए कई भारतीय मूल के नागरिक भी अन्य देशों में रह रहे हैं एवं लम्बे समय से स्थानीय स्तर पर ईसाई समाज एवं अन्य धर्मों के अनुयायियों के साथ मिल जुलकर रहते आए हैं। इन देशों में भारतीय मूल के नागरिकों एवं स्थानीय स्तर पर अन्य धर्मों के अनुयायियों के बीच कभी भी बड़े स्तर पर आक्रोश उत्पन्न होता दिखाई नहीं दिया है, क्योंकि सनातन हिंदू संस्कृति में 'वसुधैव कुटुम्बकम' एवं 'सर्वे भवंतु सुखिनः' का भाव हिंदू नागरिकों में बचपन से ही भरा जाता है। इसी प्रकार के भाव का संचार राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ भी पिछले 99 वर्षों से अपने स्वयंसेवकों में जगाता आया है। संघ चाहता है कि संसार में सद्गुणों का बोलबाला हो। 27 सितम्बर 1933 को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक पूजनीय डॉक्टर केशव बलिराम हेडगेवार, शस्त्र पूजा समारोह में अपने उदबोधन में कहते हैं कि 'संघ एक हिंदू संगठन है। संसार के सभी धर्मों में हिंदू धर्म ही एकमात्र ऐसा धर्म है, जिसका मुख्य गुण सद्गुण है और जो 'आत्मवत भूतेषु' (सभी प्राणियों में अपने को देखना) की भावना से सभी जीवों के साथ प्रेमपूर्वक व्यवहार करना सिखाता है। यह धर्म संसार में व्याप्त हिंसा और अन्याय को स्वीकार नहीं करता। इसलिए स्वाभाविक है कि प्रत्येक हिंदू ऐसी घटनाओं पर अंकुश लगाना चाहता है। लेकिन केवल उपदेश देने से संसार का स्वभाव नहीं बदलेगा। जब संसार को लगेगा कि हिंदू समाज सुसंगठित और सशक्त हो गया है, तो हमारे प्रति जो अनादर का भाव सर्वत्र दिखाई देता है, वह समाप्त हो जाएगा और संसार हमारी बात सुनेगा। हिंदू धर्म अनादि काल से यही करता आ रहा है और ऐसे पवित्र धर्म और संस्कृति की रक्षा के लिए ही संघ की शुरूआत हुई है।' 'आजकल हिंदू समाज बहुत अव्यवस्थित हो गया है। संघ का एकमात्र उद्देश्य हिंदू समाज को इस तरह संगठित करना है कि हिंदू, हिंदुस्तान में गर्वित हिंदू के रूप में खड़े हो सकें और दुनिया को यह विश्वास दिला सकें कि हिंदू कोई ऐसी जाति नहीं है जो मरणासन्न अवस्था में हो। संघ चाहता है कि संसार में सद्गुणों का बोलबाला हो। संघ का लक्ष्य मानव जाति में व्याप्त राक्षसी प्रवृत्ति को दूर करना और उसे मानवता सिखाना है। संघ का गठन किसी से घृणा करने या उसे नष्ट करने के लिए नहीं हुआ है।' हाल ही में जारी की गई प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद की रिपोर्ट में 'धार्मिक अल्पसंख्यकों की हिस्सेदारी का देशभर में विश्लेषण' नामक विषय के माध्यम से बताया गया है कि बहुसंख्यक हिंदुओं की आबादी 1950 और 2015 के बीच 7.82% घट गई है। जबकि मुस्लिमों की आबादी में 43.15% की वृद्धि हुई है। मुस्लिमों की 1950 में 9.84% रही आबादी 14.09% पर पहुंच गई है। ईसाई धर्म के लोगों की आबादी की हिस्सेदारी 2.24% से बढ़कर 2.36% हुई है। ठीक ऐसे ही सिख समुदाय की आबादी 1.24% से बढ़कर 1.85% हो गई है। भारत में सद्गुणों से ओतप्रोत हिंदू नागरिकों की जनसंख्या यदि इस प्रकार घटती रही तो यह भारत के साथ पूरे विश्व के लिए भी अच्छा संकेत नहीं है क्योंकि अल्पसंख्यक के नाम पर मुस्लिम आबादी (जो कि अपने धर्म के प्रति एक कट्टर कौम मानी जाती है तथा अन्य धर्मों के लोगों के प्रति बिलकुल सहशुण नहीं है और वक्त आने पर अन्य समाज के नागरिकों का कत्लेआम करने में भी हिचकिचाते नहीं है) में बेतहाशा वृद्धि होना, पूरे विश्व के लिए एक अच्छा संकेत नहीं माना जा सकता है। यह बात ध्यान रखने वाली है कि ईरान कभी आर्यों का अर्थात पारसियों का देश था। इराक, सऊदी अरब ,पश्चिम एशिया के समस्त मुस्लिम देश 1400 वर्ष पूर्व भारतीय संस्कृति और सभ्यता को मानने वाले देश थे। तलवार के बल पर 57 देश इस्लाम को स्वीकार कर चुके हैं इनमें से कोई भी ऐसा देश नहीं है जो 1400 वर्ष पहले से अर्थात सनातन की भांति सृष्टि के प्रारंभ से मुस्लिम देश था। 1398 ईसवी में ईरान भारत से अलग हुआ, 1739 में नादिरशाह ने अफगानिस्तान को अपने लिए एक अलग रियासत के रूप में प्राप्त कर लिया, बाद में 1876 में यह एक स्वतंत्र देश के रूप में अस्तित्व में आ गया,1937 में म्यांमार बर्मा अलग हुआ, 1911 में श्रीलंका अलग हुआ और 1904 में नेपाल अलग हुआ। सांप्रदायिक आधार पर देश विभाजन का यह सिलसिला यहीं नहीं रुका इसके पश्चात 1947 में पश्चिमी एवं पूर्वी पाकिस्तान देश बना। पूर्वी पाकिस्तान आज बांग्लादेश के रूप में मानचित्र पर उपलब्ध है। आज एक बार पुनः भारत के भीतर जहां-जहां इस्लाम को मानने वाले लोगों की संख्या बहुलता को प्राप्त हो गई है, वहां वहां पर अनेक प्रकार की सामाजिक विसंगतियां, दमन और शोषण के नए-नए स्वरूप देखे जा रहे हैं।

> **27 सितम्बर 1933 को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक पूजनीय डॉक्टर केशव बलिराम हेडगेवार, शस्त्र पूजा समारोह में अपने उदबोधन में कहते हैं कि 'संघ एक हिंदू संगठन है। संसार के सभी धर्मों में हिंदू धर्म ही एकमात्र ऐसा धर्म है, जिसका मुख्य गुण सद्गुण है और जो 'आत्मवत भूतेषु' (सभी प्राणियों में अपने को देखना) की भावना से सभी जीवों के साथ प्रेमपूर्वक व्यवहार करना सिखाता है।**

**(ये लेखक के निजी विचार है।)**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

## एक नजर

### चेक पोस्ट से सदर पुलिस ने 47 लाख रुपये किया जब्त

**किशनगंज।** सदर पुलिस ने वाहन जांच के दौरान शुक्रवार की देर शाम रामपुर चेक पोस्ट में एक कार से 47 लाख रुपये जब्त किया है। कार सवार तीन लोगों को हिरासत में लिया गया है। जब्त रुपये को थाना लाया गया है। इसके बाद बैंक के सहयोग से रुपये की गिनती की गई। कुल 47 लाख रुपये थे। वही सूचना मिलने पर बीडीओ सह सीओ आईएएस प्रद्युम्न सिंह यादव सदर थाना पहुंचे। पुलिस इस मामले में आवश्यक जांच पड़ताल कर रही है। सपी सागर कुमार ने शनिवार को प्रेसवार्ता कर कहा कि बंगाल के मालदा से सिलीगुड़ी की ओर बड़ी संख्या में कैश ले जाये जाने की गुप्त सूचना मिली थी। इसके बाद एक टीम गठित कर कार्रवाई की गई। इस मामले में हिरासत में लिए गए लोगों ने कैश को लेकर किसी प्रकार का साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किया गया है।

### मोतिहारी में नंगा कर की गई युवक की पिटाई

**पूर्वी चंपारण।** जिले में सोशल मीडिया पर एक युवक की नंगा कर पिटाई करने का वीडियो तेजी वायरल हो रहा है ।वीडियो बीते बुधवार (19 जून) की बतायी जा रही है। इस वीडियो के संबंध में बताया जा रहा है कि छतौनी थाना क्षेत्र के हवाई अड्डा चौक निवासी युवक कौशल फिल्म देखने के लिए जानपुल स्थित एक सिनेमा हॉल में गया था ।जहां कुछ लड़कों ने उसे पकड़ लिया और सिनेमा हॉल परिसर से कहीं और ले जाकर नंगा कर उसकी जमकर पिटाई की । सोशल मीडिया पर वायरल इस वीडियो में दिख रहा है कि कई युवक मिलकर एक लड़के (कौशल) की पिटाई कर रहे हैं। पीड़ित युवक बार-बार बदमाशों से छोड़ देने की गुहार लगा रहा है लेकिन कोई रूकने को तैयार नही है। इतना ही नही पिटाई करने वाले युवको द्वारा चप्पल पर थूक रख उसे चाटने के लिए भी कहा जा रहा है।

# सीवान में गंडक नहर का गिरा पुल

## कई गांवों का आवागमन प्रभावित

- पिछले वर्ष कराया गया था नहर का निर्माण
- पटेढी बाजार और रामगढ़ पंचायत को जोड़ता था पुल

**एजेंसी। सीवान**

बिहार के सीवान में गंडक नहर पर बना पुल शनिवार को अचानक टूट कर गिर गया। इस घटना में हालांकि किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। स्थानीय लोगों के मुताबिक, पिलर धंसते ही कुछ ही मिनट में पुल धड़ाम से गिर गया।इस हादसे में फिलहाल किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। बताया जाता है कि घटना दरौंदा प्रखंड के रामगढ़ा पंचायत का यह पुल काफी पुराना था और पानी के दबाव के कारण पिलर में कटाव होने लगा, जिससे पिलर गिर गया। गंडक नहर पर बना यह पुल महाराजगंज प्रखंड के पटेढी बाजार और दरौंदा प्रखंड के रामगढ़ पंचायत को जोड़ता था। इस पुल के टूट जाने से कई गांवों का आवागमन प्रभावित होगा।



1

### दो दिन पहले ही देखी गई थी दरार

**30 फीट लंबा था पुल**



2

### पुल करीब 20 से 25 साल था पुराना

स्थानीय लोगों के मुताबिक, अब आसपास के गांव में जाने के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ेगी। स्थानीय ग्रामीणों ने जल्द इस पुल के निर्माण की मांग की है।

ग्रामीणों का कहना है कि यह पुल करीब 20 से 25 साल पुराना था। कुछ ग्रामीण कहते हैं कि दो दिन पहले इसमें दरार देखी गई थी और शनिवार सुबह यह पुल गिर गया। इससे पहले अररिया जिले में मंगलवार को बकरा नदी पर बना पुल धंस गया था। इस पुल का उद्घाटन भी नहीं हुआ था। सिकटी प्रखंड स्थित बकरा नदी के पड़रिया घाट पर पुल का निर्माण किया गया था। मंगलवार को पुल के दो से तीन पिलर नदी में धंस गए और पुल गिर गया। यह पुल सिकटी और कुसाकांटा प्रखंड को जोड़ता था।

### सड़क दुर्घटना में कांस्टेबल की मौत

**सिलीगुड़ी।** सिलीगुड़ी महकमा के नक्सलबाड़ी थाने में कार्यरत एक कांस्टेबल की शुक्रवार देर रात सड़क दुर्घटना में मौत हो गई है। मृतक का नाम रंजीत बर्मन है। घटना देर रात नक्सलबाड़ी के भांगापुल की है। जबकि एक कांस्टेबल चिकित्साधीन है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, नक्सलबाड़ी थाने के दो कांस्टेबल बाइक से नक्सलबाड़ी लौट रहे थे। तभी भांगापुल इलाके में एक वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने घायलों को बरामद कर नक्सलबाड़ी अस्पताल पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद बागडोगरा के एक निजी अस्पताल ले जाने के दौरान कांस्टेबल रंजीत बर्मन की मौत हो गई। जबकि दूसरे का इलाज चल रहा है। नक्सलबाड़ी थाने की पुलिस ने पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है।

# बिहार में 26 जून से होने वाली शिक्षक सक्षमता परीक्षा स्थगित



### जल्द घोषित हो सकती है नई तिथि

**एजेंसी। पटना**

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने 26 से 28 जून तक होने वाली दूसरी शिक्षक सक्षमता परीक्षा स्थगित कर दी है। समिति ने अपरिहार्य कारणों से परीक्षा स्थगित करने की बात कही है।

दरअसल, बिहार लोक सेवा आयोग की ओर से प्रधान शिक्षक के पदों पर नियुक्ति के लिए भी परीक्षा 28 और 29 जून को होनी है। कई शिक्षक संगठनों ने दोनों परीक्षाओं की तिथि एक साथ होने के कारण तिथि बढ़ाने की मांग की थी। माना जा रहा है कि बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने इसी कारण परीक्षा स्थगित की है।

समिति द्वारा आयोजित परीक्षा में 85 हजार से भी अधिक शिक्षक शामिल होंगे। समिति के अनुसार, स्थानीय निकाय शिक्षकों की सक्षमता परीक्षा 2024-द्वितीय जो 26 से 28 जून के बीच आयोजित की जानी थी, उसे अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दिया गया है। परीक्षा का प्रवेश पत्र हालांकि शुक्रवार को ही जारी किया गया था। प्राथमिक विद्यालय के (कक्षा एक से पांच) शिक्षक अभ्यर्थियों, मध्य विद्यालय के (कक्षा छह से आठ) के शिक्षक अभ्यर्थियों, माध्यमिक विद्यालय के (कक्षा नौवीं से 10वीं) के शिक्षक अभ्यर्थियों एवं उच्च माध्यमिक विद्यालय के (कक्षा 11वीं से 12वीं) के शिक्षकों के लिए परीक्षा आयोजित की जानी है। परीक्षा में 2:30 घंटे में 150 वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर देने होंगे। बताया गया कि जल्द ही नई तिथि की घोषणा की जाएगी।

बिहार लोक सेवा आयोग की ओर से प्रधान शिक्षक के पदों पर नियुक्ति के लिए भी परीक्षा 28 और 29 जून को होनी है।

### लालू परिवार की तरफ जाता है अपराध व भ्रष्टाचार का सीधा रास्ता : भाजपा

**पटना।** बिहार में पुल गिरने को लेकर सियासत तेज हो चली है। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव इस मुद्दे को लेकर नीतीश सरकार पर हमला बोल रहे है, तो वहीं भाजपा भी हमले का कोई मौका चूक नहीं रही है। भाजपा प्रवक्ता नीरज कुमार ने कहा है कि किसको नहीं पता है कि अपराध भ्रष्टाचार जहां कहीं भी होता है, तो उसका सीधा रास्ता लालू परिवार की तरफ जाता है। लालू परिवार के साथ उसकी जड़ जुड़ी हुई होती है। ये जगजाहिर बात है। तेजस्वी यादव पुल के गिरने पर कौन सा बयान दे रहे हैं ? सरकार ने इसको गंभीरता से लिया है। यह गंभीर मामला है। इसमें जो भी दोषी होंगे, उनको कड़ी से कड़ी सजा मिलेगी। आपकी सरकार के जैसे किसी को बख्शा नहीं जाएगा। दरअसल बीते दिनों बिहार के अररिया में निमार्णाधीन पुल का एक हिस्सा गिर गया था।

## मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने दो दिवसीय आम महोत्सव-2024 का किया उद्घाटन

**एजेंसी। पटना**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को सम्राट अशोक कन्वेंशन केन्द्र स्थित ज्ञान भवन में दो दिवसीय आम महोत्सव 2024 का दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने आम उत्पादकों द्वारा लगायी गयी विभिन्न प्रजाति के आमों की प्रदर्शनी का अवलोकन किया और उनकी विशेषताओं के बारे में जानकारी ली।

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने विभिन्न कृषि उत्पादक समूहों एवं खाद्य प्रसंस्करण इकाईयों को अनुदान राशि का सांकेतिक चेक भी प्रदान किया। कृषि विभाग के सचिव संजय कुमार अग्रवाल ने मुख्यमंत्री को हरित पौधा एवं



प्रतीक चिन्ह भेंट कर उनका स्वागत किया।

इस अवसर पर जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी, कृषि मंत्री मंगल पाण्डे, परिवहन मंत्री शीला कुमारी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार सहित अन्य वरीय अधिकारी मौजूद थे।

## ब्रीफ न्यूज

### पांच साल की बच्ची को कुत्ते ने नोंचकर मार डाला



**बिजनौर।** जनपद में आवारा कुत्ते ने पांच साल की बच्ची को नोंचकर मार डाला। बच्ची की मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। किरतपुर के मोहल्ला इस्लाम नगर में रहने वाले फहीम की पांच साल की बच्ची रुकय्या (05) अपने घर से बाहर निकली थी। जब वह सड़क पर पहुंची तब अचानक से आवारा कुत्ते ने बच्ची को खींचकर पास के आम बगीचे में ले गया। कुत्ते ने उसे नोंचकर मार डाला। बच्ची की चींख पुकार सुनकर आम के बाग की रखवाली कर रहे लोगों ने कुत्ते से बच्ची को छुड़ाया। परिजनों ने बच्ची को स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया, जहां चिकित्सक ने गंभीर हालत देखते हुये हॉयर सेंटर बिजनौर रेफर कर दिया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। बच्ची की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। नगर पालिका की ईओ मेघा गुप्ता का कहना है कि आवारा कुत्तों को पकड़वाने के लिये ठेकेदार को वर्क आर्डर दे दिया गया है। कुत्ते को पकड़वाने का कार्य शीघ्र ही शुरू हो जाएगा।

### इन्द्रावती टाइगर रिजर्व में 8 से 10 बाघों के होने की संभावना



**जगदलपुर।** इन्द्रावती टाइगर रिजर्व पार्क प्रबंधन के अनुसार बाघ की गणना फरवरी से शुरू होकर अप्रेल के अंतिम सप्ताह तक चली। वर्तमान में इस राष्ट्रीय उद्यान में 8 से 10 बाघ होने की संभावना है। डीएफओ इंद्रावती टाइगर रिजर्व बीजापुर संदीप बल्गा ने शनिवार को जानकारी देते हुए बताया कि इन्द्रावती टाइगर रिजर्व में बाघों की गणना का प्रथम चरण सफलता पूर्वक पूरा हो गया है। इसके लिए वाइल्ड लाइफ देहरादून के विशेषज्ञों सहित कई स्थानों से विशेषज्ञों की टीम पहुंची थी। उन्होंने बताया कि गणना का रिपोर्ट बहुत जल्द ही आने वाली है, इससे बहुत जल्द ही इन्द्रावती राष्ट्रीय उद्यान में बाघों की संख्या स्पष्ट हो सकेगी। उन्होंने बताया कि इन्द्रावती टाइगर रिजर्व पार्क इलाके में कुटरू, भोपालपट्टनम और मद्देड के कोर व बफर एरिया में टीम पैदल पहुंचकर बाघ की गतिविधियों की पहचान की गई। टीम द्वारा इन्द्रावती टाइगर रिजर्व में फिलहाल 8 से 10 बाघों के होने की पुष्टि की है। बीजापुर के जंगल में बीते दिनों एक मादा बाघ के देखे जाने की पुष्टि हुई थी जिसके साथ एक शावक भी मौजूद था। इसके अलावा यहां पर तेलंगाना और आंध्रप्रदेश के सीमावर्ती इलाकों में भी बाघ के होने की पुष्टि हुई है।

### डेढ़ करोड़ का चोरी किया गया बीएसएनएल का केबल बरामद, एक गिरफ्तार



**पूर्वी चंपारण।** एसपी कांतेश कुमार मिश्र को मिली गुप्त सूचना के आधार पर गोविंदगंज थाना पुलिस ने एक ट्रक पर लदे चोरी किये गये बीएसएनएल का 10 टन केबल जब्त किया है। इस मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। मामले में अरेराज डीएसपी रंजन कुमार ने बताया है कि पुलिस को सूचना मिली जिसके आधार पर जब बंगाल नंबर के ट्रक पर सवार व्यक्ति से पूछताछ की गई तो उसके जवाब से यह साबित हो गया कि केबल चोरी का है। गिरफ्तार अपराधी कोटवा थाना क्षेत्र के जसौली जमुनिया गाव का रंजन गिरि बताया गया है, जिसने पुछताछ मे? बताया है कि इस घटना में उसके 5-6 और सहयोगी हैं,जिनकी तलाश पुलिस कर रही है। वही चोरी का यह केबल पश्चिम बंगाल में बिक्री किया जाना था,जिसकी अनुमानित कीमत 1.5 करोड़ बताई जा रही है। पुलिस गिरफ्तार रंजन के सहयोगियों को चिन्हित कर लिया है , वही यह पता लगाया जा रहा है कि पश्चिम बंगाल में चोरी के केबल का रिसीवर कौन है। पुलिस टीम में डीएसपी अरेराज के अलावे गोविंदगंज थाने के एसआई रागिब हसन,जमादार लालमोहर राय सहित सशस्त्र बल शामिल थे।

### 29 जून को दिल्ली में जदयू की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक



**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में जदयू की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक 29 जून को बुलाई है। बैठक में पार्टी के सभी विधायक, सांसद और प्रमुखों को आमंत्रित किया गया है। बैठक में किन मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। अभी तक इस बारे में कोई जानकारी सामने नहीं आई है, लेकिन बताया जा रहा है कि बैठक में जदयू अपनी आगे की रूपरेखा बैठक में तय करेगी। बता दें कि बीते दिनों हुए लोकसभा चुनाव में जदयू किंग मेकर की भूमिका के रूप में सामने आई है। जदयू के 12 सांसदों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र में अपनी सरकार बनाने की दिशा में अहम भूमिका निभाई है। दरअसल, इस चुनाव में बीजेपी अकेले दम पर बहुमत लाने में विफल रही। उधर, तो राजनीतिक गलियारों में नीतीश कुमार की राजनीतिक स्थिरता को लेकर कई तरह के सवाल उठे, क्योंकि इतिहास गवाह है कि उनका राजनीतिक चाल, चरित्र और चेहरा आज तक कोई समझ नहीं सका है।अब जब जदयू ने 29 जून को राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में कार्यकारिणी बैठक बुलाई है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, जदयू प्रदेश के विभिन्न राजनीतिक कारकों के बारे में विस्तारपूर्वक चर्चा करेगी। अगर कहीं प्रदर्शन बेहतर नहीं रहा है, तो पार्टी यह पता करने की कोशिश करेगी कि आखिर दिक्कत कहां रह गई? अगर कहीं खामी पाई गई, तो उसे सुधारने की दिशा में क्या कुछ कदम उठाया जा सकता है? इस पर विचार किया जाएगा। वहीं, बताया जा रहा है कि बैठक में पार्टी को विस्तार देने की दिशा में रूपरेखा भी तैयार की जाएगी।

## आज का राशिफल

**मेष:** धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। कार्यक्षेत्र में स्थिति सामान्य ही रहेगी।

**वृषभ:** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। बढ़ते घाटे से कुछ राहत मिलने लगेगी। हाथ में आने वाला धन भी किसी अवरोध का शिकार हो जाएगा। व्यापार में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। धार्मिक यात्रा का योग है।

**मिथुन:** चापलूस मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। सब्र का फल मीठा होता है। अत: धैर्य रखें व अच्छे समय इन्तजार करें।

**कर्क:** थोड़े प्रयास से कार्य सिद्ध होंगे। घर-परिवार में मांगलिक कार्य सम्पन्न होने से वातावरण आनन्द देने वाला बना रहेगा। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह बना रहेगा। शुभ कार्यों का तत्काल फल मिलेगा।

**सिंह:** पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेंगे। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल, अवसाद रहेगा।

**कन्या:** आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। शनैः-शनैः स्थिती पक्ष की बनने लगेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा।

**तुला:** कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अपने हित के काम सुबह-सवेरे निपटा लें। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी।

**वृश्चिक:** व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना।

**धनु:** शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे।

**मकर:** रुपये पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी।

**कुम्भ:** समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं।

**मीन:** महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा।

## बहनों की शादी में दहेज के रूप में बाइक देने के लिए भाई बन गया चोर

**बहराइच।** देश भर से हर दिन चोरी के मामले सामने आते हैं। कुछ काफी हैरान करने वाले होते हैं, तो वहीं कुछ चोरी की कहानी बेहद दिलचस्प होती है। ऐसा ही चोरी का एक अनोखा और रोचक मामला यूपी के बहराइच जिले से सामने आया है, जहां एक व्यक्ति ने बहनों की शादी में दहेज के रूप में बाइक देने के लिए चोरी की घटना को अंजाम देना शुरू कर दिया। अपर पुलिस अधीक्षक रामानंद कुशवाहा के मुताबिक मेराज नाम के एक शख्स ने अपनी बहनों की शादी में दहेज देने के लिए बाइक की चोरी करनी शुरू की। उसने चोरी की 3 मोटरसाइकिल को डेंट पेंट करके अपनी बहनों को दहेज में दे दिया। इसके बाद में वो पेशेवर चोर बन गया। मेराज एक साल से मैरिज हॉल से बाइकों की चोरी कर रहा था। वो अपने एक साथी के साथ मिलकर रात में चोरी की घटना को अंजाम दिया करता था। पेशे से



बाइक मिस्त्री मेराज बाइक को चुराकर अपने गांव और दूसरे जगहों पर बेच देता था।आस-पास के इलाके में लगातार बाइक चोरी की रिपोर्ट आने के बाद पुलिस हरकत में आई। कोतवाली देहात पुलिस ने जाल बिछाकर मेराज को गिरफ्तार कर लिया, जबकि उसका साथी मौके से फरार हो गया। पूछताछ में मेराज ने बताया कि वो अब तक सात बाइक चुरा चुका है। पुलिस ने मेराज और उसके साथी के घर से छह बाइकें बरामद कर ली है, जबकि एक अन्य बाइक समेत दूसरे आरोपी की तलाश में जुट गई है।

## ओम प्रकाश राजभर ने अपनी पार्टी की सभी इकाईयों को किया भंग

**एजेंसी। लखनऊ**

उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री और सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के मुखिया ओम प्रकाश राजभर ने शनिवार को अपनी पार्टी की सभी इकाइयों को भंग कर दिया। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अरविंद राजभर ने एक पत्र जारी कर बताया कि उत्तर प्रदेश कार्यकारिणी के साथ-साथ पूर्वांचल, मध्यांचल, बुंदेलखंड और पश्चिमांचल (प्रदेश, मंडल, जिला, विधानसभा, ब्लॉक) की मुख्य इकाई के साथ सभी मोर्चों एवं प्रकोष्ठों को तत्काल प्रभाव से भंग किया जाता है।

लोकसभा चुनाव में हार के बाद अब पार्टी का फोकस आने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर है। बताया जा रहा है कि अब नई ऊर्जा के साथ नए संगठन का गठन किया जाएगा। ज्ञात हो कि अभी हाल में लोकसभा चुनाव में सुभासपा ने सिर्फ एक सीट पर चुनाव लड़ा और वह भी हार गई।



घोसी लोकसभा सीट से राजभर के बेटे अरविंद राजभर ने चुनाव लड़ा लेकिन सपा के राजीव राय ने उन्हें हरा दिया।

उसके बाद पार्टी ने हार की समीक्षा शुरू की है। उसी क्रम में पार्टी की सभी इकाई को भंग करने का निर्णय लिया गया है। पार्टी के नेताओं का कहना है कि प्रदेश से लेकर जिला और विधानसभा तक की सभी कार्यकारिणी भंग करने के बाद नई ऊर्जा के साथ नए संगठन का गठन किया जाएगा। बताया जा रहा है कि आगामी विधानसभा चुनाव 2027 को देखते हुए पार्टी को नए सिरे से खड़ा किया जायेगा।

### सीएम योगी आदित्यनाथ ने ऊर्जा विभाग की महत्वपूर्ण बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश

# समय पर और बिना त्रुटि के हर उपभोक्ता के घर तक पहुंचाएं बिजली का बिल : मुख्यमंत्री

**एजेंसी। लखनऊ**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को ऊर्जा विभाग की महत्वपूर्ण बैठक ली। इस दौरान उन्होंने विभाग की ओर से प्रस्तुत किये गये प्रजेंटेशन का अवलोकन किया। सीएम योगी ने कहा कि बिजली का बिल समय से जमा कराने के लिए लोगों में जागरूकता बढ़ाने का कार्य करना अत्यंत जरूरी है।

उन्होंने कहा कि जिस प्रकार लोग मोबाइल का बिल नियत समय पर जमा करते हैं, उसी प्रकार बिजली का बिल भी तय समय पर जमा कराने के लिए उन्हें प्रोत्साहित किया जाए। इसके लिए विभाग एक सुदृढ़ मैकेनिज्म तैयार करे। सीएम योगी ने प्रदेश में स्मार्ट मीटर लगाने पर विशेष जोर दिया और कहा कि जनता को इसके लिए तैयार किया जाए। स्मार्ट मीटर



*मेंटेनेंस के कारण अगर बिजली कटौती की जाती है तो कब और कितनी देर तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी, इसकी पूर्व सूचना उपभोक्ताओं को देना जरूरी है। इसके लिए सोशल मीडिया का ज्यादा से ज्यादा उपयोग करें*

आज की आवश्यकता है।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि बिजली का बिल सही समय पर और बिना गड़बड़ी के हर उपभोक्ता के घरों तक पहुंचना चाहिए।

मीटर रीडर को इसके लिए जवाबदेह बनाना बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं को ओटीएस के बारे में जागरूक करें, ताकि बकाया बिजली के बिल को जमा करने में मिलने वाली सहूलियत के बारे में उसे अच्छी तरह से पता हो।

बिजली के बिल के नाम पर उपभोक्ताओं को किसी भी सूरत में परेशान न किया जाए। उन्होंने कहा कि हमने अपने पहले पांच साल इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलप करने में लगाया है,अब हमें अपना पूरा जोर क्वालिटी मेंटेन करने पर देना होगा। उन्होंने कहा कि स्मार्ट मीटर की कवायद तो तेजी से आगे बढ़ाया जाए। ईज ऑफ लिविंग के लिए यह बहुत जरूरी है,जिससे सच्चे उपभोक्ताओं को राहत मिलेगी।

अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि प्रदेश में बिजली सप्लाई के घंटों में बढ़ोतरी हुई है। बीते भीषण गर्मी के बावजूद और केवल लोकल फॉल्ट को छोड़ दें तो बीते 15 मार्च से सरकार 24 घंटे बिजली सप्लाई देने में सफल रही है। प्रदेश में कहीं भी बिजली की कमी नहीं हुई है।

अधिकारियों के अनुसार प्रदेश में 3.45 करोड़ बिजली कनेक्शन हैं। वहीं दो साल में 30 लाख कनेक्शन बढ़े हैं। बताया कि 2024 में अबतक 70 हजार करोड़ का राजस्व प्राप्त हुआ है,जो कि पिछले वर्ष की तुलना में 17 प्रतिशत अधिक है।

## आज का मैच

1 अफगानिस्तान बनाम ऑस्ट्रेलिया
प्रातः 06.00 बजे से
स्टेडिसमः आर्नोस वेल स्टेडियम

2 यूएसए बनाम इंग्लैंड
शाम 08.00 बजे से
स्टेडिसमः केनिंग्सटन ओवल स्टेडियम

# हार्दिक का आतिशी अर्धशतक, भारत का मजबूत स्कोर




**एजेंसी। नार्थ साउंड**
आलराउंडर हार्दिक पांड्या (नाबाद 50) के आतिशी अर्धशतक और अन्य बल्लेबाजों के उपयोगी योगदान से भारत ने बांग्लादेश के खिलाफ टी 20 विश्व कप के अपने दूसरे सुपर आठ मुकाबले में शनिवार को पांच विकेट पर 196 रन का मजबूत स्कोर बना लिया। भारत ने टॉस हारने के बाद पहले बल्लेबाजी करते हुए आक्रामक शुरूआत की थी लेकिन बीच में तंजीम साकिब ने एक ही ओवर में कोहली और सूर्या को आउट कर भारत की रफ्तार को धीमा जरूर किया लेकिन पहले ऋषभ पंत और फिर शिवम दुबे और हार्दिक ने भारत को एक बड़े स्कोर तक पहुंचा दिया। हार्दिक ने मात्र 27 गेंदों पर 50 रन में चार चौके और तीन छक्के लगाए। शिवम दुबे ने 24 गेंदों पर 34 रन में तीन छक्के लगाए। पंत ने 24 गेंदों पर 36 रन में चार चौके और दो छक्के लगाए। विराट कोहली ने 28 गेंदों पर 37 रन में एक चौका और तीन छक्के लगाए। कप्तान रोहित शर्मा ने 11 गेंदों पर 23 रन में तीन चौके और एक छक्का लगाया। सूर्यकुमार यादव ने अपनी पारी में एक छक्का लगाया और दूसरी गेंद पर आउट हो गए। भारत ने बांग्लादेश के बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किये जाने के फैसले का पूरा फायदा उठाते हर अपनी पारी में 12 चौके और 13 छक्के लगाए। भारत की बल्लेबाजी का यह आलम था कि विकेट पर उतरने वाला हर बल्लेबाज निर्भिक अंदाज में खेल रहा था और आने के साथ ही बॉउंड्री लगा रहा था। बांग्लादेश की तरफ से तंजीब साकिब और रिशाद हुसैन ने दो-दो विकेट लिए।

## एक नजर

### पेले की मां सेलेस्टे अरांतेस का 101 वर्ष की आयु में निधन

**साओ पाउलो।** दिवंगत महान फुटबॉल खिलाड़ी पेले की मां सेलेस्टे अरांतेस का शुक्रवार को 101 वर्ष की आयु में निधन हो गया। अरांतेस ने पिछले पांच साल वानस्पतिक अवस्था (चेतना की कमी) में बिताए। उन्हें 2022 में पेले की मृत्यु के बारे में सूचित नहीं किया गया था। ब्राजील फुटबॉल परिसंघ (सीबीएफ) ने एक बयान में कहा कि वह पिछले आठ दिनों से अस्पताल में भर्ती थीं। सीबीएफ ने कहा कि अरांतेस की मौत का कारण नहीं बताया गया है। पेले फाउंडेशन ने अपने सोशल मीडिया चैनलों पर कहा कि एकमात्र तीन बार विश्व कप जीतने वाले खिलाड़ी की माँ एक रोल मॉडल थीं। फाउंडेशन ने कहा, भावनाएँ मिश्रित हैं। हम 'सेलेस्टिन्हा' के जाने पर गहरा शोक व्यक्त करते हैं, जैसा कि उनके बेटे ने उन्हें प्यार से बुलाया था।

### सिमडेगा जिला स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता 23 को

**रांची।** अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक दिवस के शुभ अवसर पर जिला खेल कुद विभाग सिमडेगा और सिमडेगा जिला एथलेटिक्स संघ के संयुक्त तत्वावधान में 1st सिमडेगा जिला स्तरीय सब जूनियर व 16 बालक और बालिका एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन 23 जून को प्रात 06.30 बजे से नेता जी सुभाष चंद्र बोस खेल परिसर (सिमडेगा बाजार के बगल) में किया गया है। जिला स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों को ससमय कार्यक्रम स्थल पहुंचकर अपना निबंधन कराकर प्रतियोगिता में भाग ले सकते है। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों का जन्म तिथि 30 जून 2024 को 16 वर्ष से कम होनी चाहिए।

## शाई होप की तूफानी पारी में उड़ा अमेरिका

# वेस्टइंडीज ने 9 विकेट से हराया



**एजेंसी। ब्रिजटाउन**
वेस्टइंडीज ने केंसिंग्टन ओवल में टी20 विश्व कप में यूएसए के खिलाफ अपनी दमदार बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए 55 गेंदें शेष रहते हुए 9 विकेट से जीत दर्ज की। इस जीत के साथ वेस्टइंडीज ने सुपर-8 की दौर में खुद को कायम रखा और अंक तालिका में नेट रन रेट में बड़ी बढ़त हासिल की। वेस्टइंडीज के लिए जीत का मंच विशेष रूप से उनके स्पिनरों ने तैयार किया, जिन्होंने यूएसए की बल्लेबाजी यूनिट को तहस-नहस कर दिया। यूएसए ने मैच में शुरूआत अच्छी की, लेकिन पावरप्ले के बाद रोस्टन चेज ने उन्हें बैकफुट पर धकेल दिया। चेज ने 19 रन देकर 3 विकेट लिए। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। वेस्टइंडीज की ओर से आंद्रे रसेल और रोस्टन चेज ने 3-3 विकेट लिए। अल्जारी जोसेफ ने 2 विकेट झटके। गुडाकेश मोती को 1 विकेट मिला। वेस्टइंडीज ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया और अमेरिका को 19.5 ओवर में 128 रन पर समेट दिया। 129 रन का टारगेट वेस्टइंडीज ने बड़ी आसानी से मात्र एक विकेट खोकर 10.5 ओवर में ही चेज कर लिया। अमेरिका की ओर से इकलौता विकेट हरमीत सिंह ने जॉनसन चार्ल्स (15 रन) का लिया। इस दौरान शाई होप ने यादगार पारी खेली। 39 गेंदों पर नाबाद 82 रनों की पारी में 4 चौके और 8 गगनचुंबी छक्के शामिल थे। उन्होंने केवल 26 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया, जो वेस्टइंडीज के लिए टी20 विश्व कप के इतिहास में सबसे तेज अर्धशतक है। शुरूआत से ही होप के आक्रामक रवैये ने यूएसए के गेंदबाजों को बेबस कर दिया। उन्होंने खास तौर पर मिलिंद कुमार को टारगेट किया और उनके 9वें ओवर में लगातार तीन छक्के जड़े। होप का साथ निकोलस पूरन ने दिया, जो 27 रन बनाकर नाबाद रहे और सुनिश्चित किया कि वेस्टइंडीज आसानी से अपने लक्ष्य तक पहुंचे।

**सुपर 8 के दूसरे ग्रुप में दक्षिण अफ्रीका 4 अंक के साथ सबसे ऊपर, वेस्टइंडीज दूसरे और इंग्लैंड तीसरे नंबर पर है।**

### ओलंपिक में चयन की खबर सुनकर आंखों में आए आंसू : श्रेयसी सिंह



**जमुईज।** बिहार के जमुई से भाजपा विधायक श्रेयसी सिंह का पेरिस ओलंपिक-2024 के शॉटगन ट्रैप वूमेन प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है। इस खबर से श्रेयसी सिंह बेहद खुश हैं। उन्होंने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि उनके परिवार और बिहार का सपना पूरा हुआ है। उन्होंने पत्रकारों से चर्चा करते हुए बताया, आज सुबह करीब 11 बजे खबर मिली। मैं कुछ समय के लिए भावुक हो गई। आंख से खुशी के आंसू भी छलक गए। पिताजी की भी बहुत याद आई। उन्होंने कहा कि 21 सदस्यीय भारतीय दल की घोषणा की गई है।


### भारतीय कंपाउंड महिला टीम ने फाइनल जीता

# 2024 में स्वर्ण पदक हैट्रिक



**एजेंसी। नई दिल्ली**
शीर्ष रैंकिंग वाली भारतीय कंपाउंड महिला टीम ने शनिवार को तुर्की के अंताल्या में तीरंदाजी विश्व कप स्टेज-3 के फाइनल में स्वर्ण पदक जीता। ज्योति सुरेखा वेन्नम, अदिति स्वामी और परनीत कौर की भारतीय तिकड़ी ने खिताबी मुकाबले में छठी रैंकिंग वाली एस्टोनिया (232-229) को हराया। इसी के साथ भारतीय तिकड़ी की 2024 में तीरंदाजी विश्व कप में स्वर्ण पदकों की हैट्रिक पूरी हुई। टीम ने इस साल की शुरूआत में शंघाई और येचियन में आयोजित पिछले चरणों में स्वर्ण पदक जीते थे। स्टेज 3 में, भारत को पहले दौर में बाई मिली, जिसमें केवल 10 देश शामिल थे, तथा फिर उसने अल साल्वाडोर को 235-227 से तथा मेजबान तुर्की को 234-227 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। प्रियांश, अभिषेक वर्मा और प्रथमेश फुगे की मौजूदगी वाली शीर्ष भारतीय पुरुष टीम सेमीफाइनल में तुर्की से 236-236 (शूट-ऑफ 30*-30, तुर्की ने सेंटर के करीब शॉट मारा) से हार गई। भारत कांस्य पदक के मैच में भी फ्रांस से 236-235 से हार गया।

# हाले एटीपी सेमीफाइनल में पहुंचकर झांग झिझेन ने रचा इतिहास



**एजेंसी। बर्लिन**
चीनी पुरुष टेनिस खिलाड़ी झांग झिझेन ने चीन के टेनिस इतिहास में एक नया रिकॉर्ड बनाते हुए शुक्रवार को जर्मनी के हाले में टेरा वोर्टमैन ओपन के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। झिझेन ने पुरुष एकल के अंतिम 8 चरण में अमेरिका के क्रिस्टोफर यूबैंक को 6-4, 4-6, 7-5 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। झांग तीसरे सेट में 2-5 से पीछे थे, लेकिन उन्होंने लगातार पांच गेम जीतकर जीत हासिल की, जिससे वे ओपन युग में ग्रास कोर्ट पर टूर-लेवल सेमीफाइनल में पहुंचने वाले पहले चीनी खिलाड़ी बन गए। अपने दूसरे टूर-लेवल सेमीफाइनल में पहुंचकर, झांग इस सप्ताह पीआईएफ एटीपी लाइव रैंकिंग में नौ पायदान ऊपर चढ़कर 33वें स्थान पर पहुंच गए हैं। ये उनके करियर की सर्वोच्च रैंकिंग है। 28 वर्षीय चीनी टेनिस खिलाड़ी का अगला मुकाबला विश्व के नंबर एक खिलाड़ी जननिक सिनर से होगा, जिन्होंने जर्मनी के जान-लेनार्ड स्ट्रफ को 6-2, 6-7(1), 7-6(3) से हराया।

# सुमित नागल पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई



**एजेंसी। नई दिल्ली**
शीर्ष वरीयता प्राप्त भारतीय खिलाड़ी सुमित नागल ने पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर लिया है, इसकी पुष्टि शनिवार को की गई। नागल ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, मुझे यह बताते हुए बेहद खुशी हो रही है कि मैंने आधिकारिक तौर पर 2024 पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर लिया है। यह मेरे लिए एक यादगार पल है क्योंकि ओलंपिक मेरे दिल में एक खास जगह रखता है। नागल वैकल्पिक खिलाड़ियों में से एक थे, लेकिन उनसे बेहतर रैंकिंग वाले खिलाड़ियों के हटने की संख्या बढ़ने के साथ, भारतीय खिलाड़ी का 4 जुलाई को अंतरराष्ट्रीय टेनिस महासंघ द्वारा आधिकारिक प्रवेश सूची जारी किए जाने पर कट बनाना पक्का है।

### चोट के बाद एंडी मरे की होगी पीठ की सर्जरी

**नई दिल्ली।** दो बार के विंबलडन चैंपियन एंडी मरे विंबलडन टूर्नामेंट शुरू होने से ठीक 9 दिन पहले पीठ की सर्जरी से गुजरेंगे। विंबलडन 1 जुलाई से शुरू हो रहा है। एंडी मरे को क्वींस क्लब चैंपियनशिप में दूसरे दौर के मैच के दौरान चोट लगने के कारण पीठ की सर्जरी करानी होगी।

## व्यापार/लाइफ व साइंस

### विदेशी मुद्रा भंडार 2.92 अरब डॉलर घटकर 652.89 पर

**नई दिल्ली।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 14 जून को समाप्त सप्ताह में 2.92 अरब डॉलर घटकर 652.89 अरब डॉलर रहा। भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इससे पूर्व के सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 4.30 अरब डॉलर के उछाल के साथ 655.82 अरब डॉलर के नये रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया था। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के मुताबिक 14 जून को समाप्त सप्ताह में मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा मानी जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियां 2.09 अरब डॉलर घटकर 574.24 अरब डॉलर रही। डॉलर के संदर्भ में उल्लेखित विदेशी मुद्रा आस्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं की घट-बढ़ का प्रभाव शामिल होता है।

### सरकार ने तुअर, चना दालों पर भंडार सीमा लगाई

**नई दिल्ली।** सरकार ने शुक्रवार को जमाखोरी रोकने और कीमतों पर नियंत्रण के लिए इस साल सितंबर तक तुअर और चना दालों पर भंडार सीमा लगा दी। एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि केंद्र ने भंडार सीमा लगाने का आदेश जारी किया है। यह आदेश थोक विक्रेताओं, खुदरा विक्रेताओं, बड़ी श्रृंखला के खुदरा विक्रेताओं, मिल मालिकों और आयातकों पर लागू होगी। इस कदम का मकसद जमाखोरी और सट्टेबाजी को रोकना तथा तुअर और चना को उपभोक्ताओं की पहुंच में लाना है।

# आईआईटी मंडी ने बनाया एआई योगा मैट, सही आसन करने में करेगा मदद



**एजेंसी। नई दिल्ली**
आईआईटी मंडी से जुड़े एक स्टार्टअप ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) से लैस एक योगा मैट बनाया है। इस मैट को 'योगीफाई' नाम दिया गया है और कई केंद्रीय मंत्रियों को गिफ्ट भी किया गया है। विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय की ओर से 'योगीफाई' मैट को विदेश मंत्री (ईएएम) एस. जयशंकर, रेलवे, सूचना एवं प्रसारण और आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और अन्य केंद्रीय मंत्रियों को भेजा गया है। मंत्रालय के अनुसार, यह मैट घर पर योग के अनुभव को बेहतर बनाएगा। इसमें कंफर्टेबल योगा प्रैक्टिस के लिए एआई और कंप्यूटर विजन (सीवी) टेक्नोलॉजी का फायदा मिलेगा। मैट एक बिल्ट-इन इनोवेटिव सेंसर लेयर से लैस है, जो योग करने वालों के आसनों को ट्रैक करता है और उन आसनों को सही करने में मदद करने के लिए सुझाव देता है। इसे वेलनेसिस टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड ने बनाया है, जिसे आईआईटी मंडी के टेक्नोलॉजी इनोवेशन हब (टीआईएच) आईहब में इनक्यूबेट किया गया है और डीएसटी के एनएम-आईसीपीएस प्रोग्राम के तहत समर्थित किया गया है। मंत्रालय के अनुसार, यह मैट पूरी तरह से स्वदेशी है। इसके कई लाभ हैं। इनमें योगासन ट्रेनिंग, इंटरैक्टिव योगा क्लासेस, रियल-टाइम फीडबैक और दुनिया भर में कहीं भी, कभी भी पर्सनलाइज कोचिंग की सुविधा शामिल हैं। 'योगीफाई' स्मार्ट मैट घर पर अन्य स्मार्ट डिवाइस के साथ सहजता से काम करता है, ताकि योग करने के लिए सही माहौल तैयार किया जा सके।

# वॉयस क्लोनिंग: आप भी हो सकते हैं इस स्कैम के शिकार

## एक गलती पड़ेगी बहुत भारी, ऐसे करें वॉयस क्लोनिंग की पहचान

**एजेंसी। नई दिल्ली**
देश में एक नया स्कैम चल रहा है जिसका शिकार कोई भी हो सकता है। इस स्कैम का नाम वॉयस क्लोनिंग है। एक रिपोर्ट के मुताबिक इसमें हर साल 38 फीसदी का इजाफा हो रहा है। वॉयस क्लोन स्कैम का शिकार सबसे ज्यादा आपके चाहने वालों और सबसे करीबियों का ही बनाया जा रहा है।
देश में हर रोज तमाम तरह के स्कैम हो रहे हैं। किसी को फर्जी सीबीआई और कस्टम अधिकारी बनकर चूना लगाया जा रहा है तो किसी की पहचान चोरी करके ठगी की जा रही है। देश में एक नया स्कैम चल रहा है जिसका शिकार कोई भी हो सकता है। इस स्कैम का नाम वॉयस क्लोनिंग है। एक रिपोर्ट के मुताबिक इसमें हर साल 38 फीसदी का इजाफा हो रहा है। वॉयस क्लोन स्कैम का शिकार सबसे ज्यादा आपके चाहने वालों और सबसे करीबियों का ही बनाया जा रहा है। पिछले छह महीने में भारत में जितने स्कैम हुए हैं उनमें 83 फीसदी वॉयस क्लोन वाले ही हैं। वॉयस क्लोन स्कैम में लोगों ने करोड़ों रुपये गंवाए हैं। आइए आज समझने की कोशिश करते हैं कि आखिर यह वॉयस क्लोन स्कैम क्या है और इसे कैसे पहचाना जा सकता है?

### क्या है वॉयस क्लोनिंग स्कैम?

एआई वॉयस क्लोनिंग भारत में तेजी से बढ़ रही है। एआई की मदद से लोगों की आवाज की कॉपी की जा रही है यानी डुप्लीकेट आवाज तैयार की जा रही है और फिर ठगी को अंजाम दिया जा रहा है। यह ठगों के लिए यह एक नया हथियार बन गया है। फैमिली के किसी एक मेंबर की आवाज को ये ठग कॉपी करके अन्य मेंबर को कॉल करते हैं और इमरजेंसी का बहाना बनाकर पैसे मांगते हैं।



**इमरजेंसी :** एआई के जरिए वॉयस को क्लोन करके ये ठग इमरजेंसी के बहाने के साथ कॉल करते हैं। ये आपके किसी जानने वाले की ही आवाज में कहते हैं कि आपका कोई करीबी मुसीबत में है या अस्पताल में है। ऐसे में पैसे की तुरंत जरूरत है।

**बात करने का अंदाज :** एआई से किसी की आवाज की कॉपी तो की जा सकती है लेकिन उसके बात करने का तरीका और अंदाज को कॉपी नहीं किया जा सकता। इस तरह के कॉल को ध्यान से सुनें और तय करें कि रोबोटिक कॉल है या फिर किसी इंसान ने किया है।

**पैसे की मांग :** यदि कोई फोन कॉल करके आपसे पैसे मांगता है तो सतर्क हो जाएं। इसके अलावा यदि आपसे कोई बैंक अकाउंट की जानकारी भी मांगता हो तो ना दें, भले ही उसकी आवाज आपके किसी जानने वाले से मेल खाती हो।

# सरकार ने सुरक्षित भंडार के लिए 71,000 टन प्याज खरीदा



**एजेंसी। नई दिल्ली**
उपभोक्ता मामलों के विभाग द्वारा जुटाए गए आंकड़ों के अनुसार, शुक्रवार को देशभर में औसत प्याज खुदरा मूल्य 38.67 रुपये प्रति किलोग्राम था, जबकि मॉडल मूल्य 40 रुपये प्रति किलोग्राम था। नयी दिल्ली। सरकार ने इस वर्ष अब तक सुरक्षित भंडार (बफर स्टॉक) के लिए लगभग 71,000 टन प्याज खरीदा है। यह मूल्य स्थिरीकरण के लिए पांच लाख टन खरीद के कुल लक्ष्य में शामिल है। सरकार को उम्मीद है कि देश के अधिकांश भागों में मानसून की प्रगति के साथ खुदरा कीमतों में कमी आएगी। उपभोक्ता मामलों के विभाग द्वारा जुटाए गए आंकड़ों के अनुसार, शुक्रवार को देशभर में औसत प्याज खुदरा मूल्य 38.67 रुपये प्रति किलोग्राम था, जबकि मॉडल मूल्य 40 रुपये प्रति किलोग्राम था। उपभोक्ता मामलों के विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि 20 जून तक केंद्र ने 70,987 टन प्याज खरीदा है जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में 74,071 टन प्याज खरीदा गया था।

# उर्वरक क्षेत्र के लिए हरित अमोनिया का आवंटन बढ़कर 7.5 लाख टन प्रति वर्ष



**एजेंसी। नई दिल्ली**
देश में ग्रीन हाइड्रोजन और इसके उत्पाद की बढ़ती मांग को देखते हुए नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (एमएनआरई) ने हरित अमोनिया का आवंटन 5.5 लाख टन प्रति वर्ष से बढ़ाकर 7.5 लाख टन प्रति वर्ष कर दिया है। एमएनआरई ने शनिवार (22 जून) को एक जारी बयान में यह जानकारी दी। एमएनआरई के मुताबिक अब तक ग्रीन अमोनिया की उपलब्ध क्षमता 5,50,000 टन प्रति वर्ष थी। इसके बाद सोलर एनर्जी कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एसईसीआई) ने भी लागत आधारित प्रतिस्पर्धी बोली प्रक्रिया के माध्यम से ग्रीन अमोनिया उत्पादकों के चयन हेतु अनुरोध किया था। मिशन के कार्यान्वयन की गति तेज होने के साथ ही विभिन्न क्षेत्रों से ग्रीन हाइड्रोजन और इसके डेरिवेटिव की मांग भी बढ़ी। ऐसे में एमएनआरई द्वारा उर्वरक क्षेत्र से ग्रीन अमोनिया की मांग में वृद्धि के क्रम में आवंटन में 2 लाख टन प्रति वर्ष की वृद्धि करने का निर्णय लिया गया। एमएनआरई के मुताबिक राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन 04 जनवरी 2023 को वित्त वर्ष 2029-30 तक 19,744 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ शुरू किया गया था। यह स्वच्छ ऊर्जा के माध्यम से आत्मनिर्भर बनने के भारत के लक्ष्य में योगदान देगा और वैश्विक स्वच्छ ऊर्जा की उपलब्धता के लिए प्रेरणा का काम करेगा।

# शेख हसीना ने भारतीय कंपनियों को निवेश के लिए आमंत्रित किया



**एजेंसी। नई दिल्ली**
बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने भारतीय कंपनियों को देश के विशेष आर्थिक क्षेत्रों (एसईजेड) में निवेश करने के लिए आमंत्रित किया है। उन्होंने द्विपक्षीय आर्थिक सहयोग की अपार संभावनाओं पर प्रकाश डाला है। हसीना ने शुक्रवार को भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत और बांग्लादेश, दोनों को कारोबार क्षेत्र में मिलकर काम करना चाहिए। हसीना ने कहा, पूरे भारत में बहुत बड़ा बाजार है, इसलिए दोनों देश मिलकर काम कर सकते हैं और अपने अनुभव साझा कर सकते हैं। व्यापार करने का अच्छा अवसर है। उन्होंने कहा कि लोगों की जरूरतों को पूरा करने के लिए भारत के साथ मिलकर काम करने को अत्यधिक महत्व दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री हसीना ने कहा कि वह बांग्लादेश की अर्थव्यवस्था को और अधिक मजबूत और टिकाऊ बनाना चाहती हैं।

## एक नजर

### भ्रष्टाचार,मनमानी का आडा बना नौडीहा ब्लॉक

**नौडीहा बाजार।** प्रखंड ब्लॉक परिसर में हल्का कर्मचारी,अंचल बड़ा बाबू के द्वारा जमीनी मामला के सापेक्ष में भ्रष्टाचार व मनमानी किया जा रहा है।बता दे की भूमि से जुड़े ऐसा एक मामला सामने आया है।जो की प्रखंड के अंतर्गत पंचायत नावांटांड़ ग्राम हरिना निवासी 65 वर्षीय वृद्ध पूर्व शिक्षक जानकी यादव ने नौडीहा ब्लॉक में हल्का कर्मचारी सह ब्लॉक के बड़ा बाबू पर भ्रष्टाचारी, मनमानी करने का कर्मी पर आरोप लगाया है।उन्होंने कहा कि कई महीनो सालो पहले से पैसा देने के बावजूद जमीन का म्यूटेशन नही हो पा रहा है।अपना मनमानी भ्रष्टाचार का प्रकोप बलॉक में अड्डा बना लिए है। जानकी यादव ने बताया कि म्यूटेशन ऑनलाइन करने के नाम पर पैसा पहले वसूली कर लिया जाता है।और फिर म्यूटेशन अपील फॉर्म जमा ले लिया जाता है।

### छात्र छात्रों के बीच साईकिल का किया वितरण

**बारियातू।** प्रखण्ड कार्यालय परिसर मे शिक्षा विभाग के सौजन्य सें उन्नति के पहिया योजना अंतर्गत अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग के कक्षा 8 के छात्र छात्रों को बिच 95 साईकिल का वितरण किया गया। वितरण के पूर्व जिला परिषद सदस्य रमेश राम,प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी, बीडीओ सह सीओ नंद कुमार राम एमआईएस प्रखंड समन्वयक नीतीश कुमार ने संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्वलित किया। साईकिल वितरण के पूर्व जिला परिषद सदस्य व प्रखंड प्रमुख ने उपस्थित छात्र छात्राओं को उज्ज्वल भविष्य की कामना किया। वहीं बीडीओ सह सीओ नंद कुमार ने छात्रों को कहा की आप सबों को विद्यालय जाने की सुविधा के लिए साईकिल दिया जा रहा है। मै भी एक समय छात्र था।

### एक ही रात पांच दुकानों मे चोरी

**मेदिनीनगर।** उंटारीरोड थाना क्षेत्र में शुक्रवार की रात पांडेपुरा के गया मोड़ पर सीएसपी सहित पांच दुकानों मे चोरी हुई। गया मोड़ पर छोटे बड़े पांच दुकानों को चोरों ने निशाना बनाया। चोरों ने गया मोड़ सीएसपी संचालक रमाशंकर गुप्ता के यहां से लैपटॉप और प्रिंटर की चोरी की। सुमन गुप्ता, धीरेन्द्र कुमार माली और लाला साव के सभी पांच दुकानों में लगभग पचास हजार रुपये के सामान की चोरी कर ली। सभी दुकानदार जब सुबह अपने दुकान पर आये तो देखा कि दुकान का ताला टूटा हुआ है। जल्द ही चोरी की घटना की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही घटनास्थल पर एएसआई मनोज कुमार सिंह पहुंचे और सभी पांचों दुकान मालिकों से पूछताछ कर जांच मे जुट गये। सभी भुक्तभोगी ने थाने मे लिखित आवेदन देकर जांच की गुहार लगाई है।

# पिकअप चालक को दूसरे पिकअप वैन ने रौंदा, ढाई घंटे तक सड़क जाम

**नवीन मेल संवाददाता। पलामू**

जिले के सतबरवा थाना क्षेत्र के जोड़ा गांव में पिकअप वैन रोककर व्यवसायियों को उतार रहे चालक 32 वर्षीय विरेन्द्र प्रसाद को पीछे से आए दूसरे पिकअप वाहन ने रौंदा दिया, जिससे उसकी दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद मौके से भाग रहे हैं पिकअप वाहन को पुलिस ने खदेड़कर जप्त किया। चालक को हिरासत में लेकर थाना ले आयी। शनिवार को चालक की डेड बॉडी का पोस्टमार्टम एमआरएमसीएच में कराया गया। घटना शुक्रवार रात 9 बजे की है। पोस्टमार्टम कराने के बाद ग्रामीणों ने रांची रोड में दुलसुलमा के पास एनएच 39 को जाम कर दिया। सतबरवा अंचल में वाचन निरीक्षण के दौरान उपायुक्त पलामू शशि रंजन को जाम होने की जानकारी मिली। उन्होंने अंचल अधिकारी कृष्ण मुरारी तिर्की को जाम स्थल पर भेजा। सीओ, थाना प्रभारी अंचित कुमार के अलावा प्रदेश भाजपा महामंत्री मनोज सिंह ने ढाई घंटे बाद जाम समाप्त कराया। इस दौरान दोनों ओर दो किमी लंबी छोटे बड़े वाहनों की कतार लगी रही। सीओ ने बताया कि पारिवारिक लाभ योजना तथा अन्य योजनाओं के बारे में लिखित आश्वासन देने के बाद जाम समाप्त कराया गया। जाम के दौरान महिलाएं काफी उग्र थी। योजनाओं में पैसे लेने का आरोप तथा अन्य तरह के कई गंभीर आरोप अधिकारी-पदाधिकारी तथा जनप्रतिनिधियों पर भी लगाए। मृत युवक रांची रोड ग्राम दुलसुलमा का निवासी था। पत्नी जेएसएलपीएस में क्लस्टर अध्यक्ष है। बताया जाता है कि लातेहार के मनिका बाजार कराने के बाद रांची रोड एनएच 39 पर जोड़ा गांव में पिकअप वैन रोककर चालक वीरेंद्र प्रसाद (32) पिता राजा साव व्यवसाईयों को उतार रहा था। इसी क्रम में पीछे से आए दूसरे पिकअप वैन ने उसे रौंद डाला, जिससे पिकअप वैन के डाला और पीछे से आ रहे वैन के चेचिस में चालक फंस गया। धक्के के बाद 20 मीटर के करीब वैन अनियंत्रित होकर ढलान में ढल गया था। चालक के बगल में बैठे युवक ने वाहन की स्टेरिंग नियंत्रित करके ब्रेक लगाकर गाड़ी को रोका। घायल अवस्था में वीरेंद्र को तुंबागड़ा नवजीवन अस्पताल ले जाया गया। 4 घंटे तक वेंटिलेटर पर इलाज चलने के बाद उसने दम तोड़ दिया। इस दौरान पीछे से धक्का मारने के बाद चालक पिकअप वैन को लेकर डालटनगंज की ओर फरार हो गया, लेकिन पुलिस ने पीछा करके चालक को पकड़ा एवं वैन को जब्त कर लिया।



### जनता पूरी तरह से जागरूक हो चुकी है : मिथिलेश ठाकुर

**गढ़वा।** गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के बेलचंपा पंचायत अंतर्गत नावाडीह भुइयां टोली में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा एवं राजद छोड़कर 200 से अधिक लोग झारखंड मुक्ति मोर्चा में शामिल हो गए। गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता व उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने सभी को माला व पार्टी का पट्टा पहना कर पार्टी में शामिल किया। पार्टी में शामिल होने वाले सभी लोगों ने तन मन से पार्टी की सेवा करने तथा पार्टी की नीति और सिद्धांतों को आगे बढ़ने का संकल्प लिया। कमालु खान के नेतृत्व में सभी ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। पार्टी में शामिल होने वालों में मुख्य रूप से आनंद सिंह, डॉ असलम अंसारी, उपेंद्र सिंह, सत्येंद्र सिंह, झोटन भुईयां, जिनोद अंसारी, अनुग्रह सिंह, नरेश राम, जितेंद्र शर्मा सहित 200 से अधिक लोगों का नाम शामिल है।

# दो वर्ष बाद भी मुरुमातू के महादलितों को नहीं बसाया गया : राधाकृष्ण किशोर

**नवीन मेल संवाददाता**

**पलामू।** जिले के पांडु थाना क्षेत्र के मुरूमातु गांव के महादलित मुसहर परिवार को अभी तक पुनर्वासित नहीं किया जा चुका है। तत्कालीन प्रखंड विकास पदाधिकारी के अनुसार विगत पांच वर्षों से मुसहर परिवार के सदस्य मुरूमातु गांव के खाता सं.-44, प्लॉट सं.-437 में मकान बनाकर रहते आ रहे थे। 29 अगस्त 2022 को कुछ असामाजिक तत्वों के द्वारा उनके कच्चे मकान को ढ़ाह कर परिवार के लोगों को जबरन गाड़ी में बैठाकर लोटो जंगल में छोड़ दिया गया था। असामाजिक तत्वों का यह अमानवीय कृत्य था। उक्त बातें पूर्व विधायक राधाकृष्ण किशोर ने कही। शनिवार को पत्रकारों से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अंचल अधिकारी के प्रतिवेदन के अनुसार मुरूमातु थाना नं.-595, खाता सं.-44, प्लॉट सं.-437 किसी के नाम से बंदोबस्त नहीं है। ऐसी परिस्थिति में मुसहर परिवार के लोग जब पिछले पांच वर्षों से मकान बनाकर रहते आ रहे थे, तब पांडू प्रशासन के पदाधिकारियों के द्वारा समाज के अत्यंत पिछड़ा वर्ग मुसहर जाति के लोगों के लिए उक्त प्लॉट की बंदोबस्ती क्यों नहीं की गयी? तत्कालीन पांडु प्रशासनिक पदाधिकारियों ने यह भी जानने की कोशिश नहीं की कि भूमिहीन मुसहर परिवार के लोग किस अवस्था में रह रहे हैं। यदि वे भूमिहीन थे तो उनके लिए सुयोग स्थान पर सरकारी भूमि उपलब्ध कराकर उन्हें पुनर्वासित करने की जिम्मेवारी पांडु प्रशासन के पदाधिकारियों की थी। झारखंड सरकार का यह संकल्प भी है कि राज्य के भूमिहीन व्यक्तियों के लिए आवास एवं खेती के लिए जमीन उपलब्ध कराया जाये। सरकार के उक्त संकल्प के क्रियान्वयन में पांडु के तत्कालीन संबंधित पदाधिकारी बाधक प्रमाणित हुए हैं। मेरे दृष्टिकोण से सरकारी संकल्प के क्रियान्वयन के बाधक प्रशासनिक पदाधिकारियों के विरूद्ध कार्रवाई की आवश्यकता होनी चाहिए।



# ग्रीन कार्ड व आधार कार्ड सीडिंग के लिए 24 से 10 जुलाई तक लगेगा शिविर

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** जिले के सभी पंचायतों में ग्रीन कार्ड इश्यू करने और आधार कार्ड सीडिंग करने को लेकर 24 जून से 10 जुलाई तक शिविरों का आयोजन किया जायेगा। इसकी जानकारी जिला आपूर्ति पदाधिकारी रश्मि लकड़ा ने दी। उन्होंने बताया कि उपायुक्त गरिमा सिंह की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गयी थी। इस बैठक में झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना के तहत छूटे हुए सुयोग्य लाभुकों को ग्रीन राशन कार्ड इश्यू करने और आधार कार्ड सीडिंग करने का निर्णय लिया गया था। ताकि विभाग से प्राप्त लक्ष्य के अनुरूप ग्रीन कार्ड इश्यू किया जा सके। उन्होंने बताया कि शिविर में आयुष्मान कार्डधारियों का ई-केवाईसी भी किया जायेगा। 24 जून को लातेहार के परसही व बेंदी, चंदवा के चंदवा पूर्वी व चंदवा पश्चिम, हेरहंज के सलैया व हेरहंज, मनिका के मनिका, बरवाडीह के केचकी व पोखरी कला, बालुमाथ के झाबर व बालुमाथ, बारियातू के बारियातू व साल्वे और महुआडांड़ प्रखंड के अक्शी व चैनपुर पंचायत में शिविर का आयोजन किया जायेगा। उन्होंने इन शिविरों में भाग लेने की अपील की है।



*आपके आधार नंबर को व आवश्यक सेवाओं जैसे आपके बैंक खाते, मोबाइल नंबर और पैन कार्ड से जोड़ने की प्रक्रिया को आधार सीडिंग कहते हैं।*

# आजसू पार्टी का स्थापना दिवस सह बलिदान कार्यक्रम का आयोजन




**नवीन मेल संवाददाता**

**बरवाडीह ।** प्रखंड के सामुदायिक भवन में शनिवार को मनिका विधानसभा स्तरीय आजसू पार्टी का 73वां पार्टी का स्थापना दिवस सह बलिदान दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम के अध्यक्षता आजसू प्रखंड अध्यक्ष ललन पुरी ने किया एवं सभा का संचालन आजसू पार्टी के जिला सचिव सह मनिका विधानसभा प्रभारी वीरेंद्र ठाकुर ने किया मौके पर उपस्थित युवा मोर्चा के रुपेश कुमार,अंकित कुमार,अवध प्रसाद, अजित कुमार आदि वक्ताओं ने कहा कि आज 22 जून 1986 में जो झारखंड स्टूडेंट यूनियन आजसू पार्टी का गठन किया गया था।जो छात्र संगठन बनाकर पूरे राज्य में झारखंड अलग राज्य के निर्माण को लेकर अपनी अहम भूमिका निभाते हुई अलग राज्य गठन करवाया था । जिसमें आजसू पार्टी पूरे राज्य में छात्र नौजवानों को संगठित होने व एकजुटता के करना सफल हो पाया था। वक्ताओं ने कहा किअलग झारखंड राज बना लेकिन जो उद्देश्य झारखंड अलग राज्य का निर्माण कोंलेकर कराया गया था। यहां के नौजवानों को इस प्रदेश में रहकर अपना हक और अधिकार मिलेगा लेकिन आज भी झारखंडी जनमानस अपना हक और अधिकार से महरूम है। आज बलिदान दिवस पर हम सब युवा आजसू फिर से कमर कसकर आर पार की लड़ाई लड़ने के लिए तैयार हो रहे हैं। आजसू स्थापना दिवस में युवाओं ने संकल्प लिया कि शिक्षा रोजगार के लिए अपना आंदोलन जारी रखेंगे। बैठक में आजसू पार्टी वरिष्ठ नेता विनय कुमार चंदेल रामनरेश सिंह, मकसूद आलम, निजाम खान ,अली हुसैन, रमेश यादव, योगेश्वर राम ,पवन कुमार, बिरेंद्र पासवान, अवधेश प्रसाद ,अजीत कुमार, दिनेश सिंह, गोला बोदरा, उदय बोदरा, हरेंद्र प्रसाद, कैलाशतूरी ,डोली देवी ,कीर्ति देवी, प्रमिला देवी, सुनीता देवी, सरिता देवी, पार्वती देबी, लक्ष्मी देवी समेत काफी संख्या में आजसू पार्टी के नेता और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# एसीबी के अनुसंधान में एक दशक से अधूरी है पलामू के नक्सल प्रभावित इलाकों की 17 सड़कें

**नवीन मेल संवाददाता**

**पलामू।** एंटी करप्शन ब्यूरो की जांच के कारण पिछले एक दशक से पलामू के नक्सल प्रभावित इलाकों की 17 सड़कें अधूरी पड़ी हैं। सड़कों का निर्माण नहीं होने के कारण ग्रामीणों के लिए आफत बन गई है। सभी सड़कों से 140 से भी अधिक गांवों को जोड़ती है। सबसे अधिक सड़क पाटन में 9, उसके बाद छतरपुर एवं चैनपुर में तीन-तीन एवं विश्रामपुर प्रखंड क्षेत्र में 2 सड़कें शामिल हैं। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत 17 रोड का निर्माण कार्य चल रहा था। रोड के निर्माण में गड़बड़ी पकड़ी गई थी और लागत से अधिक निर्माण कार्य का भुगतान किया गया था। मामले में 2014 में पलामू के पाटन, छतरपुर बिश्रामपुर और चैनपुर थाना में अलग-अलग 11 एफआईआर दर्ज की गई थी। बाद में सरकार ने सभी एफआईआर को 2017 में एसीबी जांच के लिए अनुशंसा की गई थी। 2017 में एसीबी ने सभी 11 एफआईआर को टेकओवर किया था और जांच शुरू की थी। पलामू के पाटन के कांके से सुठा रोड 1.19 करोड़, ब्रहमोरिया से नावाडीह रोड में 4.61 करोड़, बिटी रोड से कवल 74.46 लाख, छतरपुर के टीओपी से डागरा रोड 3.75 करोड़, पाटन पड़वा रोड 1.10 करोड़, मायापुर नावाडीह रोड 77.31 लाख, बिरजा से जमडीहा 46.83 लाख, गोदरमा से नावागढ़ 53 लाख, रामगढ़ से दिनाबार 3.39 करोड़, बरांव से ओड़नार 42.83 लाख, बिटी रोड गम्हरिया 9.12 लाख रुपए लागत से अधिक भुगतान किया गया था। इसके अलावा सिक्की कला से सिक्की खुर्द, गहरपथरा रोड नया, महुलिया रोड, पकरी राजहरा रोड, मानआहर से मझिआव रोड में गड़बड़ी पकड़ी गई थी। पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने पूरे मामले में राज्य के मुख्य सचिव को पत्र लिखा है। इस पत्र के माध्यम से पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने दोषियों के खिलाफ अनुसंधान जारी रखने के साथ-साथ अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी करने का आग्रह किया है।



*सांसद विष्णु दयाल राम ने मुख्य सचिव को लिखा पत्र*

# छात्र संगठनों ने नीलांबर विवि की परीक्षाएं रद्द करने पर जताया विरोध, फूंका पुतला

**नवीन मेल संवाददाता**

**पलामू।** भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन एवं झामुमो छात्र मोर्चा ने संयुक्त रूप से शनिवार को नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय का घेराव किया एवं परीक्षा नियंत्रक का पुतला फूंका। छात्र संगठनों ने आरोप लगाया कि परीक्षा नियंत्रक की मनमानी के कारण हजारों छात्रों का भविष्य अंधकार में चला गया है। छात्र संगठनों का कहना था कि जेनेरिक की परीक्षा, सेमेस्टर-1, बैकलॉग समेत 8 परीक्षाएं रद्द कर दी गईं, जो 24 तारीख से होनी थीं। इससे छात्रों में भारी आक्रोश है। जेनेरिक की परीक्षा देने काफी दूर दराज से छात्र-छात्राएं शहर में पहुंचे हैं। उन्हें परीक्षा स्थगित होने की सूचना प्राप्त हुई। एनएसयूआई जिला अध्यक्ष परीक्षा नियंत्रक से मिलना चाहा लेकिन वे विभाग से गायब थे। कुलसचिव से मिलने पर उन्होंने कहा कि छात्र-छात्राओं के परीक्षा संबंधित विषयों की जवाबदेही मेरी नहीं है। इसके बाद एनएसयूआई ने विश्वविद्यालय के मुख्य गेट पर छात्रहित में नारेबाजी शुरू कर दी। इसकी सूचना पाकर विश्वविद्यालय के कुलानुशासक ने पुलिस बल के सहयोग से छात्रों को हटाने का प्रयास किया लेकिन उग्र छात्र परीक्षा नियंत्रक से मिलने की मांग पड़े रहे। घंटों इंतजार करने पर परीक्षा नियंत्रक विश्वविद्यालय पहुंचे। वे परीक्षा संबंधित किसी भी जानकारी को देने में असमर्थ रहे और वापस चले गए। झामुमो छात्र मोर्चा के जिला अध्यक्ष कौशल किशोर ने कहा कि परीक्षा नियंत्रक 12 साल से कंप्यूटर सेंटर इंचार्ज एवं एक वर्ष से परीक्षा नियंत्रक समेत दो पोस्ट को अकेले ही संभाल रहे हैं। अब उनको आराम करने की जरूरत है। यूजी सेमेस्टर-1 का एग्जाम कैंसिल करना उनकी विफलता को दशार्ता है। इस दौरान मुख्य रूप से पूर्व एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष एवं झारखंड युवा कांग्रेस के महासचिव अभिषेक तिवारी मौजूद थे।



# रेलवे सेवाएं व छात्रावास जीएसटी से मुक्त



**एजेंसी। नई दिल्ली**

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में शनिवार को जीएसटी परिषद की बैठक में भारतीय रेलवे द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं को जीएसटी से मुक्त करने का निर्णय लिया गया। परिषद की बैठक के बाद मीडिया को संबोधित करते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि रेलवे टिकट की खरीद और वेटिंग रूम तथा क्लॉक रूम शुल्क के भुगतान को जीएसटी से मुक्त कर दिया गया है। इसी तरह, बैटरी से चलने वाले वाहनों और अंतर-रेलवे सेवाओं जैसी सेवाओं पर कोई जीएसटी नहीं लगाया जाएगा। परिषद ने शैक्षणिक संस्थानों के बाहर स्थित छात्रों के छात्रावासों के शुल्क पर भी जीएसटी से छूट देने का निर्णय लिया है। यह छूट समुदायों द्वारा संचालित छात्रावासों को भी दी जाएगी। लेकिन, शर्त यह होगी कि शुल्क की ऊपरी सीमा 20 हजार रुपये प्रति व्यक्ति प्रति माह होगी और छात्र को छात्रावास में लगातार 90 दिनों तक रहना होगा। उन्होंने कहा कि यह शर्त होटलों को छूट का लाभ उठाने से रोकने के लिए पेश की गई है। वित्त मंत्री ने स्पष्ट किया कि शिक्षण संस्थानों में स्थित छात्रावासों को पहले से ही जीएसटी से छूट दी गई है।

## न्यूज बॉक्स

### ज्वेलर्स दुकान से लुटरों ने 4 लाख का ज्वेरात लुटा

**छतरपुर/ पलामू।** अज्ञात लुटरों ने लगभग 4 लाख का ज्वेरात लुटा ।अयांश फैंसी ज्वेलर्स दुकान के मालिक चंदन कुमार सोनी ने बताया कि अपने दुकान छतरपुर नगर पंचायत क्षेत्र के शंकर साव के मकान मदनपुर में दुकान है। जपला छतरपुर- मुख्यपथ से शाम को लगभग 7 बजे छतरपुर अपने रूम पर जा रहा था कि ऊंटवानाला के समीप जैसे पहुचे वैसे ही पीछे से होंडा साइन बाइक से तीन लुटरे आये और पिस्टल निकाल कर कनपटी में सटा कर पहले बाइक का चाभी छिना मोबाइल छिना और बैग में रखे 60 ग्राम सोना,3 केजी चांदी को छीन कर पीछे ही जपला रोड भाग निकला भुक्तभोगी ने बाइक को पैदल ही लेकर छतरपुर में पहुचा और छतरपुर थाना को सूचना दिया सूचना मिलते ही छतरपुर थाना के एसआई राहुल कुमार और एक और पुलिस की टीम ने पीछा किया लेकिन लुटेरों को कुछ पता नही चल पाया राहुल कुमार ने बताया कि दुकान दार का मोबाइल जो छीन लिया था उसके लेकेशन से छतरपुर उदयगढ़ मोड़ उसके बाद कुछ और आगे तक बताया लेकेशन के आधार पर पीछा किया गया।

### टोंगरी क्रिकेट क्लब के द्वारा में चल रहे नाइट टूनार्मेंट का हुआ समापन

**लातेहार।** नाइट क्रिकेट टूनार्मेंट टोंगरी क्रिकेट क्लब के तत्वधान में खेलाए जा रहे नाइट क्रिकेट टूनार्मेंट का समापन शुक्रवार की रात्रि में फाइनल मैच का मुकाबला सरीक 11 (अम्वाटिकर) बनाम कजरिया 11 (करकट) के बीच मैच खेला कर किया गया। जिसमें कजरिया 11 ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 12 ओवर में 165 रन बनाए जिसमें कजरिया की ओर गोलू ने सर्वाधिक 89 रन की पारी खेली 166 रन का पीछा करने उतरी सारिक 11 की टीम निर्धारित12 ओवर में 132 रन ही बना सकी। इसी के साथ कजरीया11 फाइनल मैच अपने नाम किया।इस समापन मैच के मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक प्रकाश राम उपस्थित थे। जिन्हें गौरव दास ने अंगवस्त्र व पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया।

## पेज एक के शेष

### बिहार पुलिस ने ...

इनकी क्या भूमिका है, इस बारे में फिलहाल आधिकारिक तौर पर कोई जानकारी नहीं दी गई है। ईओयू की अब तक की जांच में पेपर लीक के मास्टरमाइंड के रूप में सिकंदर यादवेंदु नामक जिस व्यक्ति का नाम सामने आया है, वह लंबे समय तक रांची में रहकर ठेकेदारी करता था। रांची स्थित मेडिकल कॉलेज रिम्स के एक कॉटेज में वह अनधिकृत तरीके से रहता था। उसने रिम्स में भी मेंटिनेंस और रिपेयरिंग के छोटे-मोटे काम ठेकेदारी पर कराए थे। उसने कोई डिप्लोमा कोर्स कर रखा था और बाद में वह किसी तरह बिहार के दानापुर नगर परिषद में जूनियर इंजीनियर के तौर पर बहाल हो गया, लेकिन रांची में उसके कनेक्शन बरकरार रहे।

सूत्रों के मुताबिक, सिकंदर ने रांची और हजारीबाग में सॉल्वर गैंग का नेटवर्क बना रखा था। लीक हुए पेपर इसी गैंग के लोगों ने सॉल्व कर व्हाट्सएप पर भेजे और इसके बाद चुनिंदा परीक्षार्थियों को उत्तर रटवाए गए। बताया जा रहा है कि व्हाट्सएप के जिन नंबरों से पेपर और उनके जवाब का आदान-प्रदान किया गया, उनके सिम फर्जी नाम से खरीदे गए थे। काम होने के बाद सभी सिम नष्ट कर दिए गए। मालूम हो कि नीट यूजी मामले में झारखंड पुलिस ने ही बिहार पुलिस पहला लीड दिया था।

### एनटीए महानिदेशक सुबोध कुमार.....

मजबूत करने के लिए समिति एनटीए के मौजूदा डाटा सुरक्षा प्रक्रियाओं और प्रोटोकॉल का आकलन कर उसमें सुधार के लिए सुझाव देगी। प्रश्न पत्र तैयार करने और परीक्षा की अन्य प्रक्रियाओं से जुड़े सुरक्षा प्रोटोकॉल की भी वह जांच करेगी तथा सुझाव देगी। समिति एनटीए के संगठनात्मक ढांचे में बदलाव पर भी अपने सुझाव देगी ताकि डाटा सुरक्षा और परीक्षा प्रक्रियाओं में सुझाए गये सुधारों को लागू किया जा सके।

### एंटी पेपर लीक कानून ...

का अपराध करने पर एक करोड़ रुपये तक के जुर्माने का प्रावधान है। नीट पेपर लीक और यूजीसी-नेट परीक्षा कैंसिल होने को लेकर देशभर में हंगामा है। इस बीच सरकार ने बड़ा फैसला लेते हुए पेपर लीक रोकने के लिए कड़े कानून को लागू कर दिया है। केंद्र सरकार ने 'लोक परीक्षा कानून 2024' अधिसूचित किया है। इस कानून का मकसद प्रतियोगी परीक्षाओं के पेपर लीक और नकल को रोकना है। इसके तहत 15 गतिविधियों को चिन्हित किया गया है, जिनमें से किसी में भी शामिल होने पर जेल जाने या बैन होने या भारी भरकम जुर्माने की सजा मिल सकती है। पेपर लीक कानून के दायरे में वे सभी परीक्षाएं हैं जिन्हें सार्वजनिक परीक्षा निकाय आयोजित करते हैं या फिर ऐसे संस्थान आयोजित करते हैं जो केंद्र सरकार से मान्यता प्राप्त हैं। इसमें कई बड़ी परीक्षाएं शाामिल हैं। कानून के दायरे में यूपीएससी, एसएससी, रेलवे की प्रतियोगी परीक्षा, बैंकिंग भर्ती परीक्षा और राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) द्वारा आयोजित की जाने वाली सभी कम्प्यूटर आधारित परीक्षाएं शामिल हैं।

### लातेहार में दूषित पानी ...

की जानकारी उन्हें शिक्षकों से मिली। शिक्षकों ने बताया कि बच्चों के द्वारा जब यह बताया गया कि पानी में बदबू है तो शिक्षक पानी की टंकी की जांच की। टंकी में कुछ सफेद रंग का पदार्थ पड़ा हुआ था। उन्होंने कहा कि हो सकता है कि किसी शरारती तत्व ने कोई पदार्थ पानी में मिला दिया हो। उन्होंने प्रशासन से मांग किया कि पूरे मामले की जांच की जाए और दोषी पर कार्रवाई की जाए।

### दुमका में हाईटेंशन तार के...

दुमका द्वारा सूचना मिली कि एक बस में आग लग गई है। सूचना मिलने के बाद दमकल की दो गाड़ियां लेकर मौके पर पहुंचे और आग बुझाया। उन्होंने बताया कि जब वह मौके पर पहुंचे तो बिजली का तार बस के पास था, जिसके पता चलता है कि आग इसी वजह से लगी होगी।

### केंद्रीय कर्मचारियों ने...

कर्मियों को आने वाले बजट से बहुत उम्मीदें हैं। कर्मचारियों की मांगों में सबसे ऊपर 'पुरानी पेंशन बहाली' है। मिश्रा ने कहा, ओपीएस केवल एक पेंशन नहीं है, अपितु ये सामाजिक सुरक्षा का जरिया है। एनपीएस ने सरकारी कर्मियों के सामाजिक और आर्थिक सुरक्षा चक्र को तोड़ दिया है। तीन दशक की नौकरी के बाद जब कोई कर्मचारी, एनपीएस में रिटायर होता है तो उसे महज चार-पांच हजार रुपये बतौर पेंशन मिलते हैं। दूसरी मांग, 'आठवें वेतन आयोग का गठन' है। सातवां वेतन आयोग पहली जनवरी 2016 में लागू हुआ था। इससे पहले हर दस वर्ष में वेतन आयोग गठित होते रहे हैं। अब डीए 50 फीसदी के पार चला गया है।

### सातवीं बार सांसद बने...

यदि गैप हटा दें और अनुभव को लें तो आठ बार लोकसभा सांसद होने के कारण प्रोटेम स्पीकर के लिए के. सुरेश का पलड़ा भर्तृहरि से भारी ही नजर आता है। वहीं, भर्तृहरि महताब केवल 7 बार ही संसद के लिए चुने गए हैं। लेकिन भर्तृहरि महताब ने लोकसभा के सदस्य के रूप में अपने 7 कार्यकाल लगातार पूरे कर लिए हैं। वहीं, सुरेश 8 बार के सांसद तो रहें हैं लेकिन 1998 से लेकर 2004 तक वह लोकसभा सांसद नहीं थे। इसे आधार बनाकर भाजपा ने उनको प्रोटेम स्पीकर नहीं बनने दिया।




## ब्रिफ न्यूज

### पाकिस्तान में आतंकवादी हमले में पांच सैनिकों की मौत



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में आतंकवादी हमला हुआ जिसमें पांच पाकिस्तानी सैनिक मारे गए। पाकिस्तानी सेना की मीडिया विंग इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस ने बताया कि आतंकियों ने कुर्रम जिले में सुरक्षाबलों के एक वाहन पर विस्फोट किया। हमले में पांच सैनिकों की मौत हो गई। समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने बयान के हवाले से बताया कि इन सैनिकों की उम्र 24 से 33 वर्ष के बीच है। अभी तक किसी भी समूह ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है।

### छोटा शकील के साले की मुंबई के अस्पताल में मौत



**मुंबई।** टेरर फंडिंग के आरोपी आरिफ अबूबकर शेख उर्फ आरिफ भाईजान की शनिवार को मुंबई के सरकारी अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। एडवोकेट एमबी शेख ने बताया कि आरोपी आरिफ अबूबकर शेख को सांस लेने में तकलीफ के बाद शुक्रवार देर रात सर जेजे अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। वह, भगोड़े गैंगस्टर छोटा शकील का साला था।

### अय्याना पात्रुडू सर्वसम्मति से चुने गए आंध्र प्रदेश विस के स्पीकर

**अमरावती।** वरिष्ठ टीडीपी नेता और पूर्व मंत्री चिंताकयाला अय्याना पात्रुडू को शनिवार को सर्वसम्मति से आंध्र प्रदेश विधानसभा का स्पीकर चुन लिया गया। इस पद के लिए केवल पात्रुडू का ही नाम था। प्रोटेम स्पीकर जी. बुचैया चौधरी ने उनके सर्वसम्मति से चुने जाने की घोषणा की। टीडीपी और उसके गठबंधन सहयोगी जन सेना और भाजपा के विधायकों ने पात्रुडू का स्वागत किया।




### कोलोराडो के स्टेट पार्क में गोलीबारी में दो लोगों की मौत

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिका के कोलोराडो राज्य के एक पार्क में गोलीबारी में दो लोगों की जान चली गई। कोलोराडो के अधिकारियों ने ये जानकारी दी है। कोलोराडो पार्क एंड वाइल्डलाइफ ने बताया कि यह घटना पुएब्लो काउंटी में लेक पुएब्लो स्टेट पार्क के सेलबोर्ड बीच क्षेत्र में आधी रात के बाद हुई। कुछ लोग मछली पकड़ रहे थे, उसी दौरान गोलीबारी हुई। कोलोराडो पार्क्स एंड वाइल्डलाइफ को स्थानीय समयानुसार शुक्रवार सुबह फोन पर मदद के लिए कॉल आई, जिसके बाद पुलिस वहां पहुंची।

### पांच दिवसीय दौरे पर 25 को आएंगे लखनऊ संघ के सरकार्यवाह होसबाले



**लखनऊ।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले पांच दिवसीय दौरे पर 25 जून को लखनऊ पहुंचेंगे। इस दौरान वह निरालानगर के सरस्वती कुंज में संघ के पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र की बैठक में हिस्सा लेंगे। संघ के प्रचार विभाग के मुताबिक इस बैठक में पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र के चारों प्रांतों के प्रांत प्रचारक, सह प्रांत प्रचारक, सभी विभाग प्रचारक, सह विभाग प्रचारक, प्रांतीय टोली के सभी प्रचारकों और क्षेत्रीय कार्यकारिणी को आमंत्रित किया गया है।



पुरी। भगवान जगन्नाथ मंदिर की चतुर्धा मूर्ति (भगवान जगन्नाथ, भगवान बलभद्र, देवी सुभद्रा और सुदर्शन) की प्रतिमाएं देवा स्नान पूर्णिमा के अवसर पर भव्य स्नान अनुष्ठान के लिए स्नान मंडप में

# स्थिर और प्रगतिशील बांग्लादेश के लिए प्रतिबद्ध भारत : पीएम मोदी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को बंगबंधु के स्थिर, समृद्ध और प्रगतिशील बांग्लादेश के सपने को साकार करने के लिए भारत की प्रतिबद्धता दोहराई। इसके अलावा पीएम ने कहा कि नई दिल्ली ढाका के साथ अपने संबंधों को सर्वोच्च प्राथमिकता देना जारी रखेगी। पीएम मोदी ने नई दिल्ली स्थित हैदराबाद हाउस में बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना के साथ बातचीत के बाद कहा, बांग्लादेश भारत का सबसे बड़ा विकास साझेदार है। यह हमारी नेबरहुड फर्स्ट पॉलिसी, एक्ट ईस्ट पॉलिसी, विजन सागर और हिंद-प्रशांत विजन के संगम पर स्थित है। हमने मिलकर पिछले एक साल में अनेक महत्वपूर्ण जनकल्याणकारी परियोजनाएं पूरी की हैं। दोनों देशों के विकास साझेदारी, ऊर्जा, जल संसाधन, व्यापार, रक्षा सहयोग आदि समेत द्विपक्षीय सहयोग के विभिन्न क्षेत्रों पर चर्चा की गई।

पीएम मोदी ने कहा कि दोनों देशों ने नये क्षेत्रों में सहयोग के लिए भविष्योन्मुखी (फ्यूचरिस्टिक) विजन तैयार किया है। हरित साझेदारी, डिजिटल साझेदारी, ब्लू अर्थव्यवस्था और अंतरिक्ष जैसे क्षेत्रों में सहयोग पर बनी आम सहमति से दोनों देशों के युवाओं को लाभ होगा।

उन्होंने कहा, हम हिंद-प्रशांत महासागर पहल में शामिल होने के बांग्लादेश के फैसले का स्वागत करते हैं। हम बिम्सटेक समेत अन्य क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भी अपना सहयोग जारी रखेंगे। बता दें कि दोनों नेता 2019 से अब तक 10 बार एक-दूसरे से मिल चुके हैं। जिससे संबंधों में अभूतपूर्व परिवर्तन हुए हैं। इससे पहले, पीएम मोदी ने भारत में नई सरकार के गठन के बाद द्विपक्षीय राजकीय यात्रा पर आए पहले अतिथि के रूप में बांग्लादेश की प्रधानमंत्री का राष्ट्रपति भवन के परिसर में स्वागत किया।

प्रधानमंत्री शेख हसीना ने राजघाट जाकर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि भी अर्पित की। बांग्लादेश की पीएम का राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से भी मुलाकात करने का कार्यक्रम है। शेख हसीना उन अंतरराष्ट्रीय नेताओं में शामिल थीं, जिन्होंने इस महीने की शुरूआत में 9 जून को पीएम मोदी और केंद्रीय मंत्रिपरिषद के शपथ ग्रहण समारोह में हिस्सा लिया था।



### बांग्लादेश की प्रधानमंत्री ने राष्ट्रपति से की मुलाकात



**बांग्लादेश** की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने शनिवार को राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। प्रधानमंत्री शेख हसीना का स्वागत करते हुए राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि नई सरकार के शपथ ग्रहण समारोह के कुछ ही दिनों बाद उनसे फिर से मिलकर बेहद खुशी हुई। उन्होंने कहा कि ये नियमित बातचीत मित्रता और सहयोग की स्थायी भावना को दशार्ती है, जिसकी शुरूआत 1971 के बांग्लादेश के मुक्ति संग्राम की यात्रा से हुई थी। राष्ट्रपति मुर्मू को यह जानकर खुशी हुई कि प्रधानमंत्री शेख हसीना के नेतृत्व में बांग्लादेश ने उल्लेखनीय आर्थिक प्रगति की है। उन्होंने कहा कि भारत और बांग्लादेश विभिन्न क्षेत्रों में अपने सहयोग को मजबूत करने के लिए तेजी से आगे बढ़ रहे हैं और नए क्षेत्रों में भी प्रवेश कर रहे हैं।

### शाह ने आईजीआई एयरपोर्ट पर शुरू किया 'फास्ट ट्रैक इमीग्रेशन-ट्रस्टेड ट्रैवलर प्रोग्राम'

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शनिवार को नई दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे के टर्मिनल-3 पर 'फास्ट ट्रैक इमीग्रेशन- ट्रस्टेड ट्रैवलर प्रोग्राम' का उद्घाटन किया। इस अवसर पर केन्द्रीय गृह सचिव सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। केन्द्रीय गृह मंत्री शाह ने कहा कि 'फास्ट ट्रैक इमीग्रेशन-ट्रस्टेड ट्रैवलर प्रोग्राम' प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार की एक दूरदर्शी पहल है, जिसे भारतीय नागरिकों और ओसीआई कार्डधारकों के लिए बहुत सोचकर तैयार किया गया है। उन्होंने कहा कि यह पहल दूसरे देशों से आने वाले भारतीय नागरिकों व ओसीआई यात्रियों की सुविधा को बढ़ाएगी। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम की शुरूआत विकसित भारत@2047 के लिए तय किए गए प्रमुख कार्यबिंदुओं में से एक है और यह पहल सभी के लिए यात्रा सुविधा और दक्षता बढ़ाने की मोदी सरकार की कटिबद्धता को दशार्ती है। उन्होंने कहा कि ये सुविधा सभी यात्रियों के लिए निःशुल्क उपलब्ध होगी। इसे अंतरराष्ट्रीय यात्रियों के लिए तेज, सुगम और सुरक्षित आप्रवासन अनुमोदन के लिए तैयार किया गया है। यह ई-गेट्स पर चलेगा। इससे अप्रवासन मंजूरी की प्रक्रिया में मानवीय हस्तक्षेप कम होगा। शाह ने बताया कि इस कार्यक्रम को दो चरणों में लागू किया जाएगा। पहले चरण में, भारतीय नागरिकों और ओसीआई कार्डधारकों को कवर किया जाएगा और दूसरे चरण में विदेशी यात्रियों को कवर किया जाएगा।



### राजकोट गेमिंग जोन हादसा

## पीड़ितों के परिजनों से राहुल गांधी ने जूम कॉल पर बात की

एजेंसी



**नई दिल्ली।** बीते महीने 25 मई को गुजरात के राजकोट टीआरपी गेम जोन में भीषण आग लगने से 27 लोगों की जान चली गई थी। इस हादसे के करीब एक महीने बाद राहुल गांधी ने शनिवार को जूम कॉल के जरिए पीड़ित परिवार वालों से बातचीत की। कांग्रेस ने अपने ऑफिशियल सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर वीडियो भी शेयर किया है। इस बातचीत में राहुल ने पीड़ितों से कहा कि कांग्रेस पार्टी उनके साथ खड़ी है। इस बातचीत में गुजरात कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष शक्ति सिंह गोहिल भी जुड़े रहे। गुजरात कांग्रेस के विधायक जिगनेश मेवानी और लालजी देसाई पीड़ित परिजनों के साथ मौके पर मौजूद रहे। कांग्रेस ने वीडियो शेयर करते हुए लिखा, "आज जननायक राहुल ने गुजरात के राजकोट गेमिंग जोन में हुए भीषण हादसे के पीड़ितों से जूम कॉल पर बात की। राहुल ने आश्वासन दिया कि कांग्रेस पार्टी उनके साथ है। हम सरकार पर निष्पक्ष जांच और उचित मुआवजे के लिए दबाव बनाएंगे। इस बातचीत में गुजरात कांग्रेस के नेता भी शामिल रहे।" 2 मिनट 38 सेकंड के इस वीडियो में पीड़ित परिजनों ने राहुल को अपना दुख बयां किया।

## विशेषज्ञ समिति का गठन परीक्षा प्रक्रिया की दक्षता में सुधार की श्रृंखला में पहला कदम : शिक्षा मंत्री

एजेंसी



**नई दिल्ली।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने शिक्षा मंत्रालय द्वारा परीक्षाओं के संचालन की निगरानी के लिए गठित विशेषज्ञ समिति को परीक्षा प्रक्रिया की दक्षता में सुधार लाने के लिए उठाए गए कदमों की श्रृंखला में पहला कदम बताया है। केंद्रीय शिक्षा प्रधान ने एक्स पर पोस्ट में कहा कि पारदर्शी, छेड़छाड़ मुक्त और शून्य त्रुटि परीक्षाएं एक प्रतिबद्धता है। विशेषज्ञों की उच्च स्तरीय समिति का गठन परीक्षा प्रक्रिया की दक्षता में सुधार, सभी संभावित कदाचारों को समाप्त करने, डेटा सुरक्षा प्रोटोकॉल को मजबूत करने और एनटीए में सुधार करने के लिए उठाए गए कदमों की श्रृंखला में पहला कदम है। छात्र हित और उनका उज्ज्वल भविष्य हमेशा हमारी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी। शिक्षा मंत्रालय ने परीक्षाओं को पारदर्शी बनाने, सुचारु और निष्पक्ष संचालन सुनिश्चित करने के लिए सात विशेषज्ञों की एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया है। यह समिति दो महीने के भीतर मंत्रालय को अपनी रिपोर्ट सौंपेगी। विशेषज्ञ पैनल के गठन का कदम राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) परीक्षा 2024 में कथित अनियमितताओं को लेकर उठे विवाद के बीच उठाया गया है। इसरो के पूर्व अध्यक्ष और आईआईटी कानपुर के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के अध्यक्ष डॉ. के. राधाकृष्णन सात विशेषज्ञों के पैनल का नेतृत्व करेंगे।

### नीट प्रश्न पत्र लीक मामले की जांच का दायरा बिहार से बाहर पहुंचा, कई लोगों की तलाश में जुटी पुलिस

**पटना।** बिहार में ईओयू ने नीट प्रश्नपत्र लीक मामले की जांच तेज कर दी है। परत दर परत हो रहे खुलासे के बाद जांच का दायरा राज्य के बाहर पहुंच चुका है। झारखंड और उत्तर प्रदेश से भी बिहार के गिरोह के तार जुड़ रहे हैं। जांच टीम झारखंड पहुंच भी चुकी है। पुलिस के मुताबिक, अब तक जांच के बाद नालंदा जिले के संजीव मुखिया उर्फ लूटन मुखिया का नाम भी सामने आया है। कहा जा रहा है कि उसने ही प्रश्न पत्र उपलब्ध कराया था और फिर परीक्षार्थियों को उसके उत्तर रटाये गए थे। पुलिस उसकी तलाश में कई जगहों पर छापेमारी कर रही है। संजीव का पुत्र डॉ शिव भी प्रश्न पत्र लीक मामले में फिलहाल जेल में है।

### मोदी सरकार 3.0 / 100 दिन में मिशन इंडिया एआई लांच की तैयारी

## सोशल मीडिया प्लेटफार्म के नियमों में आ सकती है सख्ती!

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्र में मोदी सरकार 3.0 काबिज होने के बाद मंत्रियों ने अपना कामकाज संभाल लिया है। सरकार में टेलीकॉम मंत्रालय ज्योतिरादित्य सिंधिया को मिला है। वहीं, इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय की जिम्मेदारी अश्विनी वैष्णव को मिली है। मंत्रियों ने कामकाज संभालने के बाद अब 100 दिन के एजेंडे पर काम करना शुरू कर दिया है।

टेलीकॉम विभाग अपने 100 दिनों के एजेंडे में प्राथमिकता के आधार पर स्पेक्ट्रम की सुचारू नीलामी सुनिश्चित करेगा। इसके अलावा टेलीकॉम एक्ट के नियमों जिसमें सैटेलाइट कम्युनिकेशन, कॉल और मैसेज इंटरसेप्शन और बायोमेट्रिक डाटा का स्टोरेज स्पष्ट होगा। टेलीकॉम विभाग के 100 दिनों के एजेंडे में टेलीकॉम नेटवर्क पर होने वाले फर्जीवाड़े को खत्म करना है। इसके लिए सरकार डाटा सेंटर, आईटी इंफ्रास्ट्रक्चर और सर्विलांस को मजबूत करेगी।



### उद्योग जगत से व्यापक परामर्श की प्रक्रिया जल्द शुरू

केंद्रीय आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा था कि डाटा सुरक्षा कानून के तहत नियमों का मसौदा तैयार करने का काम अंतिम चरण में है। उद्योग जगत से व्यापक परामर्श की प्रक्रिया जल्द शुरू होने वाली है। मंत्री ने जोर देकर कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल में भारत इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादन को दोगुना करने और नौकरियों के अवसर बढ़ाने की कोशिश करेगा। डिजिटल निजी डाटा संरक्षण (डीपीडीपी) अधिनियम को लागू करने की प्रक्रिया 'डिजाइन के द्वारा डिजिटल' के सिद्धांत पर आधारित होगी।

इसके अलावा डिजिटल सहमति को अनिवार्य करने की व्यापक व्यवस्था, ताकि बिना उपभोक्ता की मर्जी के कॉल, मैसेज उसके फोन तक नहीं जाएं।

इधर, आईटी मंत्रालय के 100 दिनों के एजेंडा के तहत 30000 करोड़ की इलेक्ट्रॉनिक्स कंपोनेंट स्कीम सब्सिडी को मंजूरी संभव है। सेमीकंडक्टर मिशन के तहत सभी तरह के सब्सिडी और अप्रूवल को तेजी से जारी करना मुख्य फोकस रहेगा। डिजिटल पर्सनल डाटा प्रोटेक्शन नियमों को जारी किया जाएगा। सोशल मीडिया नेटवर्क को और जिम्मेदार बनाने के लिए नए नियम बनाए जाएंगे। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में सरकार इंडिया एआई को लॉन्च करेगी। हाल ही में सरकार ने एआई मिशन की समीक्षा भी की थी।

### गुरुग्राम की एक फैक्ट्री में लगी भीषण आग, दो की मौत

**गुरुग्राम।** हरियाणा के गुरुग्राम के दौलताबाद औद्योगिक क्षेत्र में अग्नि सुरक्षा उपकरण निर्माण इकाई में शनिवार को भीषण आग लग गई जिसमें दो मजदूरों की मौत हो गई। इस हादसे में छह अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने ये जानकारी दी। गुरुग्राम अग्निशमन सेवा के अधिकारियों के अनुसार, अग लगने की सूचना सुबह 2.24 बजे मिली, जिसके बाद मौके पर दर्जनों दमकल गाड़ियों को भेजा गया। आग पर सुबह 10 बजे तक काबू पा लिया गया, लेकिन कूलिंग ऑपरेशन जारी रहा। अधिकारियों को संदेह है कि आग इमारत में शॉर्ट सर्किट या किसी गैस के रिसाव से लगी है।

## मिजोरम में एक जुलाई से तीन नए आपराधिक कानून लागू

एजेंसी

**आइजोल।** मिजोरम सरकार ने एक जुलाई से तीन नए प्रमुख आपराधिक कानूनों को लागू करने की घोषणा की है। इसके लिए पुलिसकर्मियों, चर्च के नेताओं, छात्रों और एनजीओ के पदाधिकारियों को प्रशिक्षण देने सहित कई कदम उठाए गए हैं। मिजोरम गृह विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि राज्य सरकार ने तीन नए आपराधिक कानूनों - भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम (बीएसए) को लागू करने के लिए कई कदम उठाए हैं। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने पहले घोषणा की थी कि औपनिवेशिक युग की भारतीय दंड संहिता (आईपीसी), आपराधिक प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम को एक जुलाई को निरस्त कर दिया जाएगा और उनकी जगह बीएनएस, बीएनएसएस और बीएसए को लागू किया जाएगा।

